चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 29 मार्च 2024
वर्ष 2, अंक 231, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रिटेन में सीसीटीवी से होगी मंदिरों की सुरक्षा 18

दीपिका पादुकोण का अजीब पोस्ट पढ़ परेशान हुए फैंस 17

## दिल का दौरा पड़ने से मुख्तार की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- गुरुवार शाम बैरक में अचानक हो गया था बेहोश

**अमृत विचार:** प्रदेश के कई जिलों में हत्या, लूट, अपहरण, रंगदारी जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर शाम दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। माफिया के मौत की खबर फैलते ही जिले भर के आलाधिकारी बांदा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। मुख्तार की मौत के बाद डीजीपी ने पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट की घोषणा की। जिसके बाद बांदा समेत पूरे प्रदेश में पुलिस बल ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया।

बताते चले कि पंजाब की रोपड़ जेल से मुख्तार अंसारी को सात अप्रैल 2021 को बांदा जेल शिफ्ट किया गया था। बांदा जेल सूत्रों के मुताबिक गुरुवार देर शाम मुख्तार अंसारी बैरक में बेहोश पाया गया। जेलकर्मियों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए जेल अस्पताल में भर्ती कराया । जहां हालत बिगड़ने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले गया। जहां कुछ देर इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

मेडिकल कॉलेज ने मीडिया बुलेटिन जारी करते हुए बताया कि मुख्तार को उल्टी व बेहोशी की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुख्तार के इलाज के लिए नौ डॉक्टरों की टीम लगाई गई थी, लेकिन कार्डिया अरेस्ट के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बांदा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल समेत जिले भर का फोर्स मौके पर पहुंचा। माफिया की मौत के बाद अस्पताल, माफिया के आवास समेत जिले भर में भारी पुलिस बल की तैनाती की।

## सपा ने जारी किए स्टार प्रचारकों के नाम

**लखनऊ।** सपा ने लोस. चुनाव में पहले चरण के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, जया बच्चन, डिंपल यादव, रामगोपाल यादव समेत 18 पार्टी नेताओं के नाम हैं। दिलचस्प यह है कि जेल में कैद आजम खां का नाम भी इस सूची में दर्ज है। अन्य स्टार प्रचारकों में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, सांसद जावेद अली, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, सांसद रामजी लाल सुमन, राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी, इंद्रजीत सरोज, रमेश प्रजापति, ओमप्रकाश सिंह, राजपाल कश्यप, रामअसारे विश्वकर्मा, महबूब अली, शाहिद मंजूर शामिल है।

## मुरादाबाद से हसन व रामपुर में आसिम समेत 71 नामांकन रद

### रुचि वीरा व मोहिबुल्लाह चुनाव मैदान में, पहले चरण में कुल 84 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 मार्च को प्रत्याशी वापस ले सकेंगे नाम

**अमृत विचार:** उप्र. में पहले चरण में कुल 84 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। गुरुवार को नामांकन पत्रों की जांच में 71 नामांकन खारिज हो गए। मुरादाबाद सीट से सपा की ओर से नामांकन कराने वाले वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का नामांकन निरस्त कर दिया गया है। उनकी जगह रुचि वीरा को अधिकृत प्रत्याशी मानते हुए पर्चा सही माना गया है। मुरादाबाद सीट के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। पांच नामांकन खारिज हो गये हैं और बाकी 13 नामांकन पत्र वैध पाये गये।

सीतापुर जेल में बंद आजम खां के करीबी और रामपुर नगर अध्यक्ष आसिम राजा सहित 12 प्रत्याशियों का नामांकन पत्रों को त्रुटियां मिलने के बाद खारिज कर दिया है। अब चुनावी दंगल में भाजपा से सांसद घनश्याम सिंह लोधी,बसपा से जीशान खां और सपा से मोहिबुल्लाह नदवी समेत छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

### आठ सीटों पर पहले चरण में होंगे

**चुनाव:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण की आठ सीटों में पीलीभीत सीट के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में छह नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 10 नामांकन पत्र वैध पाये गये। सहारनपुर लोकसभा सीट के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिसमें नामांकन पत्रों की जांच में एक नामांकन अस्वीकृत हुआ और बाकी 12 नामांकन पत्र वैध पाये गये। कैराना सीट के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जांच में दो नामांकन अस्वीकृत हुए। मुजफ्फरनगर सीट पर 38 में से 27 नामांकन अस्वीकृत हुए और बाकी 11 नामांकन पत्र वैध पाये गये। बिजनौर सीट पर 23 में से 12 नामांकन अस्वीकृत हुए। नगीना (अजा) सीट के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। छह नामांकन अस्वीकृत हुए और छह नामांकन पत्र वैध पाये गये।

## केजरीवाल को राहत नहीं, ईडी की हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ी

### ईडी के अनुरोध और केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश किया पारित

- ईडी ने छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर कोर्ट में किया पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

सीएम केजरीवाल को कोर्ट ले जाते ईडी के अधिकारी। ● एजेंसी

दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी की हिरासत गुरुवार को चार दिन बढ़ाते हुए एक अप्रैल कर दी गई। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने ईडी के अनुरोध और केजरीवाल का पक्ष सुनने के बाद ये आदेश पारित किया।

ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल पर पूछताछ में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते हुए अदालत के समक्ष सात दिनों की अतिरिक्त हिरासत की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि कुछ अन्य लोगों के सामने केजरीवाल से पूछताछ होनी है। केजरीवाल ने इसका विरोध नहीं किया और कहा कि ईडी उन्हें जब तक हिरासत में रखना चाहे, वह रहने को तैयार हैं। ईडी के आदेश पर छह दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने पर जांच एजेंसी ने गुरुवार को फिर उन्हें विशेष अदालत में पेश किया। मुख्यमंत्री ने विशेष अदालत के समक्ष खुद अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ईडी के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उसका मकसद उन्हें फंसाना है। केजरीवाल ने अदालत से पहले मीडिया से कहा कि यह एक राजनीतिक साजिश है। जनता इसका जवाब देगी। केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद अपना पक्ष रखना चाहते हैं। अदालत ने इसकी अनुमति दी। कई बार बुलाने के बाद ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कर 22 मार्च को विशेष अदालत में पेश किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के अलावा ईडी की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद जांच एजेंसी को नोटिस जारी करके दो अप्रैल तक जबाव देने का निर्देश दिया था। अगली सुनवाई तीन अप्रैल को होगी।

### केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका खारिज

दिल्ली हाईकोर्ट ने धनशोधन मामले में फंसे केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने की मांग वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने सुजीत सिंह यादव की याचिका ठुकराते हुए कहा कि जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

### केजरीवाल ने कहा- जांच का सामना करने को तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरविंद केजरीवाल ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि देश में आप के भ्रष्ट होने की झूठी तस्वीर पेश की जा रही है। ईडी ने कहा कि केजरीवाल जवाब देने में टालमटोल कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि मामले में चार गवाहों ने मेरा नाम लिया है। क्या किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए चार बयान पर्याप्त हैं? वह ईडी की जांच का सामना करने को तैयार हैं।

### एक नजर

#### मोइत्रा ईडी के सामने पेश नहीं हुईं, प्रचार में व्यस्त

**कोलकाता।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ईडी के समन को नजरअंदाज करते हुए गुरुवार को कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में व्यस्त रहीं। ईडी ने मोइत्रा को दिल्ली कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए मोइत्रा और दुबई में रह रहे व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी किया था।

## न्यायपालिका पर दबाव डालने वाले लोगों के खिलाफ सीजेआई को लिखा पत्र

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा - दूसरों को डराना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति

नई दिल्ली, एजेंसी

- 140 करोड़ भारतीयों ने ठुकराया

वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा समेत कुछ अन्य वकीलों की ओर से प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने के प्रयास के आरोप लगाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और दावा किया कि 'दूसरों' को धमकाना और धौंस दिखाना विपक्षी पार्टी की 'पुरानी संस्कृति' है।

प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि एक 'निहित स्वार्थी समूह बेकार के तर्कों और घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडा' के आधार पर न्यायपालिका पर दबाव डालने और अदालतों को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। इस पत्र की प्रति के साथ 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट को टैग करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, दूसरों को धमकाना और धौंस दिखाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। पांच दशक पहले ही उसने एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका का आह्वान किया था। वे बेशर्मी से अपने स्वार्थी हितों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से दूर रहते हैं। उन्होंने दावा किया, कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें खारिज कर रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों द्वारा साझा किए पत्र में बिना नाम लिए वकीलों के एक वर्ग पर निशाना साधा गया है और आरोप लगाया गया है कि वे दिन में राजनेताओं का बचाव करते हैं और फिर रात में मीडिया के माध्यम से न्यायाधीशों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। पत्र में कहा गया है कि यह समूह अदालतों के कथित बेहतर अतीत और सुनहरे दौर की झूठी कहानियां बनाता है और इसकी तुलना वर्तमान में होने वाली घटनाओं से करता है। पत्र में दावा किया गया है कि उनकी टिप्पणियों का उद्देश्य अदालतों को प्रभावित करना और राजनीतिक लाभ के लिए उन्हें असहज करना है। 'न्यायपालिका पर खतराः राजनीतिक और पेशेवर दबाव से न्यायपालिका को बचाना' शीर्षक वाले पत्र को लिखने वाले करीब 600 अधिवक्ताओं में आदिश अग्रवाल, चेतन मित्तल, पिंकी आनंद, हितेश जैन, उज्ज्वला पवार, उदय होला और स्वरूपमा चतुर्वेदी के नाम शामिल हैं। यूं तो वकीलों ने पत्र में किसी विशिष्ट मामले का उल्लेख नहीं किया है, लेकिन यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब अदालतें विपक्षी नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के कई बड़े आपराधिक मामलों से निपट रही हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर अपने राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उनके नेताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस आरोप का खंडन किया है।

## नानकमत्ता के डेरा सेवा प्रमुख की हत्या

संवाददाता,नानकमत्ता/खटीमा

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरु नानकमता साहिब के डेरा सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। डेरा में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है। घटना के बाद नेपाल सीमा सहित क्षेत्रों में चेकिंग की जा रही है। एसओजी समेत कई टीमें बदमाशों की खोज में जुटी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बाबा को श्रद्धांजलि दी।

पुलिस के अनुसार नानकमत्ता डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह (60) के पास सुबह सवा छह बजे दो व्यक्ति बाइक से आए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने गोली मारी, जिसके बाद बाबा ने भागने की कोशिश की, तभी बाइक सामने लाकर दूसरी गोली मार दी और भाग गए। डेरा में मौजूद लोग बाबा को खटीमा के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ देर बाद बाबा की मौत हो गई। जानकारी पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एडीएम पंकज उपाध्याय, सीओ बीएस चौहान मौके पर पहुंचे।

## यूपी में सात रुपये बढ़कर 237 हुई मनरेगा मजदूरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में मनरेगा मजदूरी बढ़ाई है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश में सात रुपये की बढ़ोतरी हुई है। यहां के श्रमिकों को 1 अप्रैल से प्रतिदिन काम करने पर 237 रुपये मिलेंगे।उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के जॉब कार्ड श्रमिकों को गांवों में कच्चे-पक्के काम करने पर अब 237 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। बुधवार को केंद्र सरकार ने प्रदेश में सात रुपये की बढ़ोतरी की है। यह बढ़े रुपये 1 अप्रैल से लागू होंगे। जबकि अभीतक 230 रुपये मिलते प्रतिदिन मिलते हैं। हर वर्ष मार्च अंत में बढ़ोतरी की जाती है। इसी क्रम में पिछले वर्षों में 217, 213, 204 व 201 रुपये मिलते थे। वहीं, उत्तराखंड में 237, मध्य प्रदेश में 243, पंजाब 322, राजस्थान 266, आंध प्रदेश में 300, अरुणाचल प्रदेश 234, असम 249, बिहार 245, छत्तीसगढ़ 243, गोवा, 356, गुजरात 280, हरियाणा 374, जम्मू कश्मीर 259 में रुपये मिलेंगे

## मां की गोद से छीन कर बच्चे को सड़क पर फेंकने से हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

- युवकों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो महिला को पीटा, दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार:** बघौली थाने के चनोखर में नशे में धुत युवकों को तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो महिला की पिटाई की। वहीं, उसके चार वर्षीय बच्चे को गोद से छीन कर सड़क पर फेंक दिया। सिर में चोट लगने से बच्चे की मौत हो गई। वहीं पुलिस का कहना है बच्चा बीमार था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

जानकारी के अनुसार बघौली थाने के चनोखर निवासी अखिलेश पंजाब में रह कर वहां मजदूरी करता है। उसकी पत्नी सोनी चार वर्षीय इकलौते बेटे शिवांश और तीन बेटियों के साथ गांव में रह रही है। सोनी ने बताया कि बुधवार शाम को गांव के कुछ युवक नशे की हालत में बीच गांव में सड़क पर बाइक दौड़ा रहे थे। इस पर मैंने किसी हादसे के डर से उन्हें ऐसा करने से रोका तो युवक मुझसे ही झगड़ा करने लगे। विरोध करने पर पीटा और फिर गोद से इकलौते बेटे शिवांश को छीन कर आरसीसी सड़क पर फेंक दिया। सिर में गहरी चोट लगने से शिवांश बेहोश हो गया। गुरुवार की सुबह घर वाले उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ला रहे थे, उसी बीच उसकी मौत हो गई। शिवांश के चाचा विमलेश ने पुलिस को गांव के गुड्डू, प्रदीप और प्रमोद के नाम तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि गांव वालों के अनुसार बच्चा बीमार रहता था। सिर में चोट की बात उचित नहीं है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही लखनऊ की युवती ने जान दी

कोटा, एजेंसी

- लोगों ने दरवाजा तोड़कर निकाला कोचिंग छात्रा का शव

कोटा में एक और कोचिंग छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस वर्ष कोटा में कोचिंग छात्र के आत्महत्या का ये आठवां मामला है।

लखनऊ की रहने वाली सौम्या कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। सौम्या महावीर नगर तृतीय इलाके के एक मकान में पेइंग गेस्ट के रूप में रह रही थी। उसे आखिरी बार होली के दिन देखा गया था। उसके बाद से वह घर से बाहर नहीं निकली थी। सौम्या के कोटा में ही रहने वाले एक दोस्त ने बुधवार को उसे फोन किया तो उसने नहीं उठाया। उसके कई बार फोन करने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो चिंतित होकर दोस्त वह बुधवार शाम उसके मकान पहुंचा। बार-बार खटखटाने पर भी सौम्या ने दरवाजा नहीं खोला तो अन्य लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो छात्रा सौम्या फांसी के फंदे से लटकी मिली। पुलिस की सूचना पर सौम्या के परिजन कोटा पहुंचे। उनकी मौजूदगी में गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

## टक्कर से दो ट्रकों में आग, चालक जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात हादसा

**अमृत विचार:** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात करीब साढ़े बारह बजे दो ट्रकों में आमने-सामने टक्कर होने के बाद आग लग गई। दुर्घटना के बाद दोनों ट्रकों में फंसे दोनों चालक जिंदा जल गए। पुलिस ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन विफल रही। बाद में दमकल टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दोनों चालकों के जले हुए शव ट्रक से बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजे गए।

जनपद उन्नाव के थाना सहारामऊ क्षेत्र के भैंसोरा गांव निवासी विपिन मौर्या (35) पत्थर मंडी कबरई से ट्रक में गिट्टी भरकर कानपुर की तरफ जा रहा था। कानपुर निवासी राजकुमार पाल (32) ट्रक में गिट्टी लेने के लिए कबरई जा रहा था। खन्ना टोल प्लाजा के 500 मीटर आगे दोनों ट्रक हाईवे पर आमने-सामने टकरा गए। दुर्घटना के बाद दोनों ट्रकों में आग लग गई और दोनों ट्रकों के चालकों की केबिन के अंदर जलकर मौत हो गई। पुलिस, यातायात पुलिस, एएसपी, सीओ भारी फोर्स के साथ पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन लपटें काबू में नहीं आईं। बाद में दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग बुझाया। आग बुझने के बाद कटर से काटकर दोनों ट्रक चालकों के शवों को बाहर निकाला गया। इस दौरान लंबा जाम लग गया। पुलिस ने रात में ही क्रेन बुलाकर दोनों जले ट्रकों को हाईवे से हटवाकर किनारे किया तब जाकर जाम खुल सका। पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता ने बताया कि दोनों चालकों की जलकर मौत हो गई।

**उपलब्धि** जीबी पंत कृषि विवि के वैज्ञानिक ने इजाद किया विशिष्ट बाइंडर और सॉलिड वेस्ट मोल्डर, पेटेंट भी दाखिल

## पर्यावरण के लिए चुनौती 'पराली' अब बनेगी घरों की रौनक

एक्सक्लूसिव

मृगांक मौली, पंतनगर

पंत इंडस्ट्रियल सॉलिड वेस्ट मोल्डर।

डॉ .एमजीएच जैदी व शोधार्थी मीनाक्षी पांडे।

**अमृत विचार:** किसानों और पर्यावरण के लिए मुसीबत बनी पराली अब घरों की रौनक बढ़ाएगी। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के वैज्ञानिक डॉ. एमजीएच जैदी ने विशिष्ट प्रकार का बाइंडर बनाया है, जिसके पराली और बाइंडर (80:20) मिश्रण को पराली या अन्य फसल अवशेष में मिलाकर पार्टिकल बोर्ड बनाए जा सकते हैं। इससे प्रदूषण पर तो अंकुश लगेगा ही, किसानों को पराली से आय सहित घरों में प्रयोग होने वाले फर्नीचर भी बनाए जा सकेंगे। इस तकनीक को पेटेंट के लिए फाईल किया जा चुका है।

खेती में 70 प्रतिशत से अधिक कृषि अवशेष उत्पादित होते हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण पराली होता है जो किसानों के लिए समस्या बना है। इसको देखते हुए विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. एमजीएच जैदी व सह प्राध्यापक डॉ. समीना महताब के निर्देशन में शोधार्थी मीनाक्षी पांडे व शुभम शर्मा ने नई तकनीक विकसित की है। इस तकनीक में वैज्ञानिकों ने पराली व अन्य फसल अवशेषों से पार्टिकल बोर्ड बनाए हैं। साथ ही बोर्ड बनाने के लिए एक यंत्र भी विकसित किया है, जिसको पंत इंडस्ट्रियल सॉलिड वेस्ट मोल्डर नाम दिया है। स्क्रैप से बहुत कम कीमत और समय में बने इस यंत्र की लागत लगभग 20 हजार रुपये है।

**यह है तकनीक :** पराली में वैक्स की मात्रा अधिक होती है, इसलिए उसे पार्टिकल बोर्ड में तब्दील करने में कठिनाई होती है। जब हार्ड प्रेस किया जाता है, तब वैक्स बाहर निकलता है और पार्टिकल बोर्ड में कोई मजबूती नहीं रह जाती है। डी वैक्स पराली हो या अन्य फसल अवशेष, उनमें 10 से 25 प्रतिशत बाइंडर मिलाकर पार्टिकल बोर्ड व कंपोजिट तैयार किए गए।

**ये होंगे लाभ :** देश में यदि इस प्रकार की तकनीकों को गांवों में पहुंचा कर यंत्र उपलब्ध कराए जाएं, तो युवा घरों में ही फसल अवशेषों से पार्टिकल बोर्ड व स्ट्रक्चरल कंपोजिट बनाकर आय का जरिया बना सकते हैं। ऐसी तकनीकें ईजाद कर रहे शोधार्थियों को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। जिसमें युवाओं के लिए भी रोजगार सृजन हो सकेगा।

## एक नजर

### छात्रावास के खिलाड़ी शिविर में बहा रहे हैं पसीना

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में हैंडबॉल, कुश्ती व फुटबॉल खेल छात्रावास के खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। इसमें 67 बालक व बालिका

खिलाड़ियों को प्रशिक्षक तराशने में जुटे है। हैंडबॉल खेल छात्रावास की 20 बालिका खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा तराशने का जिम्मा प्रशिक्षक मो. इरफान ने उठा रखा है। कुश्ती छात्रावास की 20 खिलाड़ियों को प्रशिक्षक विवेक कुमार खेल के गुर सिखा रहे है। फुटबॉल छात्रावास के 27 बालक खिलाड़ियों को प्रशिक्षक शकील अहमद उनकी स्किल डेवलपमेंट के साथ खेल प्रतिभा में निखार लाने में जुटे है। सुबह व शाम होने वाले प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी 100 मीटर व 800 मीटर दौड़, मेडिसिन बॉल थ्रो, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप के साथ अपनी प्रैक्टिस शुरू करते है। आरएसओ चंचल मिश्रा प्रतिदिन निरीक्षण कर टिप्स भी देती हैं।

# छह साल से राजस्व के भूलेख से गायब हैं दो गांव

## मया के मांझा काजीपुर व रामपुर पुआरी घोषित हैं चिराग रहित गांव, 2008 की चकबंदी में हुआ था विवाद

राम सुरेश दुबे, पूराबाजार, अयोध्या

**सात हजार लोग झेल रहे हैं दंश, अब मतदान के बहिष्कार पर अड़े**

रामपुर पुआरी माझा गांव।

काजीपुर माझा गांव। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के मया विकास खंड की दो बड़ी ग्राम पंचायतें करीब छह साल से राजस्व विभाग के भूलेख से गायब हैं। दोनों पंचायतों को राजस्व विभाग की भाषा में चिराग रहित पंचायत घोषित कर दिया गया है। यहां के सात हजार से अधिक लोग तमाम योजनाओं से भी वंचित है। लंबे समय से भूलेख में अपनी पंचायत की मौजूदगी की मांग कर रहे लोगों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का भी मन बना लिया हैं।

ग्राम पंचायत मांझा काजीपुर व माझा रामपुर पुवारी के ग्रामीणों का कहना है कि खसरा-खतौनी ऑनलाइन नहीं निकलने से हम न अपनी जमीन बेच सकते हैं और न ही खरीद सकते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक 2008 में चकबंदी के समय में कानून व प्रधान के बीच कहासुनी होने के कारण पूरे गांव को कानूनगो के कोप भाजन का शिकार होना पडा है। कई सरकारी सुविधाओं को भी रोक दिया गया है। सीमा विवाद में उलझे काजीपुर माझा ग्राम पंचायत को न अयोध्या में न ही बस्ती में रखा गया है। ग्राम पंचायत की खतौनी भी नहीं निकलती है। जबकि इनके पास 2018 तक की खतौनी और 2021 तक के लगान की रसीद भी है।

### 3271 बीघा बस्ती में चल गई जमीन

ग्राम प्रधान धर्मेश चौहान ने बताया कि 3271 बीघा जमीन बस्ती में चली गई है। शेष 480 बीघा जमीन बची है। इस गांव में कोरी, चौहान, बेलदार, धोबी आदि लोग निवास करते हैं। बताया यह लड़ाई 2008 से लड़ते चले आ रहे हैं। जिसकी कोई सुनवाई आज तक कहीं भी नहीं हुई।

### दोनों पंचायतों के लोग बोले- वोटर लिस्ट में नाम है, भूलेख से गायब

काजीपुर मांझा में करीब 1300 मतदाता हैं। लोगों का कहना है कि जब भूलेख से गांव का अस्तित्व ही गायब है तो मतदान करने से क्या फायदा। राम पलट चौहान, जियालाल, सीताराम, दीनानाथ पंचम, धनई, दयनाथ, राम अछैवर कहते हैं कि गजब का हाल है। वोटर लिस्ट में नाम है और भूलेख से गायब। रामपुर पुजारी माझा के प्रधान रमेश निषाद बताते हैं कि 2018 से गांव का नाम भूलेख से गायब है। 1200 मतदाताओं वाले इस गांव के लोग लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। बुधीराम, विजयपाल, लक्ष्मीराम, पुनवासी, महेश, रामकरन, रामजग आदि कहते हैं कि 2018 से गांव का नाम राजस्व भूलेख से गायब है।

> मैंने दो महीने पहले गांव का चार्ज लिया है। जानकारी होने पर इस मामले में स्वयं खोजबीन कर रहा हूं कि आखिर भूलेख से दोनों गांवों का नाम कैसे और क्यों गायब हुए। रिपोर्ट तहसील प्रशासन को दूंगा। – दीपक कुमार, लेखपाल

> रामपुर पुआरी मांझा और काजीपुर मांझा में सर्वे का काम चल रहा। भूलेख में त्रुटियां संज्ञान में हैं, जिनका शीघ्र ही सुधार कर लिया जाएगा। –रामेश्वर प्रसाद, तहसीलदार सदर

> दो महीने पहले चार्ज लिया है। अभी तक जानकारी नहीं थी। अब जानकारी हुई है। इस विषय पर गंभीरता से जांच कर कार्रवाई की जाएगी। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। –अनुराग सिंह, खंड विकास अधिकारी, मया बाजार

## नकदी की जब्ती पर फैसला लेगी जिले की समिति

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर सीडीओ की अध्यक्षता में जिला शिकायत समिति का गठन कर दिया गया। यह समिति चुनाव के दौरान नकद पैसे की जब्ती पर फैसला लेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने सीडीओ ऋषिराज की अध्यक्षता में समिति गठित की है। इसमें एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह संयोजक सदस्य और मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह सदस्य हैं। बताया कि समिति पुलिस, एसएसटी या एफएसटी से की गई जब्ती के प्रत्येक मामले की स्वतः जांच करेगी। जहां समिति को मिलेगा कि जब्ती के लिए कोई एफआईआर/शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां पर जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनैतिक दल या निर्वाचन अभियान आदि से सम्बद्ध नहीं है तो समिति अपने आदेश के जरिए नकदी आदि को उस व्यक्ति को अवमुक्त किए जाने की कार्रवाई करेगी। जिससे यह नकदी जब्त की गई है। धनराशि 10 लाख रूपये से अधिक होगी तो धनराशि अवमुक्त करने से पहले आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को भी सूचित किया जाएगा। समिति की बैठक रोज शाम चार बजे सीडीओ के कार्यालय कक्ष में होगी। समिति संयोजक एडीएम वित्त एवं राजस्व के मोबाइल नंबर 9454417612 पर भी जब्ती से संबंधित शिकायत दर्ज की जा सकेगी। यह जानकारी सीटीओ / नोडल अधिकारी (निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ) ममता सिंह ने दी।

# फंदे से लटका मिला टैंकर चालक का शव

मिल्कीपुर, अयोध्या

मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** इनायत नगर थाने के कुचेरा बाजार क्षेत्र हॉट मिक्स प्लांट के आवासीय परिसर में एक टैंकर चालक का अपने पड़ोसी चालक के कमरे में फंदे से लटका शव मिला है। मृतक देवरिया जिले का निवासी था।

अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण से जुडी कार्यदायी संस्था पीएनसी ने कुचेरा बाजार में हॉट मिक्स प्लांट बना रखा है। प्लांट परिसर में ही कर्मियों के निवास के लिए आवासीय कमरे हैं। आवासीय भवन के ब्लॉक डी में टैंकर चालक राम हरख राजभर (45) पुत्र पूर्णमासी निवासी हरकौली पोस्ट शिवपुर थाना बलवानी जनपद देवरिया निवास करता था। उसके बगल स्थित कमरे में इसी कंपनी का डंपर चालक बबलू यादव निवासी बेगूसराय बिहार रहता था। बबलू यादव का कहना है कि गुरुवार को रामहरख उनके कमरे पर आया और उनके कमरे में ही रुक गया। वह भोजन लेने जा रहा था तो रामहरख ने अपना टिफिन भी दे दिया। उसने दोनों टिफिन में भोजन भरवाया और कमरे पर रामहरख को टिफिन देकर ड्यूटी पर चला गया। ड्यूटी से रात लगभग 12 बजे वह अपने रूम पर पहुंचा तो देखा कि राम हरख टिन शेड में लगे लोहे की पाइप के सहारे रस्सी के फंदे से लटका हुआ है। मामले की जानकारी कंपनी के अधिकारियों को दी। सीनियर इंजीनियर रघुनाथ पांडेय मौके पर पहुंचे और इनायत नगर पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना पुलिस के साथ सीओ मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच जाँच-पड़ताल की और फोरेंसिक टीम से जाँच कराई।

प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। पुलिस को रिपोर्ट का इंतजार है।

## टीबी मुक्त भारत का सपना करें साकार

**अयोध्या कार्यालय : अमृत विचार:** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने टीबी के बैक्टीरिया माइको बैक्टीरिएम ट्यूबरकुलोसिस की खोज करने वाले वैज्ञानिक राबर्ट काक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य ने सामूहिक प्रयास से टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने का आह्वान किया। डॉ. संदीप शुक्ला ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में जनपद स्तर पर टीबी रोगियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मेडिकल कॉलेज के एसआर, जेआर व इंटर्न के लिए क्षय रोग पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। नोडल डी आर टीबी सेंटर डॉ. एस के वर्मा, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, उमेश, रत्नेश राठौर, प्रेम कुमार, रामनीश, अनन्त सिंह, अनिल कुमार, प्रदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बाप-बेटे समेत चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

सोहावल, अयोध्या

**युवक का शव मिलने का मामला रोड जाम कर हुआ था प्रदर्शन**

**अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव निवासी दलित युवक सुनील की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में पुलिस ने गुरुवार को बाप-बेटे समेत चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। यह रिपोर्ट मृतक युवक की पत्नी की तहरीर पर दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव निवासी दलित युवक सुनील कुमार का शव मंगलवार को मोइया कपूरपुर गांव स्थित एक मकान के पास पाया गया था। हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाते हुए परिजनों तथा क्षेत्रीय लोगों ने मसौधा-सोहावल तहसील मार्ग जाम कर घंटों प्रदर्शन किया था। उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक सैनी व सीओ सदर संजीव कुमार सिंह ने निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार की हर संभव मदद का आश्वासन देकर आक्रोश शांत कराया था। इसके बाद बुधवार को शव का डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया था। अंतिम संस्कार के बाद मृतक की पत्नी ऊषा देवी की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। आरोप है कि थाना क्षेत्र के ही तिवारी पुरवा निवासी दीना नाथ तिवारी, इनके पुत्र सोमू, राहुल व गोंडा निवासी एक अज्ञात व्यक्ति ने लोहे की रॉड से हमला कर पति सुनील को मौत के घाट उतार दिया।

थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने बताया मृतक के पत्नी की तहरीर पर बाप-बेटे समेत तीन को नामजद करते हुए कुल चार लोगों के खिलाफ हत्या और धमकी तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले के सभी पहलुओं की जांच-पड़ताल कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप

रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसडीएम।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी ध्रुव खड़िया ने गुरुवार को तहसील परिसर से मतदाता जागरुकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि रैली बीकापुर कस्बा बाजार सहित आसपास के बाजारों और गांव में जाकर मतदाताओं को जागरुक करते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करेगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार रामखेलावन, एडीओ आईएसबी बद्री प्रसाद पांडेय, ग्राम विकास अधिकारी शुभम शुक्ला, पेशकार कमल नयन सिंह के अलावा विधिक सेवा प्राधिकरण के वालंटियर हरिओम वर्मा, अश्वनी तिवारी मौजूद रहे।

### अधिवक्ता 30 अप्रैल को करेंगे रामलला के दर्शन

**अयोध्या। अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ता 30 अप्रैल को रामलला का दर्शन करेंगे। अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने गुरुवार को बताया कि जिलाधिकारी नीतीश कुमार से बार एसोसिएशन के सदस्यों को रामलला का दर्शन करवाने की मांग की थी। अधिवक्ताओं की सूची तैयार कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपी जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट अधिवक्ताओं को अयोध्या पहुंचने के लिए वाहन की व्यवस्था करेंगे। शनिवार को दिन में 11:00 बजे अधिवक्ता कचहरी से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे और दर्शन करने के बाद वापस आएंगे।

### कचहरी में एक से शुरू हो जाएगा पोस्ट आफिस

अयोध्या, अमृत विचार : बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के अथक प्रयास से कचहरी में पोस्ट ऑफिस खुलने का रास्ता साफ हो गया है। पोस्टल विभाग के अधिकारियों से हुई वार्ता के बाद सोमवार को कचहरी प्रांगण में पोस्ट ऑफिस की शुरुआत हो जाएगी। अध्यक्ष पारसनाथ पांडे ने बताया कि कचहरी में पोस्ट ऑफिस न होने की वजह से तमाम परेशानियां थी। वार्ता के क्रम में विभाग ने कचहरी में पोस्ट ऑफिस की शाखा खोलने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत एक अप्रैल 2024 से हो जाएगी।

### 30 महिलाओं को केला रेशा उत्पादन का दिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण का निरीक्षण करते नाबार्ड डीडीएम। अमृत विचार

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के अमानीगंज ब्लॉक के मोहली गांव के एक विद्यालय में गुरुवार को नाबार्ड के सहयोग से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डीडीएम नाबार्ड कमलेश यादव ने गुरुवार को इसका निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचने के लिए केले के कपड़े पहने जा सकते हैं। कहा कि केला में विटामिन बी छह पाया जाता है। कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि केला रेशा से बना कपड़ा आरामदायक, एंटी एलर्जिक, ऊष्मा अवरोधी होने की वजह से गर्मियों में बहुत ठंडक प्रदान करता है।प्रशिक्षण में रुचि रावत, संगीता मौर्य, अनीता मौर्य, किरन, साबरमती, चंद्रिका देवी आदि उपस्थित रहीं।

### बैंक प्रबंधक के आवास के सामने से कार चोरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में वाहन चोरों ने देवकाली क्षेत्र से एक बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक की कार पार कर दी। पंजाब नेशनल बैंक के रीडगंज स्थित मंडलीय कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर तैनात यादवेंद्र सिंह किराये का आवास लेकर देवकाली क्षेत्र स्थित शक्ति नगर कॉलोनी में निवास करते हैं। वरिष्ठ प्रबंधक का कहना है कि रोज की तरह उन्होंने अपनी अल्टो कार यूपी 32 बीजे 7725 मकान मालिक संजय कपूर के घर के सामने खड़ी थी। गुरूवार सुबह सोकर उठा तो देखा कि कार मौके से गायब है। इधर-उधर तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि छानबीन कराई जा रही है।

### दुकान के ताले की कुंडी काट नकदी चोरी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नगर कोतवाली के रिकाबगंज क्षेत्र स्थित बलदेव प्लाजा की एक आयुर्वेदिक दुकान के शटर के ताले की कुण्डी काटकर चोर ने गल्ले में रखे 40 हजार रूपये पार कर दिए। सुबह कारोबारी नयाघाट निवासी शुभम गुप्ता दुकान आरएच आयुर्वेदिक खोलने के लिए मौके पर पहुंचे तो वारदात की जानकारी हुई। पुलिस ने जाँच पड़ताल की है और सीसीटीवी फुटेज को खंगाला है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात और तलाश कराई जा रही है। जल्द मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

### धोखाधड़ी कर 75 हजार ठगी के मामले में दो गिरफ्तार

**अयोध्या। अमृत विचार :** जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर एक क्रेडिट कार्ड धारक से 75 हजार ठगी में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने बताया कि लाइफ टाइम फ्री क्रेडिट कार्ड बनवाने का झांसा देकर ग्राहकों की डिटेल में बदलाव और छेड़छाड़ कर उनके क्रेडिट कार्ड में मौजूद रकम पार करने वाले हैदरगंज थाना क्षेत्र के गांव चौहान का पुरवा मऊ निवासी अंकित मिश्रा और अमित मिश्रा को बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट से गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह का एक मामला थाने में 28 मार्च को दर्ज कराया गया था।

# खिलाड़ियों ने जीते छह गोल्ड सहित आठ मेडल

अयोध्या शूटिंग टीम के पदक विजेताओं को सम्मानित करते सीओ यातायात डॉ. राजेश तिवारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रयागराज में हुई ऑल इंडिया ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में अयोध्या टीम के खिलाड़ियों ने विभिन्न कैटेगरी में छह गोल्ड मेडल सहित आठ मेडल जीत कर जिले का गौरव बढ़ाया है। टीम के वापस लौटने पर गुरुवार को क्षेत्राधिकारी यातायात अयोध्या डॉ. राजेश तिवारी ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों ने इसका श्रेय मंडल शूटिंग कोच शनि वर्मा को देते हुए कहा कि यह सब प्रभु श्रीराम की कृपा है। भवदीय ग्रुप के प्रबंधक डॉ. अवधेश वर्मा व डॉ. रेनू वर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भवदीय स्कूल स्थित अयोध्या शूटिंग रेंज के कोच शनि ने बताया कि चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों के लगभग 1500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अयोध्या शूटिंग रेंज टीम का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। टीम के खिलाड़ियों ने 10 मीटर एयर पिस्टल व एयर राइफल स्पर्धा के अलग-अलग कैटेगरी में प्रतिभाग किया। एयर पिस्टल में गोल्ड मेडल जीतने वालों में एडी बेसिक रामसागर पति त्रिपाठी, क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र मणि त्रिपाठी, अजय कुमार सिंह, सपना व नंदिनी और राइफल में डॉ. डीआर भुवन शामिल है। एयर पिस्टल में प्रखर ने सिल्वर व शिखर ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## स्थगनादेश का अनुपालन कराएं थानाध्यक्ष तारुन

**अयोध्या, अमृत विचार :** स्थगनादेश के बावजूद मौके पर निर्माण किए जाने को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने थानाध्यक्ष तारुन को आदेश का अनुपालन करवाकर आख्या 30 अप्रैल तक कोर्ट को प्रेषित करने का आदेश दिया है। यह आदेश सिविल जज जूनियर डिवीजन हवेली अभिषिक्ता यादव की अदालत से गुरुवार को हुआ। अधिवक्ता अनंत राम ने बताया कि तहसील बीकापुर के घूरी टीकर धर्मपुर निवासी अरुण कुमार ने अदालत में आबादी की जमीन के बंटवारे के लिए मुकदमा दायर किया था। जिसमें उन्होंने फुलकला, राजेंद्र कुमार को प्रतिवादी बनाया था। कोर्ट ने सुनवाई के बाद 11 अप्रैल 2023 को विवादित जमीन पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया था। आरोप है कि इस आदेश के बावजूद विपक्षी फुल कला और राजेंद्र कुमार मौके पर निर्माण कर रहे हैं। एक कमरा बना भी लिया है।स्टे आदेश का हवाला देने पर विपक्षी आमादा फौजदारी हो गए। तब अरुण कुमार ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। अर्जी पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने थानाध्यक्ष तारुन को 11 अप्रैल 2023 को हुए आदेश का अनुपालन करवाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने अनुपालन आख्या 30 अप्रैल तक न्यायालय में दाखिल करने को भी कहा है।

**विभागों में मार्च क्लोजिंग की तैयारी**

# कोषागार में पहुंच रहे विभागों के बिल, अब आंकड़ों का खेल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वित्तीय साल 2023-24 की समाप्ति के लिए कार्रवाई इस साल पहले से ही शुरू कर दी गई। वित्तीय साल में दो दिन शेष रह गए है। मार्च क्लोजिंग को लेकर विभाग अपने बिल कोषागार में जमा करना कर रहे हैं। आंकड़ों का खेल शुरू हो गया है।

साल भर के आय-व्यय का ब्योरा तैयार किया जा रहा है। विकास भवन स्थित विभिन्न विभागों के साथ ही लोक निर्माण विभाग, विभिन्न परियोजनाओं के लिए आए धन और खर्च का आंकड़ा तैयार करके कोषागार में दाखिल किए जाने की कार्रवाई है। जानकारों के मुताबिक विभागों में आया पैसा 31 मार्च तक खर्च न होने की दशा में लैप्स हो जाने का खतरा रहता है। सांसद, विधायक निधि, मनरेगा सहित कुछ ऐसी परियोजनाएं हैं जिनका पैसा लैप्स नहीं होता। वह अगले साल के लिए बढ़ जाता है। लैप्स की संभावना वाले आंवटन को लेकर आय-व्यय का व्योरा तैयार किया जा रहा है। अवशेष रह गए धन को 31 मार्च तक समर्पित किया जाता है।

### रविवार को भी खुले रहेंगे बैंक और कोषागार

रविवार को सार्वजनिक अवकाश है लेकिन कोषागार और शासकीय कार्य से जुड़े बैंक खुले रहेंगे। बैंकों का खोले जाने के लिए डीएम ने आदेश पहले ही जारी कर दिया है।

कोषागार में तक विभागों से बिल जमा करने के लिए पहले 25 मार्च तक की तिथि तय थी लेकिन बाद में इसे 26 मार्च किया गया। हलांकि विभागों से बिल जमा अब भी जमा किया जा रहा है। कोषागार में भी इसे पास करने का काम तेज है। अंतिम दिन कोषागार में भीड़ न हो इसका प्रयास किया जा रहा है।

31 मार्च को रात आठ बजे तक कोषागार में बिल प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नौ बजे तक मार्च क्लोजिंग का काम पूरा कर लिए जाने की तैयारी है। सारी कार्रवाई ऑनलाइन हैं। ऐसे में लेट लतीफी इस बार नहीं चलेगी। मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने कहा कि कार्रवाई चल रही है। वह मीटिंग में हैं।

**कवायद** निगरानी व बचाव में मिलेगी मदद, सरयू के घाट पहुंची खेप, रामनवमी मेले को लेकर तैयारी

# जल पुलिस को मिले छह आधुनिक फाइबर स्टीमर

अयोध्या कार्यालय

रामकथा पार्क के पास रखी गई फाइबर स्टीमर बोट। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनवमी मेले के पूर्व सुरक्षा और व्यवस्था को चाक-चौबंद करने की कवायद के तहत जल पुलिस को छह आधुनिक फाइबर स्टीमर की खेप मिली है। 40 हार्स पावर क्षमता की यह फाइबर स्टीमर सरयू के घाट पर पहुँच गई है। इससे जल पुलिस को सरयू में निगरानी के साथ बचाव व राहत अभियान में मदद मिलेगी। स्टेयरिंग युक्त इस फाइबर बोट से दल की कार्यदक्षता बढ़ेगी। अभी कुछ और उपकरणों की खेप आनी है।

रामनगरी अयोध्या के किनारे-किनारे बहने वाली सरयू में निगरानी तथा सरयू में स्नान के दौरान होने वाली घटनाओं पर लगाम के लिए विभिन्न घाटों पर जल पुलिस की तैनाती की गई है। समन्वय व सहयोग तथा विशेष परिस्थिति के लिए एक कंपनी पीएसी बाढ़ राहत दल तथा राज्य आपदा मोचक बल की दो टीमें लगाई गई है। रामनगरी में विभिन्न मेला व पर्वों के दौरान स्नान के दौरान श्रद्धालुओं के डूबने की घटनाओं की रोकथाम और जनहानि को कम करने के लिए जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर आपदा राहत विभाग की ओर से बचाव और राहत के लिए प्रदेश के आपदा राहत विभाग की ओर से सिंचाई विभाग बाढ़ खंड विभाग की मदद से कार्ययोजना पर काम शुरू कराया गया था। जिसके तहत श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए आरती घाट से लेकर नयाघाट समेत शहर के गुप्तारघाट और सरयू के अन्य घाटों पर सरयू में फ्लोटिंग बैरियर और जेटी का निर्माण कराया गया है। साथ ही अयोध्या में निगरानी कक्ष का निर्माण कराया गया है और लाइफ जैकेट, इजंन चलित बोट आदि उपकरण उपलब्ध कराया गया है। सरयू में आरती घाट तथा नयाघाट स्थित कच्चे घाट के सामने फैब्रिकेटेड निगरानी कक्ष से अनवरत निगरानी कराई जा रही है। मोटर बोट के माध्यम से जवानों की ओर से गश्त निगरानी कराई जा रही है। योजना के तहत निगरानी के लिए आधुनिक मोटर बोट,ड्रैगन लाइट, नाइट विजन ग्लास आदि की उपलब्धता कराई जानी थी,जिसके तहत 40-40 हार्स पावर क्षमता की छह आधुनिक फाइबर स्टीमर पहुंच गई है।

### पहले से हैं चार मोटर बोट

जल पुलिस के प्रभारी आरपी मौर्य का कहना है कि सरयू में निगरानी और बचाव व राहत के लिए जल पुलिस के साथ पीएसी व एसडीआरएफ की तैनाती है। पहले से चार मोटर बोट और जीवन रक्षक उपकरण रिंग, जैकेट, थ्रो बाल आदि उपलब्ध है। 40 हार्स पावर क्षमता की स्टेयरिंग युक्त छह फाइबर बोट मिली है। ड्रैगन लाइट समेत अन्य आधुनिक उपकरण की खेप उपलब्ध कराई जानी है।

# तरणताल में जीवन रक्षक नहीं, लोग कैसे करेंगे स्वीमिंग

अयोध्या कार्यालय

**डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का गजब हाल, एक से प्रस्तावित है संचालन**

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा सकुल का गजब हाल है। एक ओर जहां एक अप्रैल से तरणताल शुरू करने की तैयारी चल रही वहीं यहां जीवन रक्षक ही नहीं है। ऐसे में एक अप्रैल से तरणताल का संचालन खटाई में पड़ सकता है। इतना ही नहीं विभाग का हाल यह तरणताल में जीवन रक्षक की तलाश तब शुरू की जा रही है जब तीन दिन बाद उसे शुरू किया जाना प्रस्तावित है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा सकुल को खेल निदेशालय की ओर से गर्मी को लेकर स्टेडियम में बने तरणताल को शुरू करने के निर्देश दिए गए, लेकिन यहां एक भी जीवन रक्षक तैनात नहीं है। लाख टके का सवाल यह है कि अब तक तरणताल का संचालन कैसे किया जा रहा था। खेल विभाग की ओर से दावा किया जा रहा है तरणताल में हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं लेकिन अब सच उजागर हुआ है। जीवन रक्षक कर्मी के अभाव में तरणताल में स्वीमिंग लोगों को भारी भी पड़ सकती है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने गुरुवार को अस्थाई तौर पर तरणताल के लिए एक जीवन रक्षक रखे जाने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गत वर्ष यहां तैनात जीवन रक्षक के तबादले के बाद बाहर से अस्थाई जीवन रक्षक की व्यवस्था कर शेष सत्र तक तरणताल संचालित किया गया था। इस बार भी बिना जीवन रक्षक के तरण का ताला तैराकी के लिए नहीं खुलेगा। जीवन रक्षक की शीघ्र ही व्यवस्था होने की उम्मीद है।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
(छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज, कोड-621440
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

रोजा

शिया
सहरी : 04 .35 बजे
इफ्तार : 06 .32 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .30 बजे
इफ्तार : 0 6 .16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### एलएलबी की निरस्त परीक्षा हुई, तीन नकलची पकड़े

**अयोध्या कार्यालय।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 27 फरवरी को बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज की निरस्त परीक्षा गुरुवार को अवध लॉ कालेज बाराबंकी के केन्द्र पर हुई । परीक्षा में 859 परीक्षार्थी शामिल हुए । परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि दोपहर की पाली में एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा सात जनपदों के 12 केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हो गई । सचलदल की तलाशी में अवध लॉ कॉलेज में तीन परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए।

# तीन चौराहों पर ट्रैफिक लाइट बंद, लग रहीं वाहनों की कतार

## नाका, शांति चौक व देवकाली बाईपास से गुजरने वाले राहगीर परेशान ▶ 14 दिन से खराब है सिग्नल, ट्रैफिक कंट्रोल करने में कर्मियों के छूट रहे पसीने

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में प्रवेश मार्ग के तीन चौराहों पर ट्रैफिक लाइट्स 14 दिनों से बंद पड़ी हैं। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बावजूद वाहन चालकों को चिलचिलाती धूप में 15 से 20 मिनट तक का इंतजार करना पड़ रहा है।

इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइटीएमएस) के तहत शहर में 22 स्थानों पर ट्रैफिक लाइट सिग्नल व आधुनिक कैमरे लगाने का कार्य किया गया था। रामपथ निर्माण के दौरान कुछ चौराहे से ट्रैफिक लाइट्स व कैमरे हट गए। अब जब शहर की सूरत बदलने लगी तो नाका स्थित नवीन मंडी चौराहा, शांति चौक व देवकाली बाईपास चौराहे पर लगा ट्रैफिक लाइट्स खराब हो गईं। शांति चौक पर तैनात एक ट्रैफिक कर्मी ने बताया कि 14 दिनों से लाइट्स खराब हैं। दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग जाती हैं। उन्हें पास कराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। शांति चौक पर ही खड़े बाइक सवार अर्जुन, दिनेश व राहुल ने बताया कि अब तेज धूप होने लगी है। ट्रैफिक लाइट्स में समय के अनुसार वाहन चलते थे। अब तो बीच-बीच में वीआईपी वाहन भी गुजरने लगते हैं, जिस कारण 20 मिनट तक का भी इंतजार करना पड़ जाता है।

प्रयागराज हाईवे पर बंद ट्रैफिक लाइट व ट्रैफिक कर्मियों के इशारे के इंतजार में वाहन चालक।

शांति चौक पर ट्रैफिक कंट्रोल करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### शांति चौक पर सबसे अधिक जाम, 170 सेकेंड की है साइकिल

नाका चुंगी से 500 मीटर दूरी पर स्थित शांति चौक पर सबसे अधिक जाम लगता है, क्योंकि यहां से देवकाली, सहादतगंज व प्रयागराज जाने का मार्ग है। प्रयागराज मार्ग पर ही अवध विश्वविद्यालय व एयरपोर्ट भी है। आने-जाने वालों का सिलसिला हमेशा जारी रहता है। इस कारण यहां वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग जाती हैं। इस चौक पर ट्रैफिक लाइट्स के लिए 170 सेकेंड की साइकिल रहती थी। मतलब इसमें रेड, येलो और ग्रीन लाइट जलती थी। 55 सेकेंड का समय एक तरफ से वाहन पास करने के लिए दिया जाता था। इसके बाद दूसरे छोर पर 170 सेकेंड वाला फार्मूला लागू होता था।

देवकाली ओवरब्रिज के नीचे व्यवस्थाएं ध्वस्त।

सड़क निर्माण के चलते जगह-जगह केबल कट गई हैं। इस कारण ट्रैफिक लाइट्स बंद पड़ी हैं। परेशानियां तो हो ही रही हैं। नगर निगम और आईटीएमएस को सूचित किया गया है। जल्द ही इन्हें दुरुस्त कराने का आश्वासन मिला है।
**- विवेक मौर्य, यातायात निरीक्षक**

सड़क निर्माण के कारण डक्ट में पड़ी अंडरग्राउंड केबल कट गई हैं। देवकाली बाईपास चौराहे पर दोबारा इंस्लालेशन होना है। अब सड़क निर्माण के बाद ही मरम्मत हो पाएगी। नगर निगम को अवगत कराया गया है। - **अभिनव, प्रोजेक्ट मैनेजर, आईटीएमएस**

### कोतवाली के सामने सड़क धंसी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रीडगंज स्थित नगर कोतवाली के ठीक सामने सड़क धंस गई। जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार बुधवार रात अचानक सड़क पर एक गड्ढा बन गया। इसकी जानकारी प्रांतीय लोक निर्माण विभाग को दी गई है। दुकानदार अनूप चौधरी, फहीम आलम ने बताया कि यह चौक जाने वाला मुख्य मार्ग है। सड़क धंसने से आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। रीडगंज चौराहे से चौक होकर रिकाबगंज जाने वाले इस मार्ग पर जमुनियाबाग के निकट भी एक गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण अक्सर जाम लग रहा है।

# राम नवमी को अयोध्या में पहुंचेंगे 50 लाख श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली रामनवमी को लेकर विशेष उत्साह है। गुरुवार को प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या पहुंचकर तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। इससे पहले दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, ठहरने, पेयजल, मेडिकल सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों ने बैठक में दिए।

**▸▸ मुख्य सचिव और डीजीपी के सामने अफसरों ने पेश किया तैयारियों का खाका**

आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि श्रीराम नवमी के पर्व पर लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। 17 अप्रैल को भव्य और दिव्य मंदिर में पहली रामनवमी मनाई जाएगी। मुख्य सचिव व डीजीपी ने क्राउड मैनेजमेंट के लिए कई दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मे किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आईजी प्रवीण कुमार ने कहा सभी निर्देशों का पालन कराया जाएगा। गत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अधिकारियों के साथ राम नवमी मेले में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर बैठक की थी। मुख्यमंत्री की बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन कराने के लिए दोनो अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में एडीजी जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर, कमिश्नर गौरव दयाल, डीएम नीतीश कुमार, एसएसपी राजकरण नैय्यर व अन्य अधिकारियों के अलावा ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे।

रामकथा पार्क से बाहर निकलते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

# राम पथ का एक लेन बंद, लगा लंबा जाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** राम पथ का एक लेन बंद कर दिया गया। लंबा जाम लग गया। जाम छूटा तो कुछ समय के लिए राहत मिली, लेकिन थोड़ी ही देर में फिर जाम लग गया। यह क्रम गुरुवार को पूरे दिन रहा। आने-जाने वाले परेशान रहे।

नियावां के पास राम पथ के एक लेन पर खोदाई की गई। लेन बंद कर दी गई। बताया गया कि पाइप और चेंबर को लेकर खोदाई की गई। मशीन और मजदूर लगाए गए। इस लेन के यातायात को दूसरे पर डायवर्ट कर दिया गया। वाहनों की भीड़ बढ़ गई। छोटे-बड़े वाहनों की लंबी लाइन बनी। इधर से उधर होने में काफी देर तक जाम लगा रहा। प्रयास के बाद छूटा लेकिन एक लेन यातायात का दबाव देर तक नहीं झेल पाया। फिर जाम लगा। यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए कोई खास व्यवस्था नहीं दिखी। यातायात विभाग के लोग दबी जुबान कहते हैं कि डायवर्जन पर उनको जानकारी नहीं मिलती है। इन दिनों रामपथ पर अक्सर ऐसा देखने को मिल रहा है। कभी सहादतगंज तो रोडवेज और दूसरे स्थानों पर। कहीं स्टार्म वाटर ड्रेन को जोड़ने के लिए पाइप डाली जाती है तो कहीं पर सीवर को दुरुस्त किया जाता है। इसके कारण मार्ग अवरुद्ध होता है। जाम में फंसे राम किशोर बोले कि सड़क बन गई लेकिन जाम से निजात नहीं मिली। राधेश्याम ने कहा कि उम्मीद थी कि अब राम पथ से अयोध्या की राह आसान होगी लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।

नियांवा चौराहे के समीप गड्ढा खोदकर एक लेन बंद कर दी गई। इससे दिन भर जाम की स्थिति बनी रही।

# किशोरी के अपहरण के मामले में युवक को पांच साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करने वाले युवक को कोर्ट ने पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उसे 50 हजार रुपये का अर्थ दंड भी लगाया है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अमर सिंह की अदालत से गुरुवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय ओझा व पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि घटना 21 अगस्त 2019 की है। कैंट थाना क्षेत्र के एक कॉलोनी में रहने वाली फौजी की पुत्री को थाना कैंट का सहादतगंज निवासी अश्वनी कुमार उसके घर से जबरदस्ती ले गया। मऊ शिवाला में पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि यदि तुम मेरे पास से चली जाओगी तो तुम्हारे मां-बाप और भाई की हत्या कर दूंगा। वो पीड़िता को 50 हजार में बेचने की बात कह रहा था। इसके पूर्व भी आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई थी। जमानत पर छूटने के बाद इस वारदात को अंजाम दिया। दुष्कर्म की घटना का ट्रायल विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वितीय की अदालत में विचाराधीन है। अपहरण के मामले में कोर्ट ने सुनवाई के बाद अपहरण और पाक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# तय करें मार्ग, लगवाएं रेट लिस्ट, रोकें अतिरिक्त वसूली

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी मेले को लेकर गुरुवार को हुई बैठक में नागरिक सुविधाओं पर फोकस रहा। यातायात से पेयजल और सफाई से श्रद्धालुओं की ठहराव को लेकर रणनीति बनाई गई। डीएम ने निर्देश दिया कि चल रहे आटो रिक्शा का मार्ग तय करें। रेट लिस्ट लगवाएं। श्रद्धालुओं से अतिरिक्त वसूली नहीं होनी चाहिए। पुलिस के अफसर इसकी क्रॉस चेकिंग करें। निर्देश दिया कि बैठक में अनुपस्थित अधकिरयों से स्पष्टीकरण तलब किया जाए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में उन्होंने एआरटीओ और नगर निगम के अफसरों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किसी भी आटो चालक द्वारा यात्रियों/श्रद्धालुओं से अतिरिक्त वसूली, न की जाए। गर्मी के मद्देनजर नया घाट वीणा चौराहे से टेढ़ी बाजार तक नियमित समयान्तराल इलेक्ट्रॉनिक बसें चलाई जाएं। रात को 10 से सुबह छह बजे तक मुख्य मार्गो पर वाहनों को न रोका जाए। निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए जाएं। जोड़ने वाली गलियों और मुख्य मार्ग भक्ति पथ, रामपथ, जन्मभूमि पथ, धर्मपथ के किनारे जरूरत के मुताबिक काम किया जाए। यात्रियों के लिए बिड़ला धर्मशाला के पास सरकारी जमीन को होल्डिंग एरिया बनाया जाए। सुविधा के लिए साइन बोर्ड लगाएं। पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। यात्रियों और श्रद्धालुओं के लिए गर्मी से बचाव की व्यवस्था की जाए। पार्किंग की व्यवस्था कराएं।

अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने कार्यो की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने पुलिस व्यवस्था और यातायात पार्किंग व्यवस्था को लेकर जानकारी दी। बैठक में सीएमओ डॉ. संजय जैन, डीएफओ, अधिशासी अभियंतागण, उपनिदेशक सूचना डॉ. मुरलीधर सिंह, एआरटीओ आरपी सिंह, पर्यटन, रेलवे, आरएम रोडवेज, अग्निशमन, साकेत डेयरी, खाद्य रसद आदि के साथ मेला सहायक कौशल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

**बैठक**

**▸▸ डीएम ने दिए निर्देश, अनुपस्थित अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण**

**▸▸ कहा-रात 10 से सुबह छह तक न रोंके वाहन, नया घाट से टेढ़ी बाजार तक चलाएं इलेक्ट्रिक बसें**

**राम नवमी 17 अप्रैल को**

चैत्र रामनवमी मेला नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहा है। 16 अप्रैल को अष्टमी और 17 अप्रैल को रामनवमी पड़ेगी। मेले में बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए सम्बंधित विभाग जरूरी तैयारी करें।

## सार-संक्षेप

### चकबंदी से बाहर आए गांवों में होगा अंश निर्धारण

**अयोध्या, अमृत विचार :** सदर और बीकापुर तहसील के कई गांवों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी हो गई। अब इन गांवों के लोगों की खतौनी में अंकित प्रत्येक खातेदार का अंश निर्धारण किया जाएगा। डीएम नितीश कुमार ने गुरुवार को इसकी स्वीकृति दे दी है। बता दें कि तहसील सदर के राजस्व ग्राम दलपतपुर मांझा, सुक्खापुर इटौरा व काजीपुर बिसवां मांझा और तहसील बीकापुर के राजस्व ग्राम तारून, पाराराम व केशरूआ बुजुर्ग चकबंदी प्रक्रिया से बाहर आ गए हैं। अब खतौनी के पुनरीक्षण व खतौनी में अंकित प्रत्येक खातेदार/सहखातेदार के गाटों के अंश का निर्धारण किया जाएगा।

### वाराणसी-बरेली ट्रेन तीन दिन के लिए निरस्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** वाराणसी-बरेली के बीच चलने वाली और अयोध्या से होकर जाने वाली ट्रेन तीन दिन के लिए निरस्त कर दी गई। जानकारी के मुताबिक ट्रेन संख्या 14235 वाराणसी-बरेली दो से चार अप्रैल तक के लिए और 14236 बरेली-वाराणसी को तीन से पांच अप्रैल तक के लिए निरस्त कर दिया गया है। इसके साथ ही जम्मूतवी से कोलकाता जाने वाली ट्रेन संख्या 13152 का दो से चार अप्रैल के बीच मार्ग में 60 मिनट नियंत्रित कर संचालित होंगी। ट्रेन संख्या 15623 भगत की कोठी से कामाख्या धाम जाने वाली ट्रेन दो अप्रैल को मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर संचालित होगी।

### विधानसभा स्तर पर कराएं पन्ना प्रमुख की बैठकें

**अयोध्या। अमृत विचार :** भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय सिविल लाइंस में विधानसभा क्षेत्र प्रभारियों, संयोजक, सहसंयोजकों व प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को हुई। बूथ प्रबंधन पर चर्चा की गई। बूथ स्तर के पदाधिकारीयों व पन्ना प्रमुखों को एक्टिव करने को कहा गया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि चुनाव में हर बूथ व हर घर तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर पदाधिकारी कार्य करें। चुनाव संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक 60 वोटर पर एक पन्ना प्रमुख बनाया जाए। विधानसभा स्तर पर पन्ना प्रमुख की बैठकें व सम्मेलन कराया जाएगा। बैठक में ओम प्रकाश सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, रामकृष्ण तिवारी, अवधेश पांडे बादल, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### योजना से गरीबों को किया लाभान्वित

कार्यक्रम में लोगों से संवाद करते सांसद लल्लू सिंह।

**अयोध्या। अमृत विचार :** सांसद लल्लू सिंह ने रुदौली के लखनीपुर, अशरफ नगर, जुनेदपुर, रसूलपुर, ढ़ेमा, पटरंगा मंडी व बठोली में गुरुवार को चौपाल लगाई। कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के साथ अपराध पर कड़ा प्रहार किया है। बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी। योजनाओं की श्रृंखला के माध्यम से गरीबों को लाभांवित किया। ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी ने कहा कि विकास और योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभांवित हुआ है। सरकार किसानों के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में मवई मंडल अध्यक्ष अंजनी साहू, मंडल चुनाव संयोजक संतोष जायसवाल, रघुनंद चौरसिया, संतोष मिश्र, अखिलेश रावत सहित अन्य लोग थे।

**चुनाव** 1125 मतदान केंद्रों और 2034 मतदेय स्थलों पर गर्मी को लेकर आयोग के निर्देश

# सूती कपड़े पहनेंगे कर्मचारी, गमछा भी रखेंगे साथ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में होने वाले लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण को लेकर चुनाव आयोग ने जिले के सभी 1125 मतदान केंद्रों और 2034 मतदेय स्थलों पर मतदाताओं और कर्मचारियों को गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न व्यवस्था के लिए निर्देश दिए।

अपेक्षा की गई है कि मतदान कर्मचारी चुनाव ड्यूटी के दौरान सूती कपड़े पहने और सिर को ढंकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा लेकर चलें। केंद्रों पर मतदाताओं का भी पूरा ध्यान रखा जाए। उनके लिए शीतल पेयजल और नींबू पानी की व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिया गया है।

गर्मी को देखते हुए हिदायत दी गई है कि पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर सभी मतदान कर्मचारी अपने साथ तेज धूप से बचाव के लिए छाता रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहनें। अपने साथ पीने योग्य शीतल जल से भरी बोतल रखें। समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी का प्रयोग कर अपने आपको तरोताजा रखें। इसके अलावा तेज धूप से बचने के लिए टोपी, हैट, काला चश्मा, छाता आदि का प्रयोग करें। अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें। इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है। बासी भोजन से बचें। हल्के एवं ताजे बने भोजन लें।

### पानी पिलाने के लिए लें स्वयं सेवकों का सहयोग

मतदान केन्द्र पर हर हाल में पेयजल की उपलब्धता रहे। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों, निशक्तजनों आदि के लिए स्वयंसेवियों के माध्यम से लगातार पानी पिलाने की व्यवस्था भी की जाए। स्वयंसेवी के रूप में किसी राजनैतिक व्यक्ति उम्मीदवार से संबद्ध व्यक्ति को न रखा जाए।

### सेक्टर मजिस्ट्रेट व पैरा मेडिकल स्टाफ रहेगा साथ

सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक पैरा मेडिकल स्टाफ भी रखने का प्रयास किया जाएगा जो अपने पास आवश्यक दवाएं भी रखेगा। हिदायत है कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर छाया की व्यवस्था हो और पर्याप्त संख्या में कुर्सी, दरी आदि मौजूद हो। जिससे कि तेज धूप से बचने के लिए, मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। छाया की व्यवस्था इस प्रकार हो कि मतदेय स्थलों के ठीक सामने लगने वाली कतार छाया में ही हो। बुजुर्गों, महिलाओं जिनके साथ छोटे बच्चे हों और निशक्त व्यक्तियों को मतदान में प्राथमिकता दी जाए। ऐसे मतदाताओं के लिए प्रत्येक चार-पांच मतदाताओं के बाद कुर्सी की व्यवस्था भी कतार के बगल में रखी जाए।

आयोग की ओर से सभी निर्देश का पालन किया जा रहा है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहेंगी। - **अनिरुद्ध प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी**

### छुट्टा मवेशी से टकराई बाइक, युवक की मौत

**रानीबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के खैरपुर गांव के निकट गुरुवार सुबह छुट्टा पशुओं के झुंड की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गौहनिया गांव का रहने वाला इंटरमीडिएट का छात्र चंद्रशेखर प्रजापति पुत्र करमराज प्रजापति गुरुवार सुबह गांव के बसंत गुप्ता को छोड़ने कैंट रेलवे स्टेशन गया था। लौटते वक्त खैरपुर मोड़ के निकट छुट्टा पशुओं के झुंड से उसकी बाइक टकरा गई। आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चंद्रशेखर (फाइल फोटो)

## सार-संक्षेप

एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में बच्चों की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता केके मिश्रा ने कहा कि नौनिहालों से ही विकसित भारत का निर्माण होगा। निदेशक डॉ. मधु त्रिपाठी और चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा केवल परीक्षा परिणाम से ही नहीं उनकी विभिन्न गतिविधियों से भी सामने आती है। हेडमिस्ट्रेस सलाहकार सोनल शुक्ला, अर्पिता मुखर्जी और प्रीती सिंह ने स्कूल के बारे में जानकारी दी। कनक किड्स स्कूल एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सोनल शुक्ला ने मुख्य अतिथि, चेयरमैन, निदेशक का बैच लगाकर स्वागत किया। अमरनाथ तिवारी ने मुख्य अतिथि को शॉल भेंट की। संचालन आकांक्षा पाण्डेय ने किया। साक्षी यादव, सोनी त्रिपाठी, तनु सिन्हा, शिल्पी जायसवाल, अंजली मिश्रा, स्वीटी कौर व शिक्षिका प्रियंका राजभर का सहयोग रहा।

### रामनवमी पर होगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब श्री राम जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग रामलला के प्राकट्य के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने जा रहा है जो 28 मार्च (आज) से 17 अप्रैल राम नवमी तक चलेगा। इसमें स्थानीय कलाकार राजकीय तुलसी उद्यान में उल्लास बिखेरते नजर आएंगे। संस्थान के निदेश अतुल द्विवेदी ने बताया रामोत्सव के विस्तारित आयोजन में 28 मार्च से 17 अप्रैल तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक कलाकारों की ओर से प्रस्तुतियां दी जाएगी। पहले दिन संत करीब नगर के लोक गायिका स्वीटी सिंह का गायन प्रस्तुत करेंगी। इसी तरह लखनऊ की संध्या प्रजापति लोक नृत्य की प्रस्तुति करेंगी और गोंडा शिवानी शुक्ला भी लोक गीत प्रस्तुत करेंगी। इस बार ऐसे कलाकारों की टीम प्रस्तुति देंगी, जिनके ठहराव की व्यवस्था विभाग की ओर से न करना पड़े।

### तीन बाद भी दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली टांडा पुलिस नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस पीड़ित किशोरी के न्यायालय में बयान का इंतजार कर रही है। उक्त मामले को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। बता दें कि बीते 25 मार्च की रात्रि में शौच के लिए निकली 15 वर्षीय किशोरी के साथ हुए दुराचार मारपीट व धमकी के मुकदमे में पुलिस पर तहरीर बदल कर मुकदमा दर्ज करने का भी आरोप लग रहा हैं। बताया जा रहा कि पुलिस कर्मियों द्वारा होली खेलने में मस्त रहने के कारण पीड़िता को वापस भेज दूसरे दिन बुलाया गया और जबरन गैंगरेप की तहरीर को बदलवा कर मात्र दुराचार कि घटना का अभियोग दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार पीड़िता और उसकी मां के बयान में काफी विरोधाभास है।

### पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक अंजनी कुमार ने वारंटी अभियुक्त संतराम पुत्र महेश निवासी ग्राम टिकरी थाना मालीपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

### 280 वाहनों को चेक कर 10 का काटा चालान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद में शान्ति और कानून व्यवस्था को देखते हुए समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना, चौकी क्षेत्रांतर्गत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों तथा प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग की गई। बैंक के आसपास बिना किसी कारण घूमने वालों को कार्यवाही की चेतावनी देकर उन्हें छोड़ दिया गया। वहीं किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों, चौराहों तथा सूनसान स्थानों पर समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा काली फिल्म वाली गाड़ियों व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। साथ ही दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर यातायात नियमों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कुल 280 वाहनों को चेक कर 10 वाहनों का चालान काटा गया।

### पिता-पुत्र को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

**अमेठी।** फुरसतगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासी अधिवक्ता बेटे ने अपने बीमार पिता को बुधवार की आधी रात को टहलाने के लिए निकला था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मौके पर ही बुजुर्ग पिता की मौत हो गई, जबकि की बेटे का इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक के दूसरे बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार की सुबह अपने बीमार पिता मोहम्मद नसीम (65) को टहलाने के लिए अधिवक्ता बेटा मोहम्मद सईद घर से निकला था। परिजनों के मुताबिक बुजुर्ग का बीमारी की वजह से इलाज चल रहा था, फिर भी घर में सभी रोजा रह रहे थे। घबराहट होने पर बुजुर्ग मोहम्मद नसीम आधी रात को अपने अधिवक्ता बेटे मोहम्मद सईद से टहलाने की बात कही। बुजुर्ग पिता की बात पर सईद उसे टहलाने निकले थे। इसी दौरान निगोहां चौराहे के पास एक अज्ञात वाहन ने पिता पुत्र को टक्कर मार दी। जिसमें नसीम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सईद बुरी तरह जख्मी हो गया। सूचना पर परिजनों के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंची। घायल सईद को पहले सीएचसी फुरसतगंज ले जाया गया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था देखकर जिला अस्पताल रायबरेली रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही सईद की भी मौत हो गई। सईद के तीन बच्चे क्रमशः इफरा (4), इजरा (3) व बुसरा दो माह की है। घटना के बाद एक साथ पिता-पुत्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। वहीं मृतक नसीम के बेटे मोहम्मद सफी की तहरीर पर फुरसतगंज पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फुरसतगंज पुलिस ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामे के बाद पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में नाम लिखाओ

## 11 ब्लॉकों की 786 पंचायतों में एक अप्रैल से शुरू होगा स्कूल चलो अभियान, पखवारे भर चलेगा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक बेसिक स्कूलों की तस्वीर बदलने की योजना के बीच एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है। इस बार नए शिक्षा सत्र को लेकर शासन की ओर से स्कूल चलो अभियान को नए रुप में तैयार किया गया है। अभियान के तहत जिले के सभी 11 ब्लॉकों की 786 ग्राम पंचायतों में नए-नए भावपूर्ण स्लोगन के साथ शिक्षा की गीत गूंजेंगे। इतना ही नहीं इस बार शिक्षकों के साथ सभी प्रधानों को भी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है।

शासन की ओर से जारी किए गए स्लोगन।

**निपुण भारत के तहत 16 से अधिक स्लोगन जारी**

प्रधान व सचिव घर-घर जाकर अभिभावकों को बच्चों के परिषदीय विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रेरित करेंगे। जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के तहत दीवारों पर एक से बढ़कर एक स्लोगन लिखाने के लिए निर्देश दिया गया है। वार्षिक परीक्षा की मूल्यांकन के बाद अभियान शुरू किया जाएगा। इसमें प्रभात फेरी, गोष्ठी, वॉल पेंटिंग के जरिये अभिभावकों को जागरुक किया जाएगा। विद्यालय छोड़ने वाली बालिकाओं पर फोकस किया जाएगा। शासन ने नए सत्र में विद्यालयों में छह से 14 साल के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने का लक्ष्य दिया है। नए सत्र में परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के अभिभावकों को किताबें, यूनिफार्म, स्कूल बैग, जूता- मोजा के लिए डीबीटी से भुगतान किया जाएगा।

> नए शिक्षा सत्र को लेकर बड़े स्तर पर तैयारी की गई है। एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ हो जाएगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अभियान संचालन के निर्देश दिए गए हैं। -**संतोष कुमार राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**

### अभियान के तहत यातायात को लेकर भी जागरूकता होगी

जिले के 11 विकास खंडों के 1792 स्कूलों की दीवारों पर यातायात के नियम भी लिखाए जाएंगे। नत्र शैक्षिक सत्र में इसके लिए कवायद शुरू की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी 12 खंड शिक्षा अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदारी सौंपी है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने भी इसके निर्देश भेजे हैं। इसके चलते विद्यार्थियों के साथ ही अभिभावक व शिक्षक भी यातायात नियमों को जान सकेंगे। दीवारों पर पेंट करके लिखाया जाएगा, जिससे लंबे समय तक ये नियमों की लिखावट बरकरार रहे। जिला समन्वयक अनुराग कश्यप ने बताया कि विभागीय निर्देशों का पालन खंड शिक्षा अधिकारियों के सहयोग से कराया जाएगा।

### उपजिलाधिकारी से की प्रधान द्वारा लकड़ी बेचने की शिकायत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** वन विभाग ने अवैध रूप से काटी गई आम के पेड़ के बोटे को ग्राम प्रधान के सुपुर्द किया गया। जिसे ग्राम प्रधान द्वारा लकड़ी को बेच लेने का मामला प्रकाश में आया है। गांव निवासी ने मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी से करते हुए कार्यवाही की मांग किया है। प्रकरण जलालपुर कोतवाली अन्तर्गत जैनापुर गांव की है। गांव निवासी रवि पांडेय ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि गांव स्थित तालाब की भूमि पर एक आम का मोटा पेड़ था, जिसे गांव के ही आलोक कुमार ने काट कर गिरा दिया था। जिसे व्यापारी के हाथ बेचना चाह रहा था, लेकिन मामले की शिकायत वन विभाग के रेंजर जलालपुर से की गयी थी। शिकायत पर वन विभाग द्वारा लकड़ी को कब्जे में लेते हुए लिखा पढ़ी के साथ ग्राम प्रधान महानंद मौर्या को सुपुर्द कर दिया गया था। जिसे कुछ दिन पूर्व ग्राम प्रधान और विपक्षियों की मिलीभगत से गायब कर बेशकीमती लकड़ी को बेच दिया गया। गांव निवासी ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है। जिस पर उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह ने जलालपुर कोतवाल से आख्या मांगा है।

मिल्कीपुर में वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बांधा समां

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के सेमरा गांव में स्थित आरटी अकादमी स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने अलग-अलग थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि बीडीओ अखिलेश कुमार मिश्र व विशिष्ट अतिथि एडीओ (पंचायत) अविनाश चतुर्वेदी व प्रबंधन समिति के चेयरमैन आरटी यादव ने शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों में कला व प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उसे निखारने की जरूरत है। एडीओ पंचायत अविनाश चतुर्वेदी ने कहा कि अच्छे संस्कारों के बिना देश का नव निर्माण असंभव है। राष्ट्रीय कवि दुर्गेश पाण्डेय दुर्लभ व बाल कवयित्री अद्विका भारद्वाज और डॉ. मधु दूबे ने रचनाएं पढ़ीं। प्रधानाचार्या प्रियंका शुक्ला ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। संस्थापक राम तेज यादव व मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता यादव ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

## होली मिलन समारोह में लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर सद्भाव का रंग बिखेरा

**समारोह में एक-दूसरे को गले लगा कर दी बधाइयां**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** संगीत की मधुर धुन के बीच एक-दूसरे को गले लगा कर बधाइयां देते लोग पूरे माहौल को खुशनुमा बना रहे थे। मौका था अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान द्वारा गुरुवार को आयोजित होली मिलन समारोह का।

नगर के गुलाबबाड़ी मैदान के सामने जौहरी आवास पर बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोगों ने एकत्र होकर रंगों के पर्व होली की बधाई देकर समाज में रिश्तों की डोर मजबूत की। पारंपरिक होली गीतों के बीच मस्ती करते लोगों ने लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम से पहले भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति और आरती का कार्यक्रम विधि विधान से किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर सद्भाव का खूब रंग बिखेरा।

संस्थान के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिकता की डोर मजबूत होती है। उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि समय के साथ समाज की सोच बदल रही है। पदाधिकारियों ने वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया। इस मौके पर महामंत्री प्रतीक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, ऋषभ श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, रानू श्रीवास्तव, मोना श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, सुशील बहादुर जौहरी, सपना जौहरी, किरन सक्सेना, पदमकांत सक्सेना, हर्षिता सक्सेना, सीमा श्रीवास्तव, समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

समाज के वरिष्ठ का सम्मान करते कायस्थ संस्थान के पदाधिकारी।

**एम.एल.एम.एल.इण्टर कॉलेज**
**अयोध्या–224001**

पत्रांक– प्रेस विज्ञप्ति/2023–24
दिनांक: 26.03.2024

एम0एल0एम0एल0 इण्टर कॉलेज, अयोध्या शहर का सबसे पुराना व प्रतिष्ठित विद्यालय है। नवीन शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु कक्षा– 06 से 09 व 11 में छात्रों के प्रवेश हेतु फार्म विद्यालय कार्यालय से गत 09 मार्च 2024 से प्राप्त हो रहे हैं। प्रवेशोपरान्त आगामी 01 अप्रैल 2024 से नवीन शैक्षिक सत्र की कक्षाएं प्रारम्भ हो जायेंगी।

**जितेन्द्र कुमार राय**
**प्रधानाचार्य**
**मनोहर लाल मोती लाल**
**इण्टर कालेज अयोध्या**

# अस्पताल पहुंचने वालों में 10 में से हर पांचवां मरीज सांस का

**बदलते मौसम में 80 फीसदी डायरिया और दस्त के मरीज**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गर्मी के साथ ही बीमारियों ने भी दस्तक दे दी है। घटते-बढ़ते तापमान के बीच अस्पतालों में मौसम की मार से बड़ी संख्या में बीमार पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन व डीएम कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इस समय अस्पताल में भर्ती मरीजों में 80 फीसदी डायरिया, डीसेंट्री व दस्त के मरीज हैं। मौसम में बदलाव आने के कारण सांस के रोगियों की भी संख्या बढ़ी है। हर 10 में पांचवां मरीज सांस की बीमारी से ग्रसित है। इसके अलावा वायरल फीवर ने भी अपने पांव पसारे हैं। उन्होंने बताया कि अभी सुबह-शाम हल्की ठंड रहती है। ऐसे में कूलर और एसी का प्रयोग घातक हो सकता है।

**हर तीसरा मरीज कार्नेरी हार्ट डिजीज से पीड़ित :** डॉ. विनोद सिंह ने बताया कि अस्पताल पहुंचने वाले हर 10 मरीज में तीसरा मरीज कार्नेरी हार्ट डिजीज से पीड़ित है। इसका प्रमुख कारण आरामदायक जीवनशैली है। बीड़ी, सिगरेट व शराब आदि का अत्यधिक सेवन और व्यायाम न करना है। इसलिए सभी को रोजाना दो किलोमीटर की सैर जरूर करनी चाहिए। अधिक तेल युक्त भोजन खाने से बचना चाहिए।

जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीज को परामर्श देते डॉ. विनोद कुमार सिंह।

### अप्रैल में बढ़ जाता है हीट स्ट्रोक का खतरा

डॉ. वीरेंद्र वर्मा

मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि अप्रैल के सेकेंड हाफ में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए गर्मियों में बीमारियों से बचने के लिए खूब पानी पीएं। खाली पेट घर से न निकलें। रसदार फलों का सेवन करें और बाहर जाते वक्त छाते का इस्तेमाल करें। बासी खाने का सेवन बिल्कुल भी न करें।

### गर्मी से बचाव के तरीके

- घर से खाली पेट न निकलें।
- पानी की बोतल हमेशा साथ रखें।
- लंबे समय तक धूप में न रहें।
- कटे हुए फल न खाएं।
- ऑरो वाटर या उबले हुआ पानी पीएं।
- पूरी बांह के कपड़े पहनें।
- स्ट्रीट फूड खाने से परहेज करें।
- संसक्रीम का प्रयोग करें और सनग्लास लगाएं।

### धूप से आने के बाद ये न करें

- तुरंत ठंडा पानी न पीएं।
- एसी-कूलर में न बैठें।
- बाहर से आने के बाद तुरंत न नहाएं।

## वर्ग पहेली-23

**बाएं से दाएं**

1. 1. ठाकुर होने की अवस्था
3. ऐसा सूक्ष्म जीव जो कपड़ों और बालों में अक्सर पाया जाता है, जूं।
7. अभिमानी, अभिमान करने वाला व्यक्ति घमंडी।
8. मेंढक, दर्दुर।
9. 1. अंगीकार करना, अपना बनाना, ग्रहण करना, स्वीकार कर लेना 2. गले लगाना 3. अपने अधिकार या वश में करना 4. किसी को अपनी शरण में लेना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. फूलों से भरी हुई अंजली, पुष्पांजलि 2. पूजा में पुष्प अर्पण करने की विधि।
4. याचक को मनचाही चीज़ देकर निहाल कर देने वाला।
5. अत्यंत बलशालिनी।
6. 1. आकर्षक स्त्री, सुंदरी 2. गौतम बुद्ध की एक शक्ति।



### वर्ग पहेली -22 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 गु | | | 2 अ | | |
| 3 भं | डा | फो | ड़ | | | प | | |
| ग | | | गु | | | नी | | |
| ड़ | | 4 थो | ड़ा | ब | 5 हु | त | | |
| | 6 पं | | ना | | जू | | | |
| | च | | | 7 सु | री | ला | | |
| 8 ब | म | भो | ला | | | | | |

**सुडोकू-102**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 8 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |

### सुडोकू -101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-चतुर्थी 20.20 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 20.36 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। मन में रचनात्मक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। रुका हुआ सरकारी काम शुरू हो सकता है। शाम को पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बॉस से प्रशंसा मिल सकती है।

**वृष** — आज विरोधियों के बीच आपका खासा प्रभाव रहेगा। आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे। वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन** — आज ऑनलाइन गतिविधियों में बच्चे काफी रुचि लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**कर्क** — आज स्वास्थ्य के लिए आपको सावधान रहना चाहिए। बोलचाल के दौरान सभ्य भाषा का प्रयोग करें। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। आपकी दिनचर्या में कुछ बदलाव आ सकता है।

**सिंह** — आज व्यापार में आपको अपेक्षा के अनुसार लाभ प्राप्त नहीं होगा। शुभ चिंतकों और मित्रों से आप सहायता ले सकते हैं। जॉब में बदलाव करने के मौके मिलने की प्रबल संभावना है। आपके आत्मबल और कार्यदक्षता में वृद्धि होगी।

**कन्या** — आज साझेदारी वाले व्यवसाय में एकाधिकार जताने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण आवश्यक है। अत्यधिक कार्यभार के कारण तनाव का सामना करना पड़ेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

**तुला** — आज प्रियजनों के साथ आपके मधुर संबंध रहेंगे। रचनात्मक कार्यों में कारण आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। आपकी बातों से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। भोग-विलास की वस्तुओं पर धन खर्च करेंगे।

**वृश्चिक** — आज किसी भी काम को टालने की प्रवृत्ति से बचें। माता का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को दवाइयों का सेवन सावधानी से करना चाहिए। आपको अकारण भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आशावादी दृष्टिकोण बनाए रखें।

**धनु** — आज वित्तीय योजनाओं का सफल कार्यान्वयन कर पायेंगे। घर के सभी सदस्यों का रूख आपके प्रति सहयोगात्मक रहेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार को पर्याप्त समय देंगे। मित्रों से आपको उपयोगी सलाह प्राप्त होगी। दिल की अपेक्षा दिमाग से काम लें।

**मकर** — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। बच्चों को माता-पिता से सलाह और विचार-विमर्श करना चाहिए। अविवाहित लोगों के रिश्ते की चर्चा चल सकती है। व्यापारिक प्रगति से मन उत्साहित रहेगा।

**कुंभ** — आज व्यापार के लिए यात्रा करने के योग बन रहे हैं। फोन के माध्यम से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आप सेहत को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। काम की अधिकता के कारण तनाव हो सकता है।

**मीन** — आज किसी के प्रति में गलत विचार न लाएं। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। बॉस से डांट खानी पड़ सकती है। शोध कार्यों में रुचि ले सकते हैं। दांपत्य संबंधों में नवीनता आएगी। बैंकिंग और आईटी से जुड़े क्षेत्र में कुछ समस्या हो सकती है।

## आज की फिल्में

| | | | |
|---|---|---|---|
| B4U MOVIES | विरासत<br>सुबह : 10.44<br>वीरगति<br>रात : 07.00 | SONY PIX | एक्वामैन<br>सुबह : 09.33<br>व्हाइट हाउस डाउन<br>रात : 08.45 |
| &pictures | हसीना मान जाएगी<br>सुबह : 11.09<br>बंगाल टाइगर<br>शाम : 05.23 | ZEE CINEMA | जब हैरी मेट सेजल<br>दोपहर : 12.00<br>गदर<br>रात : 08.05 |
| | | colors CINEPLEX | भागम भाग<br>सुबह : 08.05<br>भेड़िया<br>रात : 07.02 |

**आज की सुपरहिट फिल्म**

जी सिनेमा पर दोपहर : 12.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

भिखारी-साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी-लेकिन कॉफी तो 10 रु. की आती है!
भिखारी-मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न
आदमी-अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी-नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मां से मिलवाने ले गई।
लड़की-मेरी मां को तुम बहुत पसंद आए।
लड़का-कुछ भी हो मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा। तु मम्मी से बोल दे कि,वो मुझे भूल जाएं।

18वां रोजा

शिया
सहरी : 04.32 बजे
इफ्तार : 06.27 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.29 बजे
इफ्तार : 06.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** थाना मालीपुर क्षेत्र में पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मालीपुर पुलिस ने वारंटी सोनू उर्फ अवनीश पुत्र रामनायक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त सोनू उर्फ अवनीश पुत्र रामनायक निवासी कैथीनसीरपुर थाना मालीपुर उम्र करीब 32 वर्ष को फौजदारी के मुकदमों में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय, हेड कांस्टेबल मनोज यादव शामिल रहे।

### पुलिस ने तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना बेवाना क्षेत्र में पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुकदमों में वांछित तीन अभियुक्तों राधेश्याम पुत्र भागरथी, आसनरायण पुत्र चन्द्रभान, लक्ष्मीचन्द्र पुत्र सरजू निवासी ग्राम अशरफाबाद डड़िया थाना बेवाना को ग्राम अशरफाबाद डड़िया से समय गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया गया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष शशांक कुमार शुक्ला, उप निरीक्षक पारसनाथ यादव, कांस्टेबल प्रान्शु चैधरी, कांस्टेबल हरिओम यादव, कांस्टेबल विजय बहादुर मौर्य शामिल रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में 100 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## जिलाधिकारी और एडीएम ने विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन, मॉडल को लेकर बच्चों से पूछे सवाल

**▸▸ प्रदर्शनी में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम, सौर ऊर्जा, हृदय की संरचना आदि मॉडल रहे आकर्षण का केंद्र**

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

मां सरस्वती के चित्र के सामने पूजा-अर्चना कर प्रदर्शनी की शुरूआत करते डीएम।

विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल के बारे में बच्चों से पूछते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी और जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी ने भी बच्चों के बनाए गए मॉडल का निरीक्षण और अवलोकन किया।

बता दें कि प्रत्येक विकास खंड के 10-10 बच्चे इस विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग किए। विज्ञान प्रदर्शनी में 100 बच्चों ने अपने बेहतरीन मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मॉडल पर बच्चों से प्रश्न पूछा और बच्चों द्वारा बड़े ही उत्साह से उसका उत्तर दिया गया। बच्चों ने अपने मॉडल में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम, विद्युत चुंबकीय प्रेरण पाचन तंत्र, सौर ऊर्जा, हृदय की संरचना आदि कई समसामयिक बिंदुओं पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। प्रतियोगिता के पश्चात क्रमशः प्रथम से दशम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रमाण पत्र शील्ड प्रशस्ति पत्र और उनके बैंक खातों में धनराशि भेजी गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए 10000 रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 7500 रुपए, तृतीय स्थान के लिए 5000 और चतुर्थ से दशम स्थान तक प्रत्येक बच्चे की खाते में 2500 रुपए की धनराशि भेजी गई।

### बीएसए ने निर्णायकों को प्रदान किया स्मृति चिन्ह

निर्णायक की भूमिका में डाइट से विज्ञान विषय की प्रवक्ता ऐश्वर्या राजलक्ष्मी, जीजीआईसी कुर्की बाजार की प्रवक्ता सरिता वर्मा, जीआईसी अकबरपुर के प्रवक्ता अनिल कुमार और प्राचार्य डाइट और जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी निर्णायकों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना और मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

क्षेत्र भ्रमण करते सीओ देवेंद्र कुमार मौर्या। अमृत विचार

### सीओ ने सीआईएसएफ के साथ किया मार्च

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य की मौजूदगी में सीआईएसएफ के साथ नगर क्षेत्र में भ्रमण कर सभी को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। बता दें कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा अभी से ही कवायद शुरू कर दिया है। ताकि चुनाव को किसी भी हाल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। इसी कड़ी में नगर के यादव चौराहा, नगपुर, उर्दू बाजार, सराय चौक, जमालपुर चौराहा समेत अन्य स्थानों पर क्षेत्राधिकारी ने सीआईएसएफ के साथ भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान कोतवाल संतोष कुमार सिंह सीआईएसएफ के जवान समेत तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### महिलाओं को अधिकारों के प्रति करें जागरूक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जन शिक्षण संस्थान कुटियवा के तत्वावधान में मालीपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सशक्तीकरण पर बल दिया गया। कार्यक्रम में कहा गया कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। सचिव पुष्पा पाल ने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से ही समाज व देश का विकास हो सकेगा। इसके लिए शत-प्रतिशत साक्षर होना जरूरी है। ऐसे में हम सभी को देखना होगा कि कोई भी बालिका शिक्षा हासिल करने से वंचित न रह जाए।

### फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, दो लोग गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटकता पाया गया है। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी और तहसीलदार की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतका के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामले में पुलिस को तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने गुरुवार को दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अहिरौली थाना के गांव सराय जंगल अलबैती गांव के निवासी अशोक गौड़ की पत्नी प्रियंका रात में घर के अंदर फांसी लगा ली। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व तहसीलदार की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। मृतका का एक तीन साल का बेटा है, और पति मुम्बई में रहता है। विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। अहिरौली थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि मृतका के ससुर विजय बहादुर, देवर अजय कुमार गौड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# बीएलओ व सुपरवाइजर घर घर पहुंचाएंगे मतदाता पर्ची

## डीएम ने अफसरों से चुनाव की तैयारियों की जानकारी हासिल की

मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में बैठक को संबोधित करते डीएम।

बैठक में बीएलओ, सुपरवाइजर और समस्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**▸▸ जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित 16 बीएलओ का वेतन काटने का दिया निर्देश**

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा के ऑडिटोरियम हॉल में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कटेहरी के बीएलओ, सुपरवाइजर और समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ, सुपरवाइजर और समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में पूछा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदान दिनांक से पूर्व घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने के लिए बीएलओ, सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान समस्त बीएलओ को बताया गया कि 26 अप्रैल 2024 तक फॉर्म 6 प्राप्त किए जा सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, सुपरवाइजर और समस्त सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों का अक्षसः पालन सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा की दशा में कड़ी से कड़ी कार्रवाई तय की जाएगी। बैठक के दौरान 425 बीएलओ में से 16 बीएलओ अनुपस्थित पाए गए। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा इनका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# पारदर्शी चुनाव के लिए अफसरों व कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**▸▸ सी विजिल ऐप से करें आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत**

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सी-विजिल ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड करने और सी-विजिल ऐप को संचालित करने के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सी विजिल ऐप के माध्यम से चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर रखने और निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव को कराए जाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ द्वारा विस्तार पूर्वक स्टेप बाई स्टेप और निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों से टीम कार्मिकों को जानकारी दी गई। वहीं एफएसटी टीम को बताया गया कि निर्वाचन के दौरान मिली शिकायतों का समय अंतर्गत निस्तारण करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल ऐप के माध्यम से केवल मौके की फोटो व वीडियो, आडियो लगाई जा सकती है। इस प्रकार अगर कोई लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो कोई भी व्यक्ति इस ऐप के माध्यम से शिकायत कर सकता है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। वहीं यदि शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित कर्मियों से जानकारी प्राप्त की।

# परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन

**▸▸ केस दर्ज नहीं होने पर परिजनों और ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष पर मिलीभगत का लगाया आरोप**

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करते मृतक के परिजन और ग्रामीण।

### एएसपी और सीओ ने स्थिति का लिया जायजा

उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह और सीओ देवेंद्र कुमार ने काफी देर तक समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और एफआईआर की कापी परिजनों को सौंप दिया। तब जाकर परिजन शव को दफनाने के लिए तैयार हुए।

**अमृत विचार।** बीते दिवस बकरी चरा रहे किशोर की मौत के मामले मे नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होने से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष पर विपक्षियों से मिली भगत का आरोप लगाकर शव रखकर सड़क को जाम कर प्रदर्शन किया। सूचना पर कई थाने की पुलिस बल के साथ पहुंचे एसडीएम और सीओ ने परिजनों को समझा बुझाकर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुकदमा दर्ज कराया।

बता दें कि बीते बुधवार शाम को जलालपुर कोतवाली के बसिया गांव निवासी शिव पूजन यादव का ट्रैक्टर ट्राली इसी गांव का चालक बृजेश यादव ले जा रहा था। गांव का किशोर रेहान सड़क के किनारे बैठकर बकरी चरा रहा था। चालक बृजेश तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली से किशोर को रौंद दिया था। नगपुर अस्पताल में डॉक्टरों ने किशोर के मौत की पुष्टि कर दी गई। इधर, जलालपुर पुलिस किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पिता मोहम्मद मुस्लिम रात में तहरीर लेकर थानाध्यक्ष के पास गया। थानाध्यक्ष ने सुबह आकर तहरीर देने की बात कही। पुत्र की मौत से आहत परिजन वापस लौट आए। सुबह परिजन थानाध्यक्ष से मिले तोथानाध्यक्ष ने तहरीर में नामजद आरोपियों के नाम के बजाय अज्ञात में तहरीर देने की बात कही। जिसपर परिजन तैयार नहीं हुए। गुरुवार को जब किशोर का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। केस दर्ज नहीं होने और विपक्षियों से मिलीभगत का आरोप लगाकर पीड़ित परिजनों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। सीओ देवेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि पुलिस का यह रवैया ठीक नहीं है, जिसकी जांच करायी जाएगी।

# बसपा ने जनपद में विकास की रखी नींव : विश्वनाथ पाल

**▸▸ मांगुराडिला में बसपा का एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन**

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल व साथ में मौजूद धनश्याम चंद्र खरवार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) ने जनपद के विकास में अहम योगदान दिया है। बसपा सुप्रीमो मायावती की वजह से जनपद में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई समेत कई डिग्री कॉलेज और राजकीय विद्यालय की भरमार हो गई है। बहन मायावती के शासनकाल में जहां कानून व्यवस्था पटरी पर थी। गुंडे, बदमाश जनपद को छोड़कर गैर प्रदेश में रहने लगे थे। अब किसी की कब हत्या, लूट हो जाए पता नहीं चलता। उक्त बातें बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जलालपुर के मांगुराडिला में कहीं।

उन्होंने कहा कि बहन मायावती के हाथों को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता आज से ही जनसंपर्क अभियान शुरू कर दें, जिससे भारी संख्या में भागीदारी हो सके। भाजपा द्वारा साजिश करते हुए बसपा को लड़ाई से बाहर बता कर सपा और भाजपा की लड़ाई बताई जा रही है। जबकि बसपा बड़ी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। इस बार बसपा इंडिया और एनडीए गठबंधन को पछाड़ने का कार्य करेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद घनश्यामचंद खरवार ने कहा कि बसपा मजबूत स्थिति में है। जिसके साथ दलित, ओबीसी, मुस्लिम और सवर्ण वर्ग के लोग भी हैं। ऐसी स्थिति में इस बार बसपा सभी को कड़ी टक्कर देने का कार्य करेगा। बसपा नेता राम नयन निर्दोष ने कहा कि हम लोगों को संगठित होकर चुनाव लड़ने की जरूरत है। सभी कार्यकर्ता इस कार्य में जुट जाएं। जिससे अंबेडकरनगर में पुनः बसपा अपनी सीट पर काबिज हो सके। कार्यक्रम में बसपा के लोकसभा प्रत्याशी मोहम्मद कलाम शाह, राजेश सिंह, हरिराम, अंबेश, तिलकधारी गौतम समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने बेटे अनिल शर्मा व बहू शालिनी शर्मा के व्यवहार से क्षुब्ध होकर उनसे सभी सम्बन्ध समाप्त करते हुये उन्हें समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किसी भी तरह के लिये गये ऋण व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार से कोई लेना देना नहीं है। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मुन्ना शर्मा पुत्र जादो लाल शर्मा निवासी- ए/39, राजीव नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ।**

### सूचना

मैं नं. 15134285L एक्स हवलदार शैलेन्द्र प्रताप यादव नि. प्रोफेसर कालोनी छिबरामऊ कन्नौज। मेरी पुत्री का नाम मेरे सर्विस रिकॉर्ड में प्रज्ञा (Pragya) दर्ज है जोकि गलत है जबकि सही नाम प्रज्ञा यादव (Pragya Yadav) है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में पुत्री का नाम प्रज्ञा यादव (Pragya Yadav) व जन्म तिथि 21.01.2005 दर्ज किया जाए।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी डी0 फार्मा द्वितीय सेमेस्टर डिग्री जे0बी0एस0 इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मा बन्दी का पुर्वा, जिला बाराबंकी से उत्तीर्ण किया है। जिसका इनरोलमेंट नं0 E18276821400011 तथा अनुक्रमांक नं0- 2229912147001 है। उक्त डी0फार्मा द्वितीय सेमेस्टर की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गयी है। **सुरेन्द्र प्रसाद पुत्र पन्नालाल निवासी- ग्राम पूरे नज्जू खां मजरे महमूदमऊ पोस्ट- मीरमऊ, तहसील- रूदौली, जनपद- अयोध्या**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे बैंक के खाता सं0- 2788000100108881 में मेरा नाम प्रिन्सी पटेल अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड सं0- 266937792274 में मेरा नाम दिव्या पटेल अंकित है। अतः प्रिन्सी पटेल के स्थान पर मेरा नाम दिव्या पटेल अंकित कर दिया जाये। **दिव्या पटेल पुत्री स्व0 मनोज कुमार नि0मो0- मिर्जापुर कस्बा मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई।**

### सूचना

मैं M. DASHVIN अपने पिता मुरली ई MURALI.E, के आर्मी नं.- 4192918L Vill.- Krishnavaram, Post- Palampakkam (Vellore) Tamil Nadu के सर्विस रिकॉर्ड में त्रुटिवश मेरा नाम M. DASWIN दर्ज है जबकि मेरा सही नाम M. DASHVIN है। अतः मेरे पिता के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा सही नाम M. DASHVIN दर्ज किया जाये।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति/भूखण्ड संख्या- सी-27, स्थित माधव ग्रीन, लखनऊ से सम्बन्धित मूल विक्रय विलेख पंजीकृत दिनांक - 29-11-2014, बही संख्या-01, जिल्द संख्या- 16148 के पृष्ठ संख्या- 235 से 260 तक क्रमांक संख्या-20068 उप निबन्धक कार्यालय, द्वितीय, लखनऊ में पंजीकृत है, जो कि मेसर्स अर्षा इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा निर्देशक, मथुरेश श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती सुषमा यादव पत्नी श्री सुनील के पक्ष में निष्पादित है, वास्तव में कहीं खो गया है, जो कि बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिला। सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर में ऋण हेतु आवेदन किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति किया जाता है तो वह अपना दावा/आपत्ति 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी अथवा बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। सूचना प्रकाशन के 15 दिनों उपरान्त किसी भी व्यक्ति/संस्था का दावा उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध उक्त मूल बैनामा के आधार पर मान्य नहीं होगा।

प्राधिनी (हेमलता वर्मा) पता- 1/43, विकास नगर, सेक्टर-1, लखनऊ। मो0नं0- 7007914933

# कुछ हैं चकाचक तो कुछ में पानी, बिजली और शौचालय की है दरकार

## मतदान केंद्रों तक पार्टियों के पहुंचने का रास्ता भी करना होगा सुगम, जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1665 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और 2726 मतदेय स्थल हैं

मनकापुर में मतदान केंद्र नरायनपुर ग्रंट का विद्यालय। अमृत विचार

वजीराबाद विद्यालय नवाबगंज। अमृत विचार

ज्ञानापुर खरिहा इटियाथोक। अमृत विचार

ज्ञानापुर खरिहा केंद्र तक जाने के लिए सिर्फ मेड़ ही रास्ता। अमृत विचार

**टीम अमृत विचार, गोंडा:** चुनावी सरगर्मी जारी है। जैसे-जैसे मौसम का पारा बढ़ रहा है उसी तरह चुनावी पारा भी बढ़ता जा रहा है। उम्मीदवार गांव-गांव दखल दे रहे हैं और अपना वोट दुरुस्त करने में जुटे हैं उसी तरह प्रशासन भी वोटरों, मतदान कार्मिकों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने, सुविधाओं से लैस करने के लिए जुटा है। अमृत विचार की टीम ने गुरुवार को मतदान केंद्रों की पड़ताल की तो कुछ चकाचक मिले लेकिन कुछ में भारी कमियां पाई गईं। हालांकि गोंडा व कैसरगंज में मतदान पांचवें चरण में है और अभी समय भी है इसलिए मतदान केंद्रों को सुधारने की कवायद में अधिकारी व कर्मचारी लगे हैं।

जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1665 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और 2726 मतदेय स्थल हैं। गोंडा लोकसभा की चार तथा कैसरगंज लोकसभा की तीन विधानसभा क्षेत्रों के कुल 2489196 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान केंद्र को सुसज्जित करने, वहां भवन के साथ बिजली, पानी, शौचालय, दिव्यांगों के लिए रैंप, बैठने के लिए बेंच व कुर्सी, पोलिंग पार्टियों के लिए आने जाने का रास्ता, सुरक्षा कर्मियों के तैनाती व भ्रमणशीलता को देखते हुए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश निर्वाचन आयोग ने दे रखा है। जहां जहां कमियां हैं वहां मुख्य विकास अधिकारी, डीएम व अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया और सुविधाएं देखी। इसके बावजूद कई ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां पर समस्याएं बनी हुई हैं।

मनकापुर में नरायनपुर ग्रंट प्राथमिक विद्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए 2 बूथ बनते हैं। यहां सभी प्रकार की व्यवस्था है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राहुल शुक्ला ने बताया कि शौचालय, पेयजल, बिजली व जो भी चुनाव में व्यवस्था होनी चाइये वो सब है। नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय वजीराबाद में प्रधानाचार्य रामबक्स ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं कंप्लीट हैं। प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए बिजली पानी और शौचालय बैठने के लिए कुर्सी आदि सभी व्यवस्थाएं कंप्लीट हैं। प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए व्यवस्था कंप्लीट कर लिया गया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय लोलपुर में दो बूथ बनाए गए हैं। लोलपुर गांव के प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने बताया कि मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं पूरी कर ली गई है। ग्राम प्रधान शोभाराम राजभर ने बताया कि मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए लाईट पंखा शौचालय पीने के लिए पानी आदि प्राथमिक विद्यालय महादेवा में कंप्लीट हैं।

इटियाथोक प्राथमिक विद्यालय में स्थित बूथ संख्या 86, 87, 88 है। इस बारे में प्रधानाचार्य डॉक्टर रामराज ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं कंप्लीट हैं। मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए बिजली पानी और शौचालय बैठने के लिए कुर्सी आदि सभी व्यवस्थाएं कंप्लीट है। इस बारे में विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरीश मौर्य ने बताया कि विद्यालय में आने-जाने के लिए रास्ते की व्यवस्था नहीं है और विद्युत कनेक्शन भी नहीं है।

विकासखंड बभनजोत के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर खान में बूथ संख्या 71, 72 है। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक विष्णु प्रसाद ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं कंप्लीट हैं। मतदान कर्मियों और मतदाताओं के लिए बिजली, इनवर्टर बैट्री, पानी पीने के लिए आरओ मशीन और शौचालय कुर्सी मेज आदि सभी व्यवस्थाएं कंप्लीट है। प्राथमिक विद्यालय बकवा दरगाह में दो कमरे को बूथ बनाया गया है। फिलहाल अभी कमरे के बाहर बूथ संख्या आदि कुछ नहीं लिखा हुआ है। इस विद्यालय में विद्युतीकरण न

सकरौरा गज्जूपुरवा मतदान केंद्र जिसमें बिजली, पानी व बाउंड्रीवाल विहीन नहीं।

गज्जूपुरवा का शौचालय। अमृत विचार

होने से बिजली की व्यवस्था जनरेटर के माध्यम से किया जाएगा। यहां पानी की व्यवस्था के लिए हैंडपंप लगा है। कुर्सी, मेज, शौचालय की व्यवस्था है, दिव्यांग शौचालय का दरवाजा टूटा हुआ है। ग्राम प्रधान फकीरे ने बताया कि बूथ संख्या 73, 74 है। कैसरगंज लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र करनैलगंज में बनाए गए मतदान केंद्र कन्हैया लाल इंटर कालेज, उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय विवेकानंद, नगर पालिका कार्यालय, बीआरसी स्थित कंपोजिट विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय बालकराम पुरवा में बिजली, पानी व शौचालय आदि की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है। वहीं आंगनवाड़ी केंद्र गज्जूपुरवा सकरौरा ग्रामीण में बने मतदान केंद्र में अव्यवस्थाओं की भारमार है। यहां न तो बिजली पंखा की व्यवस्था है न ही बाउंड्रीवाल है। शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। जिससे मतदान वाले दिन निर्वाचन कर्मियों एवं मतदाताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस बाबत उपजिलाधिकारी भारत भार्गव का कहना है कि लगभग सभी मतदान केंद्रों कि व्यवस्थाएं सही हो गईं हैं। जिन केंद्रों पर कुछ कमी हैं उन्हें भी जल्द ही दुरुस्त कराया जाएगा। डीएम नेहा शर्मा ने बुधवार को कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और सभी मतदान केंद्रों को पांच अप्रैल तक हर हाल में सभी सुविधाओं से सुसज्जित करने का आदेश दिया है। जिले में 583 ऐसे विद्यालय हैं जिनमें बिजली का कनेक्शन नहीं है। करीब 500 स्कूल हैं जो कंडम या जर्जर घोषित हो चुके हैं। इसमें से कुछ को ढहा दिया गया है। बिना बिजली वाले अधिकांश स्कूलों को ही मतदान केंद्र बनाया गया है। भीषण गर्मी के मध्य होने वाले चुनाव को लेकर बिना बिजली वाले मतदान केंद्रों पर जनरेटर, इनवर्टर या अन्य सोलर लाइट की जरूरत होगी। कई जगह शौचालय की स्थिति खराब है। कई जगह हैंडपंप खराब है जिसे रिबोर करने या वैकल्पिक व्यवस्था करने का आदेश जारी हुआ है।

# टप्पेबाजों ने एटीएम बदल उड़ा दिए 70 हजार रुपये

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** टप्पेबाजों ने एक लड़के से धोखाधड़ी कर एटीएम से 70 हजार रूपये उड़ा दिए। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित की मां ने पहले कोतवाली में तहरीर दी। कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

नगर के मोहल्ला सकरौरा पश्चिमी निवासिनी नूरी सबा पत्नी मोहम्मद अतीक ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत में कहा है कि उसने 14 मार्च को अपने पति के खाते का एटीएम कार्ड देकर अपने लड़के हसनैन को पैसा निकालने के लिए भेजा था।

पीड़िता के पुत्र हसनैन ने हितासी एटीएम घर निकट जायसवाल पुस्तक भंडार सकरौरा चौराहा करनैलगंज पर गया। किसी व्यक्ति ने उसके लड़के को बातचीत में उलझा कर एटीएम कार्ड बदल लिया। पैसा न निकलने पर वह सेंट्रल बैंक चला गया वहां पर भी पैसा न निकलने पर वह घर चला आया। दूसरे दिन 15 मार्च को वह अपने लड़के को लेकर एचडीएफसी बैंक गई और बैलेंस की जानकारी किया। पैसा न होने की जानकारी पर पासबुक प्रिंट करवाने पर मालूम हुआ कि खाते से 14 व 15 मार्च को 70 हजार 426 रुपये नौ बार में एटीएम द्वारा निकाला जा चुका है।

# स्वास्थ्यकर्मी बन चुरा रहा था फोन, पकड़ा गया

## तीमारदारों ने पकड़कर अस्पताल प्रशासन को सौंपा, कोतवाली में दी तहरीर

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज स्वास्थ्य कर्मी बनकर मरीजों और तीमारदारों का मोबाइल चुराने वाला एक शातिर बृहस्पतिवार को चोरी करते समय रंगे हाथ धर लिया गया। पकड़े गए आरोपी को तीमारदारों ने कालेज प्रशासन को सौंप दिया है वहीं पीड़ित मरीज ने मामले में नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

परसपुर थाना क्षेत्र के पूरेलाली ईंटार पांडेयपुरवा गांव के रहने वाले अनिल कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने भाई सुनील को महाराजा देवी बक्श सिंह स्वशासी मेडिकल कालेज के अस्थि वार्ड में भर्ती करा रखा है।

चोरी करते पकड़ा गया आरोपी।

अनिल ने बताया कि बुधवार रात एक युवक वार्ड में पहुंचा और खुद को स्वास्थ्य कर्मी बताकर मरीजों की जांच करने लगा। इस बीच वार्ड में भर्ती सात मरीजों का मोबाइल फोन गायब हो गया। जब युवक अनिल का मोबाइल चुराने लगा तो रंगेहाथ धर लिया गया। वार्ड में चोर के पकड़े जाने की सूचना से भीड़ जुट गयी। लोगों ने युवक को अस्पताल प्रशासन को सौंप दिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से अनिल की मोबाइल बरामद हुई है। मामले में अनिल ने आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में तहरीर दी है। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को कोतवाली लाया गया है। वह नशे की हालात में है। होश आने पर पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### चोरों का अड्डा बनता जा रहा अस्पताल

जिले के मेडिकल कालेज चोरों का अड्डा बनता जा रहा है। बताया जाता है कि मेडिकल कॉलेज में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। अभी तक तो मेडिकल कॉलेज परिसर में खड़ी बाइक आदि चोरी होती थी लेकिन अब चोर वार्ड के भीतर भी घुसकर चोरी करने लगे हैं। इन बढ़ती वारदातों से मरीज व उनके परिजनों को अपना सामान सुरक्षित करना काफी कठिन हो गया है।

### इन मरीजों व तीमारदारों के मोबाइल हुए गायब

मंगलवार की रात अस्पताल के हड्डी वार्ड में भर्ती सात मरीजों और उनके तीमारदारों के मोबाइल गायब हुए हैं। इनमें अमरावती निवासी चौधरीपुरवा थाना परसपुर, अनिल पांडे निवासी ईंटारपांडेपुरवा परसपुर, पिंकू दुबे निवासी कपूरपुर, बालपुर, शिव सिंह निवासी भट्टीचौहान परसपुर, समयदीन निवासी बेनीपुर मनकापुर व रंग बहादुर निवासी इस्माइलपुर उमरीबेगममगंज शामिल हैं।

## सार-संक्षेप

### भवनियापुर में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**इटियाथोक, अमृत विचार :** इटियाथोक क्षेत्र में कई दिनों से तेंदुआ देखे जाने से लोगों में भय है। कुछ दिन पहले एक व्यक्ति पर जंगली जानवर द्वारा हमला किए जाने का समाचार भी प्राप्त हुआ था। लेकिन वन विभाग ने तेंदुआ के मिलने से इनकार किया था। उधर भवनियापुर उपाध्याय गांव के पास सड़क के किनारे तेंदुआ खेत की ओर जा रहा है। इसका वीडियो भी वायरल हुआ। क्षेत्र के कई लोगों ने बताया कि इटियाथोक थाना क्षेत्र के भवनियांपुर उपाध्याय के पास तेंदुआ देखा गया है। इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई है। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है, लेकिन अब तक तेंदुए को पकड़ने में वन विभाग को सफलता नहीं मिली है जिससे क्षेत्र में लोगों के अंदर दहशत व्याप्त है। इससे पूर्व ग्राम पंचायत करुवापारा में एक व्यक्ति पर तेंदुए ने हमला भी किया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल भी हुआ था, लेकिन आज तक वन विभाग द्वारा पहचान नहीं हो पाई है और ना ही वह पकड़ में आया है। क्षेत्र के किसानों में भय है, क्योंकि उन्हें अपने खेतों की रक्षा करने के लिए लगातार बाहर निकालना पड़ता है।

### एकदूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दी होली की बधाई

होली मिलन कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी मण्डल पहाड़ापुर की ओर से ग्राम पंचायत पहाड़ापुर और देवा पसिया में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष भाजपा हरीश शुक्ला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश मौर्या ने किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली मिलन किया। इस मौके पर महाजन गुप्ता, मोहन सिंह, आनंद मिश्रा, बीपी श्रीवास्तव, हरिनाथ सिंह, वैभव श्रीवास्तव, अर्जुन शुक्ला, दीपक शुक्ला, रामानुज शुक्ला आदि रहे।

### बाइक मांगकर चलाई, वापस मांगने पर दी धमकी

**इटियाथोक, अमृत विचार :** बाइक मांग कर ले गया युवक ने कई दिनों तक बाइक को चलाया और बाइक खराब हो गई। बाइक वापस मांगने पर युवक ने वाहन स्वामी को जान से मारने की धमकी दी है। घटना की सूचना थाने पर दी गई है। ग्राम चुरिहापुर के तिलक राम ने बताया कि घोपतपुर बस्ती के गेंदालाल उसकी बाइक मांग कर ले गए थे। आरोप है कि गेंदालाल बाइक खराब होने पर उसे वापस मांगा तो खराब बाइक ठीक करने की बात पर गेंदालाल ने बाइक बेचने व जान से मारने की धमकी दी। घटना की तहरीर थाने पर दी गई है।

### बीईओ ने की बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता की जांच

**रुपईडीह, अमृत विचार :** शुक्रवार को ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय दुबावल व हरभजन पुरवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार व ओम प्रकाश तिवारी से निपुण भारत अभियान के तहत लक्ष्य प्राप्त कर चुके छात्र छात्राओं, मिड डे मील मिड तथा छात्र छात्राओं की उपस्थिति के बारे में जानकारी हासिल करते हुए छात्र छात्राओं से सवाल पूछ कर शैक्षिक गुणवत्ता की जांच की।

### शैक्षिक भ्रमण पर निकला छात्र-छात्राओं का दल

**रुपईडीह, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत शैक्षिक भ्रमण पर ब्लॉक रुपईडीह के छात्र-छात्राओं के दल को खंड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह ने हरी झंडी दिखाकर श्रावस्ती जाने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र से रवाना किया। एआरपी चंद्रशेखर तिवारी, अनुज तिवारी, घनश्याम शुक्ल व आशुतोष द्विवेदी, विशेष शिक्षक सुनीत कुमार मिश्र, अजीत तिवारी, विवेक पाठक, अकित तिवारी, पंकज मिश्र, गिरीश वर्मा, देव प्रभा त्रिपाठी, लेखाकार प्रभाकर तिवारी, विजयलक्ष्मी आदि रहीं।

### परसपुर में भाजपा ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

होली मिलन समारोह में विधायक अजय सिंह को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

**परसपुर, अमृत विचार :** भाजपा मंडल परसपुर व गोपाल ग्राम मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। ग्राम पंचायत लोहंगपुर व गोपाल ग्राम मंडल के बक्सैला तथा सरजू मंडल के शक्ति केंद्र बरदहा के बर्तरा में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित कर एकदूसरे को बधाई दी गई। मुख्य अतिथि करनैलगंज विधायक अजय सिंह ने भी सभी को बधाई दी। संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष राम कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर डॉ. एसपी सिंह, संदीप सिंह मोनू, सूरज सिंह, वासुदेव सिंह, सतीश मिश्रा, देवनाथ सविता, ऋचा पांडेय, देव प्रयाग अवस्थी, कुलदीप सिंह, विनोद सिंह, सरयू कुंवर बहादुर सिंह, दीपक सिंह, कुट्टू सिंह, धीरेंद्र सिंह आदि रहे।

# मेधावी बच्चों को मिला सम्मान

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचार:** समाज में शिक्षा का महत्व हमेशा से महान रहा है। शिक्षा हमें ज्ञान व कौशल प्रदान करती है। यह बात एसडीएस पब्लिक स्कूल पचपुती जगतापुर में आयोजित प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण के दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक सीपी सिंह ने कही।

कार्यक्रम में सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक शिवम् पांडेय व अध्यापिका ज्योत्सना राय ने किया। विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को रिजल्ट कार्ड का वितरण किया गया। इसके बाद विद्यालय

सम्मान प्राप्त करते बच्चे। अमृत विचार

में अपने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की तरफ से गोल्ड एवं सिल्वर मेडल, पठन पाठन सामग्री, थरमस आदि सामान देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रथम स्थान में कक्षा कक्षावार छात्र मोहम्मद आरिफ, रूबी शर्मा, अंकिता यादव, हरिओम पान्डेय, प्रखर सिंह, अमन सिंह, अनुष्का मौर्या को प्रथम स्थान मिला। इन सभी छात्र छात्राओं को उनके अभिभावकों के सामने पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आये हुए लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर अध्यापक राहुल गुप्ता, रचना, अर्चित, रिया, दिव्यांशी मिग्रा, राहुल कुलदीप के अलावा कई लोग मौजूद रहे।

# घर से निकला किशोर लापता

**गोंडा, अमृत विचार:** पैतृक गांव के लिए निकला किशोर लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। किशोर के पिता ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर बेटे को खोजने की गुहार लगाई है। नगर कोतवाली अंतर्गत दुख हरण नाथ मंदिर के समीप रहने वाले रामानंद की ओर से नगर कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि उनका बेटा इंद्र कुमार घर से पैतृक गांव बैरिया जो तरबगंज थाना क्षेत्र में पड़ता है, बुधवार को निकाला था लेकिन वह देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। काफी खोजबीन की गई नातेदार व रिश्तेदारों में भी पता लगाया गया। नगर कोतवाल राजेश सिंह को बताया कि किशोर के गायब होने की तहरीर मिली है।

# अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी नहीं किया काम

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** एसडीएम व अधिवक्ताओं के बीच हुए विवाद के बाद आंदोलित अधिवक्ताओं ने गुरुवार को भी कार्य से विरत रहकर अपना आंदोलन जारी रखा और अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमा समाप्त करने की मांग करते हुए नारेबाजी की। बीते 18 मार्च को एसडीएम कार्यालय में अधिवक्ताओं और नवागत उप जिलाधिकारी भारत भार्गव के बीच हुए विवाद के बाद एसडीएम ने नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह को अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। जिस पर उन्होंने अधिवक्ता धर्मेंद्र मिश्रा, हरिश्चंद्र, राकेश तिवारी, सुरेश तिवारी, प्रताप बली सिंह के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली गलौज, धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। जो मुकदमा दर्ज होने के तत्काल बाद दोनों पक्षों ने आपसी रजामंदी से मुकदमा वापस लेने के साथ सुलहनामा दाखिल किया। मगर अब तक मुकदमा स्पंज न होने पर बार एसोसिएशन करनैलगंज के अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी की अगुवाई में आंदोलन को रणनीति तैयार की गई। संघ के अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि एसडीएम करनैलगंज की जिम्मेदारी है कि आवश्यक कार्रवाई करके मुकदमा वापस कराएं और अगले बुधवार तक यदि मुकदमा समाप्त नहीं करा देते हैं तब तक बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

**उपलब्धि** उप्रावि बेलवा नोहर में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित, नियमित स्कूल आने वाली अंजू, अर्पित और अंजलि को मिला सर्वाधिक उपस्थिति का अवार्ड

# शिवम और सीबी सरोज को मिला चैंपियन ऑफ द ईयर सम्मान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** परसपुर के उप्रावि बेलवा नोहर में गुरुवार को वार्षिकोत्सव तथा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। बीईओ सुशील कुमार सिंह व खुनखुन जी डिग्री कॉलेज लखनऊ की एसोसिएट प्रो. डॉ. शालिनी शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के दो बच्चों को चैंपियन ऑफ द ईयर व नियमित रूप से स्कूल आने वाले तीन बच्चों को सर्वाधिक उपस्थिति अवार्ड से सम्मानित किया गया।

प्रधानाध्यपक मनोज कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। बालिका खुशी, सविता, काजल,

बच्चों के विज्ञान स्टॉल पर प्रदर्शित मॉडल का निरीक्षण करते अतिथि। अमृत विचार

वार्षिकोत्सव में बच्चों के साथ मौजूद अतिथि और शिक्षक। अमृत विचार

अर्पिता, रिमझिम, आयुष, सीमा, सोनाक्षी, व सुहानी ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना तथा सोशल मीडिया पर नाटक पेश किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे भविष्य के निर्माता होते हैं। शिक्षा बच्चो के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉक्टर शालिनी शुक्ला ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए हर क्षेत्र में बालिकाओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। विक्रमशिला फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर कृष्ण मोहन सिंह ने बेसिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। स्मार्ट क्लास के कोऑर्डिनेटर देवेश ने बेसिक शिक्षा में स्मार्ट क्लास की भूमिका के बारे में चर्चा की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि विद्यालय भौतिक और शैक्षिक रूप से सुसज्जित एवं व्यवस्थित है।यह प्रयास किया जाता है कि बच्चों का सर्वांगीण विकास इस विद्यालय में संभव हो। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र तिवारी ने कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय में किए गए कार्यों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने कौन बनेगा चैंपियन ऑफ द ईयर का सम्मान कक्षा 8 के शिवम और कक्षा 7 के सीबी सरोज को प्रदान किया। सर्वाधिक उपस्थित अवार्ड से कक्षा 6 की अंजू विश्वकर्मा, कक्षा 7 की अर्पित तिवारी तथा कक्षा 8 के अंजलि तिवारी को सम्मानित किया गया। कक्षा 8 के सभी बच्चों को उपहार प्रदान किया गया। अतिथियों ने बच्चों के विज्ञान स्टॉल का भी अवलोकन किया और उनकी प्रशंसा की। मंच का संचालन अध्यापक विवेक कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बच्चा राम, समाजसेवी अरुण कुमार तिवारी, रंजीत कुमार, प्रवक्ता शिल्पा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# साइकिल सवार अधेड़ को स्कॉर्पियो ने मारी ठोकर, गई जान

## नगर कोतवाली के गोंडा-उतरौला मार्ग स्थित धनौली गांव के समीप हादसा, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

स्कार्पियो के नीचे आई साइकिल।

घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** साइकिल सवार को स्कार्पियो ने ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं स्कॉर्पियो को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना नगर कोतवाली अंतर्गत गोंडा उतरौला मार्ग स्थित धनौली गांव के समीप की है।

कोतवाली देहात अंतर्गत अकेलवा महादेवा के रहने वाले जमुना प्रसाद (48) पुत्र स्वयंवर गुप्ता साइकिल से जिला मुख्यालय की ओर आ रहे थे, धनौली गांव के समीप पहुंचने पर तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी के चपेट में आ गए। स्कॉर्पियो गाड़ी ने इतनी जोर से ठोकर मारी की वे काफी दूर पर जाकर गिरे, जिससे उनको गंभीर चोट लगी और मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे सोनी गुमटी चौकी इंचार्ज दिवाकर मिश्रा ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्कॉर्पियो गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया गया है। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

गड्ढे में फंसी बस को धक्का लगाते जवान।

**भ्रमण पर गई एसएसबी जवानों की बस गड्ढे में फंसी: गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** वजीरगंज मे एसएसबी जवानों को लेकर क्षेत्र भ्रमण पर गयी बस गुरुवार दोपहर को बालेश्वरगंज दुर्जनपुरघाट महराजगंज मार्ग पर ग्राम पंचायत सोनबरसा के पास फंस गयी। जिसे जवानों ने धक्का लगाकर बाहर निकाला। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थानाध्यक्ष अभय सिंह के साथ एसएसबी जवानों की टीम क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर मजबूत कानून व्यवस्था का संदेश दे रही है जिससे मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न करायी जा सके। गुरुवार को वजीरगंज कस्बे से गस्त की शुरुआत कर बालेश्वरगंज राजसगरा डुमरियाडीह, नगवा, काशीपुर, महराजगंज होते हुए सोनबरसा पहुंची जहां सड़क किनारे पाइप डालने के लिए खोदे गए गड्ढे में गोण्डा डिपो की बस फंस गई। चालक के कड़ी मसक्कत के बाद भी जब बस नहीं निकली तो एसएसबी व पुलिस के जवानों ने धक्का मारकर बस को बाहर निकाला। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस टीम हर गांव मजरे व पोलिंग बूथ पर पहुंच रही है। गांवों में बन रही पानी की टंकियों के पाइप डालने के लिए सड़क किनारे बेतरतीब गड्ढे खोदे गए हैं।

## स्टेयरिंग फेल होने से सड़क किनारे पलटा पत्थर लदा ट्रक

गोंडा कार्यालय

गोंडा-लखनऊ हाईवे पर हादसे के बाद पलटा ट्रक अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजस्थान प्रदेश से पत्थर लादकर गोंडा की तरफ जा रहा एक ट्रक स्टेयरिंग फेल होने से अनियंत्रित हो गया और गोंडा लखनऊ हाइवे पर चौपाल सागर के समीप सड़क किनारे पलट गया। हालांकि गनीमत रही कि हादसे के वक्त सड़क पर कोई वाहन नहीं था वरना बड़ी घटना हो सकती थी। ट्रक चालक ने बताया कि वह राजस्थान से टाइल्स लादकर गोंडा के लिए निकला था। बृहस्पतिवार की सुबह वह हारीपुर के पास स्थित चौपाल सागर के समीप पहुंचा था कि ट्रक की स्टेयरिंग अचानक फेल हो गयी। उसने ट्रक को रोकने की कोशिश की लेकिन ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। चालक व खलासी ने कूदकर अपनी जान बचाई।

**बाइक सवार को बचाने में गड्ढे में जा गिरी एसयूवी: गोंडा कार्यालय:** मनकापुर मसकनवा मार्ग पर भी बृहस्पतिवार को एक बड़ा हादसा टल गया। एसयूवी चालक ने बताया कि बृहस्पतिवार को वह मनकापुर की तरफ जा रहा था। गड़रही मोड़ पर पहुंचा था कि अचानक सामने से एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को बचाने में उसकी कार अनियंत्रित हो गयी और वह सडक किनारे गड्ढे में जा गिरी।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# 724 बच्चों ने दी सर्वोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा

विशंभरपुर स्थित राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल में परीक्षा देते बच्चे। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की देखरेख में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा गुरुवार को हुई। तीन परीक्षा केंद्रों पर 724 बच्चों ने परीक्षा दी।

समाज कल्याण विभाग की देखरेख में जिले में तीन जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (राजकीय आश्रम पद्धति) संचालित हैं। सीबीएसई पैटर्न पर संचालित इन स्कूलों में प्रवेश के लिए परीक्षा ली जाती जाती है। नए सत्र में प्रवेश के लिए फरवरी में छात्र-छात्राओं से 15 मार्च तक आवेदन पत्र जमा कराए गए थे। एडमीशन के लिए कुल 798 छात्र छात्राओं ने आवेदन किया था। बृहस्पतिवार को इन बच्चों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। तीनों केंद्रों पर आवेदन के सापेक्ष 724 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा दी। इसमें धानेपुर के विशंभरपुर स्थित विद्यालय में 272 बच्चों के सापेक्ष 248 बच्चे प्रदेश परीक्षा में सम्मिलित हुए। स्कूल के प्रधानाचार्य आशीष पांडेय की देखरेख में परीक्षा करायी गयी। डायट प्रवक्ता हरेंद्र कुमार स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में परीक्षा की निगरानी के लिए तैनात रहे। खंड शिक्षा अधिकारी मनकापुर ध्रुव जायसवाल को डायट से प्रश्न पत्र केंद्र तक ले जाने और उत्तर पुस्तिका जमा करने की जिम्मेदारी दी गयी थी। इसी तरह करनैलगंज के सकरौर स्थित विद्यालय में स्टेटिक मजिस्ट्रेट डायट प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ की देखरेख में 221 छात्र छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा दी। विकास भवन के पास स्थित विद्यालय में डायट प्रवक्ता वीर बहादुर सिंह ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे और परीक्षा संपन्न करायी। स्कूल के प्रिंसिपल गौरव सिंह ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश के लिए 290 बच्चों वे आवेदन किया था। इसके सापेक्ष कुल 255 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि तीनों स्कूलों में कुल 798 बच्चों ने आवेदन किया था। इसके सापेक्ष 724 बच्चों ने परीक्षा दी है।

## गैंगस्टर के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी दो भाइयों को गिरफ्तार कर कोर्ट रवाना कर दिया। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया विनय कुमार उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय प्रेम किशोर उपाध्याय व रत्नेश उपाध्याय के खिलाफ उमरी बेगमगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत था। दोनों आरोपियों को मंगुरा पुलिस चौकी के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है तथा विभिन्न थानों में आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट और हत्या के प्रयास सहित करीब आधा दर्जन मुकदमे भी पहले से दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। गिरफ्तार कर्ता टीम में उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गौतम उप निरीक्षक संजीव चौहान कांस्टेबल रोहित मौर्य जयप्रकाश उपाध्यक्ष सुरेश यादव शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया रूट मार्च

नवाबगंज कस्बे में पैदल मार्च करते जवान। अमृत विचार

**नवाबगंज, अमृत विचार:** लोस चुनाव व रमजान के मद्देनजर अर्द्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने कस्बे के मुख्य मार्गों पर रूट मार्च किया और लोगों में सुरक्षा का भरोसा दिलाया। निरीक्षक अपराध राधेश्याम यादव की अगुवाई में थाना परिसर से सैकड़ों एसएसबी जवानों ने नगर में प्रवेश किया। कस्बे के थाना चौराहा, घंटाघर, तिकोना पार्क से कटी तिराहे तक पैदल मार्च करने के बाद अर्धसैनिक बल और जवान बाइक और बस पर सवार होकर सरयू घाट पुलिस चौकी से होते हुए कटरा शिवदयाल गंज कोल्हमपुर बाजार पहुंचे और मार्च किया।

### सी-विजिल ऐप से मिलीं सात शिकायतें

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधित शिकायतें प्राप्त करने व उसके गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए सी विजिल एप बनाया गया है। बताया कि निर्वाचन सम्बंधी आचार संहिता प्रभावी होने के दिनांक से अब तक कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुई इन सभी शिकायतों समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण करा दिया गया है।

### मोटरसाइकिल को किया क्षतिग्रस्त, केस दर्ज

**वजीरगंज, अमृत विचार:** वजीरगंज के पूरे सचित निवासी धर्मेंद्र तिवारी ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि ब्लॉक से वह अपने घर जा रहा था तभी जमीन के विवाद को लेकर रास्ते में विपक्षी सौरभ तिवारी, गौरव तिवारी व यशोदा नन्दन तिवारी ने अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे से पिटाई की जिससे चोटें आई है। बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी।

### जान से मारने की दी धमकी, मुकदमा दर्ज

**वजीरगंज, अमृत विचार:** कोठा भितरी निवासी शीला ने तहरीर देकर बताया कि विवाद को लेकर विपक्षी रामबरन शर्मा, सजीवन, केतका व क्रांति ने अभद्रता करते हुए डंडे से पिटाई कर दी जिससे हमें चोटे आई हैं तथा विपक्षी ने जान से मारने की धमकी भी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### किसानों से रूबरू हुई चीनी मिल की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर

**करनैलगंज, अमृत विचार:** ग्राम बरबटपुर में गन्ना किसानों की बैठक बलरामपुर चीनी मिल की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अवंतिका सरावगी की अध्यक्षता में हुई। अधिकारी ने किसानों की समस्याओं में मुख्य रूप से छुट्टा पशुओं, खेती के लिए पानी की समस्या एवं बिजली की समस्याओं व गन्ने की वैरायटी के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्हें हर तरह की सुविधाओं एवं हो रही समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया। छुट्टा पशुओं से निजात के लिए उन्होंने खेत के चारों तरफ इलेक्ट्रिक शॉक मशीन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को उसे उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

### राजेश्वरी सिंह महाविद्यालय में किसान गोष्ठी का आयोजन

**दुबहा बाजार, अमृत विचार:** बलरामपुर फाउंडेशन की इकाई मैजापुर द्वारा ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई के राजेश्वरी सिंह महाविद्यालय में किसान गोष्ठी आयोजित हुई। प्रबंधक कप्तान सिंह व ग्राम प्रधान रेखा दिनेश सिंह ने मुख्य अतिथि बलरामपुर शुगर यूनिट की निदेशक अवंतिका सरावगी का स्वागत किया। प्रधान प्रतिनिधि दिनेश प्रताप सिंह 'विक्की सिंह"ने भी उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने किसानों से गन्ना उपज में बढ़ोतरी एवं उत्पादन संबंधी जानकारी का आदान-प्रदान किया। गन्ना महाप्रबंधक मैजापुर चीनी मिल्स लिमिटेड संदीप अग्रवाल ने कहा कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई का उचित समय प्रारम्भ हो गया है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** माधवपुर में विवाद को लेकर मारपीट हुई है जिसमे दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई है। दोनों पक्षों ने केस दर्ज किए जाने की मांग की है। एक पक्ष के सुरेश शुक्ल ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर गांव के ही अनिल कुमार, विजय कुमार, अतुल कुमार पुत्र सुंदरलाल व सचिन, पियूष के उपर मारपीट का आरोप लगाया है। तो वहीं दूसरे पक्ष की गीता देवी ने थाना कटरा बाजार में प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें उन्होंने लिखा है कि विपक्षी सुरेश पुत्र मायाराम, शांति पत्नी सुरेश, अंजली पुत्री सुरेश, स्वामी प्रसाद व नकुल प्रार्थना के गांव के ही निवासी हैं। विपक्षी ने प्रार्थिनी के बाउंड्री के अंदर लगे लगे पपीते को जबरन तोड़ने लगे। रोकने पर प्रतिवादियों ने लाठी डंडे से मारा पीटा।

# राशन वितरण में मनमानी पर कोटा निलंबित

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** राशन वितरण में कोटेदारों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। कोटेदार कार्ड धारक से अंगूठा लगवाने के बाद उन्हें दूसरे दिन आने के लिए कह रहे हैं। नगर क्षेत्र के एक कोटेदार का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें कोटेदार लाभार्थी महिला से अंगूठा लगवाने के बाद उसे होली के बाद राशन लेने के लिए कह रहा है। महिला राशन देने की मिन्नत करती है तो कोटेदार कहता है कि राशन बाद में ले जाना। विभाग ने वायरल वीडियो की जांच करायी तो मामला सही निकला। इस पर कोटेदार की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

घटतौली रोकने के लिए राशन की दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन लगाने के बाद भी कोटेदार अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं और राशन की घटतौली कर रहे हैं। कोई विरोध करता है तो वह लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जा रहे हैं। इसी तरह का एक मामला नगर क्षेत्र में सामने आया है।

नगर पालिका क्षेत्र गोंडा के मालवीय नगर के दुकानदार आदिल जावेद पर कम खाद्यान्न देने का आरोप लगा है। आदिल जावेद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह एक महिला कार्ड धारक से अंगूठा लगवाने के बाद कह रहे हैं कि राशन लेने होली के बाद आना। जब महिला राशन देने के लिए कहती है तो कोटेदार कहता है कि राशन अभी नहीं है। इसलिए अब राशन होली बाद ही मिलेगा। कार्ड धारक ने इसकी शिकायत भी की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीएसओ ने मामले की जांच कराई तो आरोप सही पाया गया। इस पर आदिल जावेद का कोटा निलंबित कर दिया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने बताया कि मामले की जांच क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को सौंप जांच की गई तो शिकायत सही पाई गई। जिस पर आदिल जावेद की दुकान को निलंबित कर दिया गया है। वहीं नगर पंचायत तरबगंज के उचित दर विक्रेता लाल बाबू का कोटा भी घटतौली के चलते निलंबित किया गया है। दो दुकानों के निलंबन से कोटेदारों में हड़कंप मचा है।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर कोटेदार नहीं दे रहा खाद्यान्न, की शिकायत

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** कोटेदार खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी कर रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों को चावल नहीं दिया जा रहा है। जिसकी शिकायत की गई है। डीएसओ ने पूर्ति निरीक्षक को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विकासखंड परसपुर अंतर्गत खरगूपुर के रहने वाले व्यक्ति ने अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि कोटेदार आंगनबाड़ी केंद्र पर चावल नहीं दे रहे हैं, जिससे पकाया भोजन नहीं दिया जा सकता है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि परसपुर ब्लॉक से शिकायत आई थी की कोटेदार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर खाद्यान्न नहीं दिया जा रहा है।

# सभी खातों पर नजर रखें बैंककर्मी जिला निर्वाचन अफसर ने की बैठक

गोंडा कार्यालय

बैंक अधिकारियों के साथ बैठक करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण को लेकर एलडीएम एवं बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन संपन्न होने तक सभी खातों पर निगरानी रखी जाए। यदि किसी खाते में संदेहास्पद लेनदेन हो उस पर विशेष नजर रखी जाए। निर्वाचन के दौरान सभी अभ्यर्थियों का अलग खाता खोला जाएगा। उस खाते में होने वाले लेनदेन पर निगाह रखी जाए। कहा बैंक अधिकारी व कर्मचारी नगदी के आवागमन के दौरान पर्याप्त साक्षय रखें। जनपद में उड़न दस्ता टीम द्वारा चेकिंग की जा रही है। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, समस्त एसडीएम संबंधित आधिकारी उपस्थित रहे।

## अंकित मर्डर केस के आरोपी डॉ. दीपक की जमानत खारिज

अंकित तिवारी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** नर्सिंग सहायक अंकित तिवारी के मर्डर केस में आरोपित किए गए नारायणा हास्पिटल के संचालक डा दीपक सिंह की जमानत बृहस्पतिवार को खारिज हो गयी। जमानत याचिका पर सुनवाई करने के बाद एफटीसी कोर्ट ने अपराध को गंभीर प्रकृति का बताते हुए आरोपी डाक्टर की जमानत याचिका निरस्त कर दी। मोतीगंज थाना क्षेत्र से अचलपुर गांव का रहने वाला अंकित तिवारी (23) नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में काम करता था। 25 जनवरी की शाम को अंकित का अस्पताल के डाक्टर दीपक सिंह से विवाद हुआ था। अंकित ने इसकी जानकारी अपने पिता को फोन पर दी थी। कुछ घंटे बाद अंकित का क्षत-विक्षत शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंकित के शरीर पर 14 चोट के निशान पाए गए थे। मामले में अंकित के चाचा सुनील तिवारी ने गोंडा के जीआरपी थाने में नारायणा हास्पिटल के डाक्टर दीपक सिंह समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# हत्या या आत्महत्या में उलझी छात्र के मौत की गुत्थी

**संवाददाता, मनकापुर, अमृत विचार:** मनकापुर के ग्राम ललकपुर के मजरे छिटईजोत के रहने वाले रोहित वर्मा के मौत की गुत्थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या और आत्महत्या के बीच उलझ गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एंटी मार्टम इंजरी यानि मृत्यु पूर्व चोट की पुष्टि हुई है। रोहित के शरीर पर चोट के आठ निशान मिले हैं। रोहित की मौत को आत्महत्या बताने वाली पुलिस भी बैकफुट पर आ गयी है। वह बीए तृतीय वर्ष का छात्र था। इस रिपोर्ट के बाद पुलिस मृतक के मोबाइल का सीडीआर खंगालने में जुट गयी है।

रोहित वर्मा। (फाइल फोटो)

मनकापुर के ग्राम ललकपुर के मजरे छिटईजोत के रहने वाले राजेश वर्मा के बेटे रोहित वर्मा(22) का शव बुधवार की सुबह अशरफाबाद जंगल के बीच रेल ट्रैक के किनारे पड़ा मिला था। उसकी बाइक घटनास्थल से पांच सौ मीटर दूर खड़ी पायी गयी थी। मामले में मृतक के पिता ने बेटे की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। हालांकि पुलिस इसे आत्महत्या बता रही थी। बृहस्पतिवार को मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गयी। रिपोर्ट में एंटी मार्टम इंजरी यानि मृत्यु पूर्व चोट का खुलासा हुआ है। मृतक रोहित के शरीर पर चोट के 8 निशान पाए गए हैं। इस रिपोर्ट ने रोहित की मौत की गुत्थी को उलझा दिया है। पुलिस हत्या और आत्महत्या के बीच फंस गयी है। घटना को आत्महत्या बचाने वाली पुलिस अब मृतक के मोबाइल सीडीआर को खंगालने में जुटी है। परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल संतोष मिश्रा ने बताया कि पांच अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घटना की गहराई से जांच की जा रही है।

### रोहित के करीबियों पर टिकी पुलिस की नजर

पीएम रिपोर्ट में एंटी मॉर्टम इंजरी की पुष्टि के बाद पुलिस की नजर अब रोहित के करीबियों पर टिकी है। पता चला है कि रोहित के साथ उसके मामा का लड़का अनिल वर्मा भी रात में दुकान पर रहता था। अनिल झोलाछाप डाक्टर है और ललकपुर में ही क्लीनिक चलाता है। घटना वाली रात वह दुकान पर नहीं था। रोहित उस दिन अकेले सोने गया था। पुलिस अनिल वर्मा से भी पूछताछ कर रही है। इसके अलावा पुलिस की नजर मृतक का मोबाइल काल रिकार्ड पर भी है।

### जवान बेटे की मौत से परिजन बदहवास

जवान बेटे की मौत से उनके परिजन बदहवास हैं। पिता राजेश वर्मा कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं है। परिवार के लोगों का कहना है कि रोहित वर्मा 22 साल का मिलनसार एवं मेहनती लड़का था। रोहित के बाद उसकी बहन रोशनी (20) उद्देश्य (8) व विधि (8) हैं। विधि व उद्देश्य जुड़वा पैदा हुए थे। रोहित सबसे बड़ा था। अभी वह पढ़ रहा था।

# लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत करें मतदान : डीएम

पोलिंग बूथ का निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार

लोगों को मतदान के लिए शपथ दिलातीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

**डीएम ने कम मतदान वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों को दिलायी शपथ**

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने तथा आयोग के निर्देशानुसार जिले के मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के मद्देनज़र डीएम मोनिका रानी द्वारा निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की जांच की जा रही है। गुरुवार को उन्होंने नानपारा क्षेत्र में निरीक्षण बूथों का निरीक्षण किया और लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

डीएम ने तहसील नानपारा अन्तर्गत मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय हाड़ाबसेहरी व नानपारा खास का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, विद्युत कनेक्शन, लाईट व पंखों की उपलब्धता, मतदेय स्थल पर शौचालय, जलापूर्ति की स्थिति, मतदेय स्थल पर शुद्ध पेयजल, स्थापित हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, मतदेय स्थल/विद्यालय की साफ-सफाई, रैम्प, मतदान केन्द्र पर नेटवर्क की उपलब्धता, कन्ट्रोल रूम का नम्बर, फोटोयुक्त मतदाता पहचान-पत्र वितरण, रूट चार्ट तथा कम्यूनिकेशन प्लान में दर्ज मोबाइल नम्बरों का सत्यापन भी किया। डीएम ने एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया कि कम मतदान के कारकों का तत्काल समाधान कराते हुए मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। डीएम ने कोटेदारों, रसोइयों, रोजगार सेवकों, अध्यापकों, सचिवों, लेखपालों, आंगनबाड़ी, आशाओं को निर्देश दिया कि ग्रामवासियों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

डीएम मोनिका रानी ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया की शत-प्रतिशत मतदाताओं को ईपिक उपलब्ध कराये जाएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय, तहसीलदार अजय यादव, बीडीओ बलहा संदीप त्रिपाठी, बीईओ बलहा विभा सचान आदि मौजूद रहे।

## चुनावकर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा

**बहराइच, अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच में समाविष्ट बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी व बहराइच विधानसभा क्षेत्र में चतुर्थ चरण में 13 मई को तथा 57-कैसरगंज (आं.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट पयागपुर व कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र में पंचम चरण में 20 मई को मतदान होना है। निर्वाचन कार्मिकों को मताधिकार के लिए पोस्टल बैलेट अथवा निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र सुविधा प्रदान की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोस्टल बैलेट की सुविधा ऐसे कार्मिकों को ही उपलब्ध होगी जिनकी ड्यूटी उस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जहां के वे मतदाता हैं, से भिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगी हो और दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तिथि एक हो। ऐसे कार्मिकों जिनकी ड्यूटी उसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगी है, जहां के वे मतदाता हैं तो उन्हें निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) निर्गत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिकों को ड्यूटी आदेश के साथ प्रपत्र 12 एवं 12ए संलग्न कर अनिवार्य रूप से भेजा जायेगा ताकि वे द्वितीय प्रशिक्षण के समय फैसिलीटेशन सेन्टर पर नियमानुसार पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकें अथवा निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अन्य ड्यूटी में तैनात ऐसे कर्मचारी जो इस जनपद की किसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक हों, के प्रपत्र-12 मतदान दलों के प्रथम प्रशिक्षण के समय स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में परियोजना निदेशक डीआरडीए/प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट को उपलब्ध करा दिये जाएंगे। जिससे नियमानुसार पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने बताया कि यदि कोई कार्मिक अन्य जनपद के किसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता है और उसकी ड्यूटी इस जनपद में निर्वाचन कार्य हेतु लगी है तो उसके द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु प्रपत्र-12 पर आवेदन सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर को भेजा जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि प्रपत्र 12 अथवा प्रपत्र 12ए सुस्पष्ट रूप से भरा होना चाहिए और उसमें निर्वाचक नामावली की भाग संख्या, निर्वाचक की क्रम संख्या तथा मतदाता पहचान पत्र ईपिक नम्बर का अंकन आवश्यक रूप से होना चाहिए।

# दो करोड़ की चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

रूपईडीहा, बहराइच

**सफलता**

**पुलिस और एसएसबी को रुपईडीहा चेकपोस्ट पर जांच के दौरान मिली कामयाबी**

**अमृत विचार :** भारत-नेपाल सीमा पर जांच के दौरान पुलिस और एसएसबी के जवानों ने एक नेपाली महिला को 7.4 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। एसएसबी के मुताबिक बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग दो करोड़ रुपये है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस के जवान आने-जाने वाले लोगों की जांच कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रूपइडीहा चेक पोस्ट पर गुरुवार को दोपहर में जांच के दौरान एक महिला नेपाल की ओर से भारत में प्रवेश करने के लिए आ रही थी। एसएसबी और पुलिस ने जांच की तो महिला के पास से सात किलो 400 ग्राम चरस बरामद हुई। उसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। महिला तस्कर की पहचान सयपुरा बुधा पुत्री मन बहादुर बुधा निवासी वार्ड नं. 9 कोल जिला रुकुम, नेपाल के रूप में हुई। एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर नेपाली महिला को जेल भेज दिया गया है। जांच टीम में पुलिस टीम के उप निरीक्षक विजय कुमार, हेड कांस्टेबल मुलायम यादव, सिपाही सन्दीप चौहान, महिला सिपाही नेहा सिंह, प्रिया पाण्डेय और एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक सन्तोष कुमार विश्वास, मुख्य आरक्षी विक्रम कुमार राय, सुनील कुमार, परमार जयदेव, नरेश नेहरा, महिला जवान रोशनी बेन, प्रीति कौर, निशा यादव, अर्चना कुमारी, सुरेश कुमार और डागमैन मय डाग जोशना शामिल रहे।

## मतदाता पहचान के लिए आयोग ने दिए 12 विकल्प

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान के लिए निर्धारित किये गये 12 वैकल्पिक दस्तावेज़ों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज़ों के रूप में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंकों, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज़, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारियों मंत्रालय भारत सरकार अन्तर्गत जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड प्रस्तुत किये जा सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक साथ लाना अनिवार्य होगा।

## 100 मिनट में शिकायत का होगा निस्तारण

एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव।

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले का कोई भी व्यक्ति लोकसभा चुनाव में सी-विजिल ऐप पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन सम्बन्धी शिकायत दर्ज करवा सकता है। शिकायत के 100 मिनट में उसका निस्तारण किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत आदर्श आचार संहिता के उल्लघन सम्बन्धी समस्त शिकायतें दर्ज कराने के लिए सी-विजिल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि नागरिकों द्वारा सी-विजिल ऐप को मोबाइल पर डाउनलोड कर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन सम्बन्धी शिकायतों को किसी भी समय दर्ज किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल ऐप पर प्राप्त शिकायतों को 100 मिनट के अन्दर निस्तारित किये जाने का प्रावधान निर्धारित किया गया है।

## दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली कल

**बहराइच, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी रम्या आर. ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत 30 मार्च को दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली एवं मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रस्तावित है। सीडीओ ने बताया कि 30 मार्च को प्रातः 09:30 बजे कलेक्ट्रेट से पानी टंकी होते हुए इन्दिरा गांधी स्टेडियम तक दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि रैली समापन स्थल इन्दिरा गांधी स्टेडियम में रैली में शामिल लोगों को मतदाता शपथ दिलायी जायेगी।

## सार-संक्षेप

### रालोद जिलाध्यक्ष ने एनडीए के समर्थन में किया जनसंपर्क

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** एनडीए गठबंधन राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष राज कुमार ओझा ने जनसंपर्क कर लोगों को एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। गुरुवार को रालोद जिलाध्यक्ष राज कुमार ओझा अपने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा क्षेत्र के कई गांवों में जाकर प्रत्याशी साकेत मिश्रा के समर्थन में लोगों से सहयोग मांगा। इस दौरान सुनील मिश्रा, अतुल तिवारी, राजेश वर्मा, हरीराम भार्गव, ननकू गौतम, राकेश यादव, राजेन्द्र पासवान आदि मौजूद रहे।

### श्रावस्ती में नवजात को फेंका

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिले में एक बार फिर ममता को तार तार करने वाली घटना देखने को मिली। बुधवार की रात एक मां ने अपनी नवजात बच्ची को रात में जरकुशहा पुल के नीचे फेंक दिया। कपड़े में लिपटी मृत नवजात बच्ची पुल के नीचे पड़ी मिली। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ पुल के नीचे जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक भिनगा महिमनाथ उपाध्याय ने बताया कि बच्ची का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### संगम बने भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष

संगम पाण्डेय, नव नियुक्त उपाध्यक्ष भाजयुमो

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व और जिलाध्यक्ष भाजपा व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा ने प्रदेश अध्यक्ष की सहमति पर युवा मोर्चा जिला कार्यकारणी की घोषणा कर दी है। मेंहदावल क्षेत्र के भाजपा के युवा नेता संगम पांडेय को युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगम के मनोनयन की सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजयुमो के नवनियुक्त उपाध्यक्ष ने मनोनयन पर प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की हर कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत

## एक मोटरसाइकिल पर सवार थे चार लोग, महिला घायल

राजीचौराहा, बहराइच

हादसे के बाद जमा भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार:** हरदी थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात करीब आठ बजे ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में एक बालक भी शामिल है जबकि उसकी मां हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाली ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है जबकि हादसे के बाद चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर के मजरा चमारनपुरवा गांव निवासी सुरेश का विवाह खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकैना के मजरा कोठार में हुआ है। सुरेश इस समय मुंबई में काम करता है। इसके चलते होली में सुरेश की पत्नी मायके नहीं जा सकी थी। गुरुवार सुबह प्रीति देवी उर्फ सुमित्रा पत्नी सुरेश, अपने बेटे अंकित (6), चाचा आशाराम पुत्र छब्बर और परिवार के ही गंगाराम पुत्र लाखन, बेटी सजनी और ससुर मालती के साथ दो बाइक से मायके बकैना गांव के लिए रवाना हुए। एक बाइक पर आशाराम, गंगाराम, प्रीति और बेटा अंकित सवार थे। सभी लोग हरदी थाना क्षेत्र के राजीचौराहा मार्ग से लगभग 500 मीटर की दूरी पर पहुंचे थे तभी रात लगभग आठ बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने एक बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तेज नारायण शुक्ला समेत गांव के अन्य लोगों की मदद से एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष, सीओ अनिल कुमार सिंह, एएसपी मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष वीके सरोज ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। चालक फरार हो गया है, उसकी तलाश की जा रही है।

### और बच गई बेटी

महिला की तीन वर्षीया बेटी भी मां के साथ जाने के लिए जिद कर रही थी। लेकिन जगह न होने पर महिला के ससुर उसको अपने साथ लेकर गए। वह धीमी गति से बाइक चला रहे थे। इसके चलते वह हादसे के समय काफी पीछे रह गए थे।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं समेत 7 घायल

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के चार थानो के विभिन्न स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं सहित सात घायल हो गए। मुर्तिहा कोतवाली इलाके में घायल अधेड़ को गंभीर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

सुजौली थाने के कारीकोट के मजरे आज़मगढ़पुरवा निवासी 60 वर्षीय नाथू राम पुत्र राम कुमार शुक्रवार शाम लगभग चार बजे बाइक से 22 वर्षीय बेटी संध्या के साथ बिछिया से मिहींपुरवा होकर सर्रा कलां जा रहे थे। मोतीपुर से बिछिया की ओर बस आ रही थी, जिसे साइड देने के लिए बाइक किनारे की। रास्ते में मुर्तिहा छावनी से आगे बढ़ने पर लक्कड़ साहब बाबा की मजार से थोड़ा आगे सड़क के किनारे पेड़ से बाइक टकरा गयी। हादसे में दोनों घायल हो गए। रास्ते में दुर्घटना को देखकर प्रधान प्रतिनिधि प्रीतम निषाद ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर भेजा। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

दरगाह थाने के बरई बिलासा निवासी 40 वर्षीय सतगुरु पुत्र मठल्लू गुरुवार शाम साइकिल से सामान लाने निकले थे। दरगाह थाने के बहराइच-जमुनहा रोड पर बिटाना हास्पिटल के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। खैरीघाट थाने के थैलिया के पास गुरुवार शाम दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गयी। हादसे में एक बाइक पर सवार नानपारा कोतवाली के गोड़ियन टोला निवासी रामशंकर पुत्र जगदीश, मुंशी व दूसरी बाइक पर सवार खैरीघाट थाने के वंशपुरवा निवासी असगर पुत्र शमसुल घायल हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। यहां से गंभीर हालत में रामशंकर व असगर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर, बढ़ैय्या कलां निवासी राम मनोहर व उनकी पत्नी सुगरा साइकिल से गुरुवार को दिन में करीब तीन बजे रिश्तेदारी में जा रहे थे। भरिया मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। इसके चलते सुगरा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे नानपारा सीएचसी लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जिले में मनाया गया विश्व क्षय रोग दिवस बांटी गई पोषण किट

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिले के विभिन्न सीएचसी पर विश्व क्षय रोग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद क्षय रोगियों को पोषण किट का वितरण किया गया।भिनगा जिला अस्पताल परिसर स्थित क्षय रोग नियंत्रण केंद्र सहित विभिन्न सीएचसी पर विश्व क्षय रोग दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर एडीटीओ डॉ. संत कुमार ने क्षय रोगियों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि क्षय रोगियों को इधर-उधर थूकने व खांसने से बचना चाहिए। इस मौके पर डॉ. ओपी वर्मा, रवि मिश्रा, संदीप सिंह, सुधाकर पांडेय, अनुपम श्रीवास्तव, सौरभ कटियार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। इसी तरह से सीएचसी इकौना में अधीक्षक डॉ. अंकित अग्रवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधीक्षक ने विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया। इस मौके पर डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. पूनम मौर्या, डॉ. अनिल त्रिपाठी, कपिल देव व दिवाकर शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रदर्शन

**ग्रामीण बोले- आजादी के 75 वर्ष बाद भी नहीं मिली सड़क और जलनिकासी के लिए नाली**

बौंडी, बहराइच

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते गांव के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत राजा रेहुआ के हनुमानपुरवा गांव के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इसको लेकर गांव के लोगों ने गुरुवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने सड़क, नाली और आवास दिलाए जाने की मांग की।

फखरपुर विकास खंड क्षेत्र की ग्रामसभा राजा रेहुआ के मजरा हनुमान दासपुरवा गांव आज भी विकास से कोसों दूर है। यहां के लोगों को खड़ंजा, जलनिकासी के लिए नाली और पात्रों को आवास भी नहीं मिला है। गांव के लोगों का कहना है कि हम सभी 75वीं आजादी मना रहे हैं लेकिन आज भी गांव विकास से कोसों दूर है। इसी को लेकर सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी से हम लोग नर्क भरी जिंदगी जीने को मजबूर हैं।

हमारे गांव में एक भी सड़क ऐसी नही है जिसमें बिना कीचड़ में पैर रखे निकल सकें। ग्राम पंचायत सदस्य गेंदाराम यादव ने बताया कि हमारे गांव की लगभग 20 वर्ष से सभी सड़कें खराब हैं। बरसात के मौसम में लोगों को आने-जाने में काफी समस्या होती है। ग्रामीण कंधई लाल ने कहा कि रास्ते की समस्या को लेकर कई बार हम लोगों ने जिम्मेदार लोगों से शिकायत की लेकिन कहीं भी हमारी सुनवाई नहीं हो रही है।

प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी और एसडीएम को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में गांव में सड़क निर्माण के साथ जल निकासी के लिए नाली का निर्माण कराए जाने की मांग की गयी है।

# डीएम ने लगायी मतदाता जागरूकता चौपाल

श्रावस्ती

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के उद्देश्य से विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय रेहली विशुनपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन हुआ।

इस दौरान जिलाधिकारी ने गांव की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं ग्राम वासियों से स्वयं मतदान करने व दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस दौरान जिलाधिकारी ने लोगों को मतदाता शपथ भी दिलायी। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि निर्वाचन में प्रत्येक मतदाता को अपने अमूल्य मताधिकार का उपयोग करना आवश्यक है, क्योंकि एक-एक मत अमूल्य है और एक वोट से ही अच्छे लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है।

## मीडिया मॉनीटरिंग सेल व कन्ट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

केंद्र का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी।

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट के ईओसी कक्ष में मीडिया सर्टीफिकेशन एण्ड मानिटरिंग सेल (एमसीएमसी) एवं जिला सम्पर्क केन्द्र/कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। गुरुवार को डीएम ने स्थापित केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने निर्देश दिया कि प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मीडिया, रेडियो में पेड न्यूज एवं विज्ञापन आदि के प्रकाशन प्रसारण पर व्यापक निगरानी रखें। बिना अनुमति के प्रचार-प्रसार करने पर उसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में सम्बन्धित के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगति प्रावधानों के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिला सम्पर्क केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सहायक नोडल अधिकारी को निर्देश दिया कि कन्ट्रोलरूम में आने वाली सभी शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए।

# मतदाताओं को पहचान साबित करने के लिए मिलेंगे 12 विकल्प : जिलाधिकारी

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन आयोग ने मतदान के दौरान मतदाताओं को उनकी पहचान साबित करने के लिए 12 विकल्प दिए हैं। आयोग के निर्णय के अनुसार मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र राज्य सरकार लोक उपक्रम या पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों द्वारा जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र लेकर मतदान केंद्रों पर आना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि एपिक में प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अन्दाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो किसी अन्य विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकृत किये जाएंगे। बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है उस मतदेय स्थल से सम्बन्धित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिये। फोटो के बेमेल होने पर मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

## मतदान से 5 दिन पूर्व घर-घर पहुंचाई जाएगी मतदाता पर्ची

**संतकबीरनगर :** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 5 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गये हैं। मतदाता सूचना पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक साथ लाना अनिवार्य होगा।

## भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

प्रेम नरायन सिंह, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा

**संतकबीरनगर :** भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद के विरोध का सिलसिला बदस्तूर जारी है। हर विधानसभा क्षेत्र से विरोध के स्वर अब सतह पर आने लगे हैं। आम जनता और सामान्य मतदाताओं की बात छोड़िए अब भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी विरोध का झंडा बुलंद करने लगे हैं। ताज़ा मामला भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रेम नरायन सिंह के इस्तीफे का सामने आया है। सोशल मीडिया पर इस्तीफे की घोषणा करते हुए जिला उपाध्यक्ष पीएन सिंह ने बताया कि भाजपा की विगत दो दशकों से सेवा करता आ रहा हूं। मण्डल अध्यक्ष और विभिन्न पदों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने के साथ ही वर्तमान समय में भाजपा किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष हूं। क्षेत्र की जनता में चौबीसों घंटे मौजूद रहकर जन सेवा ही करता हूं। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। जिले की तीनों विधानसभा सीटों और लोकसभा सीट पर भाजपा का कब्जा है। जनता अपना दुख दर्द हम जैसे पदाधिकारियों से कहती है। क्षेत्रीय सांसद ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में कभी क्षेत्र भ्रमण नहीं किया। विकास का कोई काम कराना तो दूर सांसद प्रवीण निषाद भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पहचानते तक नहीं हैं। ऐसे व्यक्ति को पार्टी ने बिना कार्यकर्ताओं से सलाह लिये प्रत्याशी घोषित कर कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ दिया है।

18वां रोजा

शिया
सहरी : 04.26 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.40 बजे
इफ्तार : 06.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# फर्जी अंकपत्र पर की 35 साल नौकरी, 31 को है रिटायरमेंट

- नलकूप विभाग में वर्ष 1984 में हुई थी चालक के पद पर तैनाती
- प्रमोशन मिलने के बाद बन गए सींच पर्यवेक्षक

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** नलकूप विभाग में फर्जी अंकपत्र के सहारे नौकरी करने के मामले का खुलासा जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत हुआ है। वर्ष 1984 में नलकूप चालक के पद पर भर्ती कर्मचारी ने बाराबंकी और मथुरा का भी अंकपत्र दिखाया, लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक और कुलसचिव ने यहां का अंक पत्र होने से इनकार कर दिया। इसके बाद भी विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

हुजूरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत बसंतपुर निवासी दिनेश प्रताप सिंह इस समय नलकूप विभाग में सींच पर्यवेक्षक के पद पर तैनात हैं। उनकी तैनाती वर्ष 1984 में नलकूप चालक के पद पर हुई थी। गांव निवासी सूर्य प्रताप सिंह ने फर्जी अंकपत्र पर नौकरी करने का आरोप लगाते हुए नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता से आरटीआई के तहत जानकारी मांगी थी। जुलाई 2021 को विभाग ने हाईस्कूल में दिनेश प्रताप सिंह द्वारा लगाए गए मार्कशीट की फोटो कॉपी देते हुए विद्यालय का विवरण दिया था। इस पर सूर्य प्रताप सिंह ने बाराबंकी में संचालित एसआरबी कॉलेज लखपेड़ाबाग के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक से जानकारी ली। बाराबंकी के तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक



बाराबंकी से जारी किया गया पत्र।

राजेश वर्मा ने एसआरबी कॉलेज के वर्ष 1982 में और वर्तमान समय में संचालित न होने की जानकारी दी, साथ ही अंकपत्र को फर्जी बताया। इस पर पुनः सूर्य प्रताप सिंह ने नलकूप विभाग से जानकारी ली तो नलकूप विभाग की ओर से गुरुकुल विश्वविद्यालय मथुरा वृंदावन विद्यालय द्वारा जारी अंक पत्र दिया गया। वहां भी वर्ष 1982 में हाईस्कूल पास दिखाया गया।



गुरुकुल विवि मथुरा के कुलपति का पत्र।

इस पर सूर्य प्रताप सिंह ने गुरुकुल विश्वविद्यालय मथुरा वृंदावन के कुल सचिव को पत्र भेजकर जानकारी ली। गुरुकुल विवि के कुलसचिव परमेंद्र पाल ने 5 दिसंबर 2023 को सूचना उपलब्ध कराई। इसमें उनका कहना है कि अंक पत्र उनके विद्यालय का नहीं है, न ही दिनेश प्रताप नामक छात्र द्वारा यहां शिक्षा ग्रहण की गयी है। स्कूल का संचालन भी इस समय बंद है। उस समय विवि संस्था द्वारा संचालित था। कुलसचिव का कहना है कि हस्ताक्षर भी फर्जी बनाया गया है। ऐसे में पूरी तरह से सिद्ध होता है कि दिनेश प्रताप सिंह की भर्ती फर्जी अंक पत्र पर वर्ष 1984 में हुई थी। अब वह पूरी नौकरी कर 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

### केस दर्ज कर की जाए रिकवरी

हुजूरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत बसंतपुर निवासी सूर्य प्रताप सिंह का कहना है कि विभाग ने पहले बाराबंकी में संचालित एसआरबी कॉलेज लखपेड़ाबाग का अंकपत्र दिया। जब यह फर्जी निकला तो विभाग ने मथुरा में संचालित गुरुकुल विवि मथुरा वृंदावन का अंकपत्र लगाया। लेकिन यह भी फर्जी है। ऐसे में विभाग जांच कर कार्रवाई करे। उन्होंने उक्त कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर रिकवरी करवाने की मांग की है।

### पत्र मिले तो जांच कर होगी कार्रवाई

नलकूप विभाग में दिनेश प्रताप सिंह सींच पर्यवेक्षक के पद पर तैनात हैं लेकिन उनकी तैनाती फर्जी अंकपत्र के सहारे हुई है। इसकी जानकारी नहीं है अगर पूरे कागजात मिले तो वह जांच कराकर कार्रवाई करेंगे। थाने में केस भी दर्ज करवाएंगे। धोखाधड़ी से नौकरी करना गलत है।

-हरिओम वर्मा, अधिशाषी अभियंता, नलकूप विभाग

### बकाया भरण पोषण की वसूली के लिए नीलाम होगी जमीन

**बहराइच:** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गोण्डा में दाण्डिक प्रकीर्ण वाद सुनीता बनाम घनश्याम में पारित आदेश 13 मार्च के अनुपालन में तहसीलदार कैसरगंज के पत्र 21 मार्च द्वारा बकाया भरण पोषण राशि 82,825 रुपये व दाण्डिक प्रकीर्ण वाद सं 18/2019 द्वारा बकाया भरण पोषण राशि 98 हजार रुपये न अदा करने के कारण घनश्याम निवासी ग्राम खनेहटा भरथा थाना कैसरगंज, बहाइच की कुल सम्पत्ति नीलाम होगी। भूमि ग्राम खनेहटा की खाता सं. 245 की गाटा सं. 398 की नीलामी 30 मार्च को निर्धारित है। नायब तहसीलदार कैसरगंज ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 30 मार्च को अपरान्ह एक बजे तहसील सभागार कैसरगंज में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

## एक नजर

### मामूली विवाद में महिला को पीटा

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार :** खैरी डिकौली में मामूली विवाद में विपक्षियों ने महिला को मार-पीटकर घायल कर दिया। थाना रिसिया पर खैरी डिकौली गांव की मीरा देवी पत्नी ओमप्रकाश ने तहरीर दी कि उसके घर के सामने की जगह बकरी ने गंदी कर दी। इसकी शिकायत जब उसने विपक्षी गोजई एवं गोड़ाई की पत्नी से की तो दोनों ने उसे लाठी-डंडों से मारा। इसके कारण उसकी आंख के निकट काफी चोट आ गई है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है, विधिक कार्रवाई की जा रही है

### चोरी की साजिश रचते तीन गिरफ्तार

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार :** मोतीपुर थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की साजिश रचते पुलिस ने तीन शातिरों को को गिरफ्तार किया है। चोरी के उपकरणों के साथ जोगिनिया निवासी दिलबहार, बुद्धूपुरवा निवासी मोनू एवं नयापुरवा निवासी गुफरान समेत तीन पकड़े गए।

# कतर्नियाघाट में सूखी ग्रास लैंड, कैसे भरेगा शाकाहारी वन्यजीवों का पेट

## घास के स्थान पर सिर्फ बची है बंजर जमीन, वर्षों नहीं हुई जुताई और न हुआ उन्मूलन कार्य

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** कतर्निया घाट स्थित ग्रासलैंड बंजर मैदान में तब्दील है ऐसे में जंगल में विचरण करने वाले शाकाहारी वन्यजीवों का पेट कैसे भरेगा, यह सवाल लोगों के मन में उठ रहा है।

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाव में शाकाहारी वन्य जीवों के पालन पोषण के लिए दो स्थानों पर ग्रासलैंड का प्रबंधन का कार्य हुआ था। सुजौली रेंज में स्थित स्टेट फार्म बगुलहिया में पांच हेक्टेयर जमीन में इसका प्रबंधन वर्ष 2014 में शुरू हुआ था। वर्ष 2020 में ग्रासलैंड विशेष प्रबंधन का कार्य कैंपा योजना के तहत हुआ था। इसके

सुजौली रेंज में जंगल से गायब घास और बंजर जमीन। अमृत विचार

अलावा अंबा के निकट ग्रासलैंड स्थित है। लेकिन विशेष प्रबंध पर वन विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इसके चलते ग्रास लैंड पूरी तरह से बंजर जमीन में तब्दील हो गया है। शाकाहारी वन्य जीवों को खाने के लिए घास नहीं मिल रही है। खरगोश, हिरण, काकड़, मोर समेत अन्य छोटे वन्यजीव घास पर ही आश्रित हैं।

जंगल में अब शाकाहारी वन्य जीव झुंड में नहीं दिखते हैं। जबकि पांच से छह साल पहले यह झुंड में दिखते थे।

### वर्षों से नहीं हुई हैरो से जुताई

ग्रासलैंड में वन्यजीवों के लिए तैयार होने वाली घास के लिए वन विभाग द्वारा उन्मूलन कार्य कराया जाता है। हैरो से जमीन की जुताई होती है। इसके चलते बेहतर ग्रासलैंड तैयार होता है और शाकाहारी वन्य जीवों को चरने के लिए उपयुक्त घास मिलती है। लेकिन वर्षों से हैरो से जुताई नहीं की गयी है।

### मौजूद है उपयुक्त घास

जंगल में शाकाहारी वन्य जीवों के लिए ग्रास लैंड का प्रबंधन हुआ है। घास भी मौजूद है। शाकाहारी जीवों को भोजन के लिए कोई समस्या नहीं है।

-बी. शिव शंकर, डीएफओ

# इलाज से छह माह में खत्म होगी टीबी

### विश्व क्षय रोग दिवस

**अमृत विचार :** विश्व क्षय रोग दिवस पर सीएमओ कार्यालय सभागार में गुरुवार को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रभारी सीएमओ डॉ.राकेश कुमार ने कहा कि टीबी रोग अब लाइलाज नहीं है। समय से इस रोग की पहचान हो जाए, तो छह महीने इलाज से यह रोग खत्म हो जाता है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.एमएल वर्मा ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को एक सप्ताह से अधिक खांसी आ रही है और 15 दिन से बुखार आ रहा है तो वह तत्काल टीबी की जांच करा ले। इसकी जांच सभी सरकारी

विश्व क्षय दिवस पर हस्ताक्षर अभियान चलाते स्वास्थ्य अधिकारी। अमृत विचार

अस्पतालों में निःशुल्क होती है। जिला शिक्षा स्वास्थ्य एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि 2025 तक जिले को टीबी मुक्त घोषित किए जाने का लक्ष्य है। इसलिए सभी को टीबी रोग के कारण, लक्षण एवं निदान के बारे में जागरूक होना पड़ेगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सरजू खान ने बताया कि वर्तमान समय में जिले में 3800 टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर टीबी को खत्म करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डीसीपीएम मोहम्मद राशिद खान, डॉ.पीके वर्मा, अश्वनी पांडेय, रवि शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# झाड़ियों में बैठा मिला तेंदुआ, टीम सहमी

**बहराइच, अमृत विचार :** जंगल से सटे गांवों में बाघ और तेंदुओं के निकलने का सिलसिला जारी है। गुरुवार डब्लूटीआई की टीम को तेंदुआ दिखा। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के जंगलों से निकलकर बाघ और तेंदुए निरंतर आबादी की ओर पहुंच रहे हैं। इस पर बचाव के लिए वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। बृहस्पतिवार को डब्ल्यूटीआई टीम की श्रुति चौहान समेत तीन सदस्यीय टीम जंगल से सटे गांवों के आसपास कैमरा लगाने जा रही थी। तभी टीम को सड़क किनारे झाड़ी में तेंदुआ बैठा दिखा। तेंदुआ देखकर सभी सहम गए। टीम के सदस्यों ने दूर से ही मोबाइल में तेंदुआ के चित्र को कैद किया। डब्ल्यूटीआई श्रुति ने बताया कि तेंदुआ वयस्क था। लेकिन किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। कुछ देर बाद वह जंगल में चला गया।

## सार-संक्षेप

### प्रभु श्रीराम का नाम लेने मात्र से मिलती है मुक्ति

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** ग्रामसभा उधरना सरहदी के मजरा शुकुलपुरवा सात दिवसीय राम कथा की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई। रामकथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गांव की महिलाएं शुकुल पुरवा से दुर्गा माई मन्दिर काशी दास घाट कंछर पहुंची। यहां पर वरुण देवता, यज्ञ नारायण भगवान का पूजन अर्चन अवध धाम से आए श्रवण कृष्ण शास्त्री ने कलश की स्थापना करवाई। सायंकाल परमानन्द महाराज ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का अनुकरण कर एवं उनके नाम का आश्रय लेकर और माता पिता की सेवा करके, गुरु के वचनों पर विश्वास करके ही भव सागर से पार पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का नाम लेने से कष्ट दूर होते हैं। मुख्य यजमान राम प्रताप शुक्ला, रमाशंकर शुक्ल, अंबर प्रसाद शुक्ला पुजारी, भुर्रे शुक्ल, विनय, आनंद, सोनू, मुकेश, छोटू, पिंटू, दद्दू, जटाशंकर, शुभम, मुनाऊ शुक्ल, सतीश शुक्ल, ओमप्रकाश शुक्ल, बब्लू भइया, कृष्णानन्द शुक्ल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

राम कथा सुनाते कथावाचक।

### एक्सपोजर विजिट के लिए विद्यालयों के बच्चे रवाना

बस को हरी झंडी दिखाकर आंचलिक विज्ञान केंद्र रवाना करते खंड शिक्षा अधिकारी।

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छह दर्जन से अधिक छात्र एक्सपोजर विजिट के लिए गुरुवार को आंचलिक विज्ञान केंद्र, अलीगंज, लखनऊ रवाना हुए। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय एक्सपोजर विजिट के लिए बच्चों की बस को खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र के 9 न्याय पंचायतों से उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 100 बच्चों को एक्सपोजर विजिट के लिए दो बसों से आंचलिक विज्ञान केंद्र भेजा गया है। बच्चों के साथ एआरपी सुनील कुमार तिवारी, दिलीप कुमार तिवारी, शिक्षक अजय श्रीवास्तव, नवल कुमार पाठक, सर्वेश कुमार व शिक्षिका पारूल शुक्ला, गीता शुक्ला को भेजा गया है। द्विवेदी ने कहा कि टूर से बच्चों के मानसिक विकास के साथ ही उनकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। रवानगी के दौरान बच्चे उत्साह से लबरेज दिखे।

### होली दूर करती है गिले शिकवे

होली मिलन समारोह में मौजूद आर्य समाज के लोग। अमृत विचार

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** स्थानीय आर्य समाज मंदिर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। नगर में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान लालता प्रसाद ने की। होली मिलन कार्यक्रम के उपरांत आर्य समाज नानपारा के आधारशिला के संस्थापक सदस्यों एवं पदाधिकारी जो दिवंगत हो चुके हैं उनके मरणोपरांत उनके परिजनों को उनके कार्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए आर्य सम्मान पत्र तथा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। स्व. बापू किशन लाल मद्धेशिया के पुत्र अभय कुमार मद्धेशिया, स्व. कृपाराम आर्य के पुत्र प्रकाश वीर गुप्त, स्व. विश्वनाथ आर्य के पुत्र आनंद कुमार, स्व. ओंकारनाथ आर्य की पत्नी शकुंतला देवी, स्व. लक्ष्मी नारायण के लिए पौत्रवधू तथा स्व. सावित्री देवी के लिए उनकी पुत्री रीना गुप्ता को आर्य समाज के प्रधान द्वारा स्मृति सम्मान पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर आर्य समाज के पदाधिकारी एवं आर्य समाज महिला सभा की सदस्य उपस्थित रहीं।

### कुत्ते ने बुजुर्ग पर किया हमला

**बहराइच, अमृत विचार :** हुजुरपुर थाना क्षेत्र के बौउवा गांव में गुरुवार की शाम फसल की रखवाली करने पहुंचे दृगराज शुक्ला (72) पर खेत में बैठे कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। उनके शोर मचाने पर परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कुत्ते को खदेड़ा। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# अब उधारी के बुलडोजर से नहीं होगी अतिक्रमण पर कार्रवाई

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** जरवल नगर पंचायत को अपना निजी जेसीबी मिल गया है। अब इसी वाहन से कूड़ा उठान के साथ अतिक्रमण ध्वस्त किया जाएगा। जरवल नगर पंचायत को शासन की ओर से जेसीबी उपलब्ध कराई गई है।

गुरुवार को जरवल में नई जेसीबी का चेयरमैन तस्लीम बानो व अधिशाषी अधिकारी खुशबू यादव ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इसके बाद हरी झंडी दिखा कर उसे रवाना किया। उन्होंने बताया कि निकाय की आय बढ़ाने के लिए नई जेसीबी मंगवायी गयी है। इसके आ जाने से निकाय की आय तो बढ़ेगी ही साथ ही जो लोग काफी समय से स्थाई तौर पर निकाय की जलमग्न खादगड्ढा व खलिहान पर अतिक्रमण किया है, जल्द ही उस पर जेसीबी चलेगी। उन्होंने कहा कि जिन

जेसीबी की पूजा अर्चना करतीं अध्यक्ष और ईओ।

लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया है, उसे हटा लें अन्यथा उन पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# पुलिस ने पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ किया मार्च

ग्रामीणों से वार्ता करते जवान और पुलिस कर्मी। अमृत विचार

**बौंडी, बहराइच, अमृत विचार :** बौंडी क्षेत्र के संवदेनशील गांवों में पुलिस के साथ पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। बौंडी थाना क्षेत्र के संवेदनशील ग्राम पंचायत अलीपुर दरौना, नंदवल, समदा में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पैरामिलिट्री फोर्स के साथ बौंडी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया तथा आम जनमानस से लोकसभा चुनाव में बिना भय के वोट डालने की अपील की गयी।

# संचारी रोग नियंत्रण पर विशेष ध्यान दें कर्मचारी : एसडीएम

**पयागपुर, बहराइच**

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान, नियमित टीकाकरण व राष्ट्रीय बाल स्वास्थ कार्यक्रम सहित स्वच्छता पखवाड़ा मनाए जाने के संदर्भ में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक गुरुवार को उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई।

तहसील सभागार कक्ष में गुरुवार को एसडीएम दिनेश कुमार ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपना माइक्रो प्लान उपलब्ध करा दें। स्वास्थ्य विभाग से ग्राम स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाकर एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी के सहयोग से लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करने के

तहसील में बैठक करते एसडीएम। अमृत विचार

साथ ही कुपोषित बच्चों का समुचित उपचार किये जाने का निर्देश दिया। ग्राम प्रधानों और सचिवों को नाली और तालाबों की गंदगी साफ कराये जाने और डेंगू व मलेरिया के प्रकोप की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। एसडीएम दिनेश कुमार ने नगर पंचायत क्षेत्र की साफ- सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने एक अप्रैल से शुरू होने वाले स्वच्छता पखवाड़े के लिए जोर शोर से जागरूकता अभियान चलाये जाने के साथ ही शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन प्रार्थना सभा में बच्चो को स्वच्छता, संचारी रोग से बचाव, बुखार होने पर क्या करें, क्या न करें पर चर्चा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से कार्यों के पर्यवेक्षण के निर्देश दिए। बैठक का संचालन बीपीएम अनुपम शुक्ल ने किया। बैठक में पयागपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. थानेदार, विशेश्वरगंज अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी, सीडीपीओ अनिल पाण्डेय, साधना द्विवेदी, श्यामा शर्मा, बीईओ पयागपुर वीरेंद्र नाथ द्विवेदी, विशेश्वरगंज कमलेश मिश्रा, बीपीएम ममता मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पिंजड़े में कैद हुए दोनों भेड़िये

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार :** बहराइच वन रेंज के गांवों में बीते 15 दिनों से दहशत का पर्याय बने दो भेड़िये सिसैया चूड़ामणि के मजरा कोलैला में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजड़े में बुधवार की रात कैद हो गए। इन भेड़ियों को पकड़ने के लिए 15 दिनों से वन विभाग की टीम लगी थी। बहराइच वन प्रभाग के बहराइच रेंज अंतर्गत आने वाले महसी तहसील के गांवों में बीते पखवारे भर से दो भेड़िये लोगों पर हमला कर घायल कर रहे थे। बीती 25 मार्च को डेढ़ वर्षीय बालक पर हमला किया था जिससे उसकी मौत हो गयी थी। इसके अलावा दर्जन भर लोग भेड़ियों के हमले में घायल हुए थे। भेड़ियों को पकड़ने के लिए डीएम मोनिका रानी ने वन विभाग को निर्देश दिए थे। डीएफओ संजीव कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत सिसैया चूड़ामणि के मजरा कोलैला में पिंजड़ा लगाया था। इसमें बुधवार की रात लगभग डेढ़ बजे दो भेड़िये कैद हो गए। इनका स्वास्थ परीक्षण कतरनियाघाट के पशु चिकित्सक डॉक्टर दीपक वर्मा ने किया। डॉक्टर की रिपोर्ट के अनुसार एक भेड़िया छह वर्ष और एक दो से तीन माह का है। दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। डीएफओ ने बताया कि भेड़ियों को जंगल में छोड़ने की कवायद की जा रही है। बीते 15 दिनों से रेंजर के साथ वन दरोगा अमित वर्मा, दीपक सिंह समेत पांच टीमें निरंतर भेड़ियों की तलाश में लगी हुई थीं।

गांव में लगे पिंजड़े में कैद हुए भेड़िए।

# अमवा तेतारपुर में गौ आधारित प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** अमवा तेतारपुर में गौ आधारित प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को गौ आधारित खेती में कीटनाशक का प्रयोग न करने के बारे में जागरूक किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सभा अमवा तेतारपुर विकास खंड फखरपुर में हुआ। डा. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि भूमि के प्राकृतिक स्वरूप में भी बदलाव हो रहा है जो काफी नुकसानदायक हो सकता है।

बहराइच के अमवा तेतारपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

रासायनिक खेती से प्रकृति में और मनुष्य के स्वास्थ्य में काफी गिरावट आई है। किसानों की पैदावार का आधा हिस्सा उनके उर्वरक और कीटनाशक में ही चला जाता है। यदि किसान खेती में अधिक मुनाफा कमाना चाहता है तो उसे प्राकृतिक खेती की तरफ अग्रसर होना चाहिए। केंद्र के वैज्ञानिक डा. नंदन सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की नितांत आवश्यकता है। इस पद्धति से कम लागत के साथ जल, जंगल, जमीन के साथ किसान फसल की पैदावार बढ़ा सकते हैं और अपनी आय में भी वृद्धि कर सकते हैं। प्राकृतिक खेती का उद्देश्य रसायनमुक्त कृषि, प्रकृति के अनुरूप जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना और पर्यावरण एवं जलवायु प्रदूषण में कमी लाते हुए इस पद्धति को स्थायी आजीविका के रूप में स्थापित करना है। डा. अरुण कुमार राजभर ने बताया कि प्राकृतिक खेती न केवल किसानों के पैसे बचाती है, बल्कि यह मिट्टी में कार्बन निर्धारण को भी बढ़ाती है, जो जलवायु परिवर्तन को कम करने में सहायता कर सकती है। जीडीएस के नरेंद्र पांडेय ने बताया कि प्राकृतिक खेती पर आधारित वन प्रबंधन से धरती को हरा-भरा कर सकते हैं। इसके लिए प्राकृतिक खेती ही इसका एकमात्र रास्ता है। किसानों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में पंकज कुमार, बुधराम , रामसेवक , हनुमान, सनोमन चौरसिया आदि किसान उपस्थित रहे।

### डेढ़ क्विंटल मांस और दो स्कूटी बरामद

**बहराइच, अमृत विचार:** दरगाह पुलिस ने एक अभियुक्त को डेढ़ क्विंटल मांस और दो स्कूटी के साथ अभियुक्त को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक दरगाह हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि इमरान पुत्र मोहम्मद शाकिर निवासी चाँदपुरा थाना कोतवाली नगर को अनारकली रोड रेलवे लाइन के पास से 04 बोरे में डेढ़ कुन्तल भैसे का मॉस व दो अदद स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया।

उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। टीम में उप निरीक्षक विरेन्द्र मणि त्रिपाठी, दीवान महेश चन्द्र उपाध्याय, जाबिर खां, इन्द्रासन गौड शामिल रहे।

नारुन्तुद : स्यान्न नृशंसवादी न हीनत : परमभ्याददीत।
ययास्य वाचा पर उद्विजेत न तां वदेदुषतीं पापलोक्याम्॥

दूसरे के मर्म को चोट न पहुंचाए, चुभने वाली बातें न बोले, घटिया तरीके से दूसरे को वश में न करें, दूसरे को उद्विग्न करने एवं ताप पहुंचाने वाली, पापी जनों के आचरण वाली बोली न बोलें।

## संपादकीय

# वैश्विक चुनौती

दुनिया एक ओर बढ़ी हुई खाद्य मांग को पूरा करने की वैश्विक चुनौती का सामना कर रही है, वहीं 78 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिलता। भोजन बर्बादी एक वैश्विक त्रासदी है। खाद्य हानि और बर्बादी को खाद्य सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में पहचाना जाता है। पोषण संबंधी असुरक्षा के संदर्भ में खाद्य बर्बादी एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे मानव उपभोग के लिए भोजन की उपलब्धता कम हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की एक नई रिपोर्ट दर्शाती है कि एक तरफ, एक-तिहाई मानव आबादी, खाद्य असुरक्षा से जूझ रही है, वहीं हर दिन, एक अरब आहार खुराकों के समतुल्य खाद्य सामग्री बर्बाद हो जाती है। इस वजह से ना केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और प्रदूषण की चुनौतियां भी गहरी हो जाती हैं। यूएन एजेंसी की 'खाद्य अपशिष्ट सूचकांक' रिपोर्ट बताती है कि 2022 में लगभग एक अरब टन भोजन बर्बाद हो गया। करीब 20 फीसदी भोजन कूड़े में फेंक दिया जाता है। औसतन, हर व्यक्ति एक वर्ष में 79 किलोग्राम भोजन की बर्बादी के लिए जिम्मेदार है। यह विश्व में भूख से प्रभावित हर व्यक्ति के लिए हर दिन 1.3 आहार खुराकों के समतुल्य है। भोजन बर्बादी की चुनौती महज संपन्न देशों तक सीमित नहीं है और इस विषय में धनी व निर्धन देशों के बीच की दूरी कम हो रही है।

भारत में घरेलू भोजन की बर्बादी सालाना प्रति व्यक्ति लगभग 50 किलोग्राम या 68.76 मिलियन टन होने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक भारत में हर वर्ष लगभग 50,000 करोड़ रुपये का भोजन बर्बाद हो जाता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के अनुसार भारत में उत्पादित भोजन का एक तिहाई हिस्सा खाने से पहले ही बर्बाद या खराब हो जाता है। यह गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे पता चलता है कि लोग न केवल जानबूझकर भोजन बर्बाद करते हैं, बल्कि उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं चलता है। यूएन एजेंसी की रिपोर्ट यह भी बताती है कि खाद्य बर्बादी के स्तर और औसत तापमान में सीधा संबंध है। गर्म जलवायु वाले देशों में घर-परिवारों में प्रति व्यक्ति ज्यादा मात्रा में भोजन बर्बाद होता है, चूंकि वहां ताजा भोजन खाने की प्रवृत्ति है और खाद्य संरक्षण के लिए शीतलन उपकरण का अभाव हो सकता है। भोजन हानि और बर्बादी, 10 प्रतिशत वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। भोजन की बर्बादी एक आर्थिक और पर्यावरणीय संकट है जिस पर हमें तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है और इस समस्या से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में काम करना चाहिए। अच्छा खाना हर नागरिक का जितना अधिकार है, उतना ही हमारी जिम्मेदारी भी है कि इसे बर्बाद न करें।

# वर्षा जल संचयन के साधनों को रखना होगा जीवंत

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

दुखद है कि बरसात की हर बूंद को सारे साल जमा करने वाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गईं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गईं। देश के चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। कुएं तो बिसुरी बात हो गए।

नदियों की जीवन स्थली कहा जाने वाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय छोटी नदियों के साल-दर-साल लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा, पानी से धरती को सींचती ही है, लेकिन असल में हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डालकर पानी खींचना होता था या चापाकल चलाकर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है।

इस बार भी अनुमान है कि मानसून की कृपा देश पर बनी रहेगी, ऐसा बीते दो साल से हुआ, उसके बावजूद बरसात के विदा होते ही देश के बड़े हिस्से में बूंद-बूंद के लिए मारामारी शुरू हो जाती है। जानना जरूरी है कि नदी-तालाब-बावड़ी-जोहड़ आदि जल स्रोत नहीं हैं, ये केवल जल को सहेज रखने के खजाने हैं, जल स्रोत तो बारिश ही है और जलवायु परिर्तन के कारण साल दर साल बारिश का अनयिमित होना, बेसमय होना और अचानक तेज गति से होना घटित होगा ही। आंकड़ों के आधार पर हम पानी के मामले में पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा समृद्ध हैं, लेकिन चिंता का विषय यह है कि पूरे पानी का कोई 85 प्रतिशत बारिश के तीन महीनों में समुद्र की ओर बह जाता है और नदियां सूखी रह जाती हैं।

यह सवाल हमारे देश में लगभग हर तीसरे साल खड़ा हो जाता है कि 'औसत से कम' पानी बरसा या बरसेगा, अब क्या होगा? देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टर कृषि भूमि प्रत्येक दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। असल में इस बात को लोग नजरअंदाज कर रहे हैं कि यदि सामान्य से कुछ कम बारिश भी हो और प्रबंधन ठीक हो तो समाज पर इसके असर को गौण किया जा सकता है।

जरा देश की जल-कुंडली भी बांच ली जाए। भारत में दुनिया की कुल जमीन या धरातल का 2.45 क्षेत्रफल है। दुनिया के कुल संसाधनों में से चार फीसदी हमारे पास हैं व जनसंख्या की भागीदारी 16 प्रतिशत है। हमें हर साल औसतन 110 सेंटीमीटर बारिश से कुल 4000 घन मीटर पानी प्राप्त होता है, जो कि दुनिया के अधिकांश देशों से बहुत ज्यादा है। यह बात दीगर है कि हमारे यहां बरसने वाले कुल पानी का महज 15 प्रतिशत ही संचित हो पाता है। शेष पानी नालियों-नदियों से होते हुए समुद्र में जाकर मिल जाता है और बेकार हो जाता है। जाहिर है कि बारिश का जितना हल्ला होता है, उतना उसका असर पड़ना चाहिए। हां, एक बात सही है कि कम बारिश में भी उग आने वाले मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कुटकी आदि की खेती व इस्तेमाल सालों-साल कम हुआ है, वहीं ज्यादा पानी मांगने वाले सोयाबीन व अन्य केश क्राप ने खेतों में अपना स्थान बढ़ाया है। इसके चलते बारिश पर निर्भर खेती बढ़ी है। तभी थोड़ा भी कम पानी बरसने पर किसान रोता दिखता है। यह आंकड़ा वैसे बड़ा लुभावना लगता है कि देश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 32.80 लाख वर्ग किलोमीटर है, जबकि सभी नदियों को सम्मिलित जलग्रहण क्षेत्र 30.50 लाख वर्ग किलोमीटर है। भारतीय नदियों के मार्ग से हर साल 1645 घन किलोलीटर पानी बहता है, जो सारी दुनिया की कुल नदियों का 4.445 प्रतिशत है।

देश के उत्तरी हिस्से में नदियों में पानी का अस्सी फीसदी जून से सितंबर के बीच रहता है, दक्षिणी राज्यों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत का है। जाहिर है कि शेष आठ महीनों में पानी की जुगाड़ न तो बारिश से होती है और न ही नदियों से। दुखद है कि बरसात की हर बूंद को पूरे साल जमा करने वाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गईं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गईं। देश के चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। कुएं तो बिसुरी बात हो गए। बाढ़-सुखाड़ के लिए बदनाम बिहार जैसे सूबे की 90 प्रतिशत नदियों में पानी नहीं बचा। गत तीन दशक के दौरान राज्य की 250 नदियों के लुप्त हो जाने की बात सरकारी महकमे स्वीकार करते हैं। सनद रहे बिहार में पानी के लिए हत्या का आंकड़ा देश में सर्वाधिक है। अभी कुछ दशक पहले तक राज्य की बड़ी नदियां-कमला, बलान, फल्गू, घाघरा आदि कई-कई धाराओं में बहती थीं, जो आज नदारद हैं। झारखंड के हालात कुछ अलग नहीं हैं, यहां भी 141 नदियों के गुम हो जाने की बात फाइलों में तो दर्ज हैं, लेकिन उनकी चिंता किसी को नहीं। राज्य की राजधानी रांची में करमा नदी देखते ही देखते अतिक्रमण के घेर में मर गई। हरमू और जुमार नदियों को नाला तो बना ही दिया है। यहां चतरा, देवघर, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूमि जैसे घने जंगल वाले जिलों में कुछ ही सालों में सात से 12 तक नदियों की जल धारा मर गई।

नदियों की जीवन स्थली कहा जाने वाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय छोटी नदियों के साल-दर-साल लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा, पानी से धरती को सींचती ही है, लेकिन असल में हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से रस्सी डालकर पानी खींचना होता था या चापाकल चलाकर पानी भरना होता था तो जितनी जरूरत होती थी, उतना ही जल उलींचा जाता था। घर में टोंटी वाले नल लगने और उसके बाद बिजली या डीजल पंप से चलने वाले ट्यूबवेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है। हमारी परंपरा पानी की हर बूंद को स्थानीय स्तर पर सहेजने, नदियों के प्राकृतिक मार्ग में बांध, रेत निकालने, मलवा डालने, कूड़ा मिलाने जैसी गतिविधियों से बचकर, पारंपरिक जल स्रोतों-तालाब, कुएं, बावड़ी आदि के हालात सुधारकर, एक महीने की बारिश के साथ सालभर के पानी की कमी से जूझने की रही है।

अब कस्बाई लोग बीस रुपए में एक लीटर पानी खरीदकर पीने में संकोच नहीं करते हैं तो समाज का बड़ा वर्ग पानी के अभाव में कई बार शौच व स्नान से भी वंचित रह जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस चक्र के थमने का अर्थ है हमारी जिंदगी का थम जाना। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। इसके लिए जरूरी है कि विरासत में हमें जल को सहेजने के जो साधन मिले हैं, उनको मूल रूप में जीवंत रखें। केवल बरसात ही जल संकट का निदान है।

## प्रसंगवश

# अपनी-अपनी पोथी की व्याख्या

भारत के लगभग सभी विश्वविद्यालयों के इस्लामिक स्टडीज तथा अरबी के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सेमिनार था-अकीदत के रंग हिंद तहजीब के संग। मकसद था-इस्लाम पर देशज प्रभाव को रेखांकित करना, लेकिन मकसद तो भटक गया। बात शुरू हुई थी इंडियन इस्लाम से, लेकिन उद्घाटन करने वाले वीसी ने ही चर्चा को इंडियन इस्लाम से मोड़कर इस्लामिक इंडिया बना दिया। अब वहां कुरान के शब्दों को बार-बार दोहराते हुए कहा जा रहा था-यह ईश्वरीय आदेश है। देशज प्रभाव की चर्चा किसको करनी थी? जो भी वक्ता आता, वह प्रकारांतर से इसी सूत्र का विस्तार कर देता। वही एक बात, फिर वही एक बात। एक ही बात को सुनते-सुनते जब थक गया तब मैंने अपने साथ ही बैठने वाले प्रतिभागी प्रोफेसर से (जो कश्मीर से थे) पूछा-ईश्वर केवल अरबी में ही क्यों बोला? या फिर सभी को वह एक ही भाषा सिखा देता। क्यों उसने भिन्न-भिन्न भाषाएं बना दीं? माना कि कुरान ईश्वर वाणी है, किंतु आप यह बताएं कि वेद ईश्वर-वाणी क्यों नहीं है? गीता ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? बाइबिल ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? समणसुत्तं ईश्वर-वाणी क्यों नहीं है? अवेस्ता ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? गुरु ग्रंथ साहब या त्रिपिटक ईश्वर वाणी क्यों नहीं है? वे इसका उत्तर मुझसे ही पूछने लगे। चर्चा लंबी थी। 'संसार में प्रत्येक सांस्कृतिक समूह के पास सामूहिक जीवन का नियमन करने के लिए अपना एक ईश्वरी संविधान है, ईश्वरीय वाणी है। बाइबिल हो या कुरान या अवेस्ता या वेद या गुरु ग्रंथ साहब, त्रिपिटक, समणसुत्तं अथवा कोई अन्यः वहां के लोकमानस ने विभिन्न सांस्कृतिक समूहों ने इन्हें समष्टि विश्वास के साथ ईश्वरवाणी की प्रतिष्ठा दी है, इसलिए ये ईश्वरवाणी हैं। ईश्वरवाणी की प्रतिष्ठा लोकमानस करता है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संसार में अपनी-अपनी पोथी या ईश्वरवाणी सभी सांस्कृतिक समूहों के पास है, लेकिन अपनी-अपनी पोथी या ईश्वरवाणी की व्याख्या प्रत्येक युग में होती रही। धर्म संस्थान की आलोचना प्रत्यालोचना निरंतर होती रहती है। ऐसा न होता तो मानव जीवन उस अंधकार युग में ही जी रहा आता। वे प्रोफेसर साहब सहमत तो हुए, किंतु बोले कि- 'मैं अपनी परिस्थिति में यह कह नहीं सकूंगा।'

# ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए

समाज और अर्थव्यवस्था की स्थिरता और सामर्थ्य के लिए ऊर्जा संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता को हम सभी समझ रहे हैं, क्योंकि यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए हमारी जिम्मेदारी की तरह हो गया है। प्रकृति पर सौर और जल विद्युत ऊर्जा दोनों ही आविष्कारी और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोत हैं, जो स्थायी, प्रदूषण मुक्त और संवेदनशील ऊर्जा के लिए संभावनाएं प्रदान करते हैं।

सौर ऊर्जा और जल विद्युत के उपयोग से भारत स्वतंत्र और सामर्थ्य पूर्ण ऊर्जा स्रोतों की दिशा में अग्रसर हो रहा है, जो लंबे समय तक सतत ऊर्जा आपूर्ति की गारंटी प्रदान करता है। इसके अलावा यह प्रदूषण को कम करने में भी मदद करता है जिससे वातावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत न केवल ऊर्जा संक्रांति के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ये विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण चरण हैं, जो भारत को ऊर्जा स्वतंत्रता और संरचनात्मक सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

ऊर्जा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है। सौर ऊर्जा, सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा, हमारे प्राकृतिक संसाधनों में से एक है। इसकी प्राप्ति समय के साथ निरंतर रहती है और इसका उपयोग बिना किसी प्राकृतिक संसाधन की अनियंत्रित उपज किए हमेशा चला जा सकता है। इससे हम ग्लोबल वार्मिंग और अन्य पर्यावरणीय संकटों का सामना कर सकते हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग हमें विद्यमान ऊर्जा स्रोतों के उचित उपयोग के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। यह हमें ऊर्जा की स्थिरता में सुधार करने का अवसर प्रदान करता है और भविष्य के लिए बेहतर संभावनाएं सिद्ध करता है। इस प्रकार सौर ऊर्जा और जल विद्युत दोनों ही हमारे समाज और पर्यावरण के लिए आवश्यक हैं, जो हमें एक सुरक्षित, स्थिर और सामर्थ्यवान भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। इसलिए हमें इन ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए और उन्हें विकसित करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा।

इस दिशा में पिछले माह ही भारत ऊर्जा सप्ताह गोवा में आयोजित किया गया जिसमें यह भारत की सर्वोच्च और एकमात्र विशिष्ट ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन रहा। यह मंच भारत के ऊर्जा पारगमन लक्ष्यों के लिए संपूर्ण ऊर्जा मूल्य श्रृंखला को एक मंच प्रदान करेगा और उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। प्राकृतिक सौर ऊर्जा स्रोतों की स्वाभाविक उपस्थिति और अवैज्ञानिक उपयोग के संबंध में भारतीय सभ्यता एक प्रमुख योगदान कर रही है। इसे ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक लागू किया जा सकता है। इसमें सौर ऊर्जा पैनल, सौर ऊर्जा उत्पादन प्लांट्स, और सौर ऊर्जा को बैटरी स्टोरेज में भी संभावनाएं शामिल हैं। जल विद्युत भी एक महत्वपूर्ण साधन है, जो ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित और स्थायी बनाता है। हाइड्रोपावर प्लांट्स और मिनी हाइड्रोपावर स्थल जल विद्युत के प्रमुख उदाहरण हैं। ये स्थल सीमित जल स्रोतों का उपयोग करते हैं और साथ ही प्रदूषण को भी कम करते हैं। भारत में सौर ऊर्जा और जल विद्युत के विकास के लिए कई उदाहरण हैं, जैसे कि कायाकल्प विद्युत योजना, जो विशेष रूप से महानगरों एवं कुछ बड़े शहरों के लिए सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है।

पिछले दिनों भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो तथा भारत सरकार के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के ऊर्जा विभाग और भूटान की शाही सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में भारत का लक्ष्य ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा विकसित स्टार लेबलिंग कार्यक्रम को बढ़ावा देकर घरेलू क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में भूटान की सहायता करना है। भूटान की जलवायु स्थिति के अनुरूप बिल्डिंग कोड तैयार करने में भारत के अनुभव के आधार पर मदद की जाएगी।

ऊर्जा लेखा परीक्षकों के प्रशिक्षण को संस्थागत बनाकर भूटान में ऊर्जा पेशेवरों के एक समूह के निर्माण की परिकल्पना की गई है। यह समझौता ज्ञापन विद्युत मंत्रालय द्वारा विदेश मंत्रालय (एमईए) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के परामर्श से तैयार किया गया है। यह समझौता ज्ञापन भारत और भूटान के बीच ऊर्जा दक्षता एवं ऊर्जा संरक्षण से संबंधित सूचना, डेटा और तकनीकी विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को सक्षम करेगा। इससे भूटान को बाजार में ऊर्जा कुशल उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## सोशल फोरम

# अकर्मण्यता को प्रोत्साहन

हमारे से पहले जेनरेशन के प्रोफेसर, जो हमारे शिक्षक या शिक्षक तुल्य रहे, क्यों जर्नल्स में लिखने और प्रकाशित करने में शिथिल या रुचि कृपण रहे। कुछ एक ने किताबें जरूर लिखीं, पर वे किताबें किसी कक्षा के सिलेबस की सेवा में थीं, न कि विषय की सेवा में। हमारे एक विद्वान शिक्षक ने लिखा है कि उन दिनों (1930) तक जर्नल्स समसामयिक रिसर्च और नए ज्ञान के वाहक हो चुके थे और इस मामले में किताबें पीछे छूट चुकी थीं, किंतु उन महोदय के काम को देखें तो स्पष्ट है कि उन्होंने जर्नल्स में लिखने में कोई रुचि नहीं दिखलाई। क्या वह विभागाध्यक्ष होकर इतने संतृप्त हो गए थे कि कुछ नया करने, लिखने, को नहीं था?

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ध्यातव्य है कि नहीं लिखने वाले अपने विद्यार्थियों को भी लिखने को नहीं कहते। इसका असर कई जेनरेशन तक रह सकता है और अकर्मण्यता को प्रोत्साहित कर सकता है। मुझे ऐसा लगता है कि सदियों की बाबू-साहबी की मातहती और गुलामी ने भारतीय मनोवृत्ति, खासकर कलेक्टिव अनकॉन्सस पर गहरा प्रभाव डाला है। हम जब तक अंडरडॉग रहते हैं, रोते हैं, शिकायत करते हैं, निंदा करते हैं, एकोमोडेट करते हैं, सिमट-सिकुड़ कर जीते हैं, लेकिन हम ज्यों ही बेहतर स्थिति में आते हैं तो वही करने लगते हैं जिसके विरुद्ध हमें शिकायत थी। हम जागीरदार की तरह व्यवहार करने लगते हैं। हमारा व्यवहार उन सामंती आर्किटाइप का हो जाता है। इसीलिए सरकारी नौकरी पाने वालों, एडमिनिस्ट्रेटिव पोस्ट पर नियुक्त लोगों, सत्ता से जुड़े लोगों, विभागाध्यक्षों, कुलपतियों आदि का व्यवहार प्रायः बाबू-साहबी हो जाता है। रिसर्च और पढ़ना-लिखना तो उनके काम हैं, जिन्हें मंजिल पानी है। जिन्हें मंजिल मिल गई वे ये छोटे काम क्यों करें?

अगर हम यूरोप और भारत की तुलना करें तो हम पाएंगे कि यूरोप नवप्रवर्तन, अन्वेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान, जोखिम उठाना और उद्यम का लाभार्थी रहा है, लेकिन भारत ने सदियों से देखा है कि उसके सामंत, नौकरशाह, शासक मजे में रहे हैं और बाकी जनता पैरों में लौटती रही है। अतः एक भारतीय जब बेहतर स्थिति में आता है तो अपनी पूर्व पहचान को छिपाना चाहता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

**-फेसबुक वॉल से**

# नैतिक- अनैतिक सत्य भी बदलता है

नैतिकता और चरित्र बस परिस्थिति जन्य होते हैं। काल, भूगोल और परिस्थितियों के अनुसार इनके मायने बदलते रहते हैं। रामायण में एक घटना है कि जब लक्ष्मण को माता सीता की पहचान के लिए उनके कर्ण फूल दिखाए जाते हैं तो वे उन्हें पहचानने से इंकार कर देते हैं कि उन्होंने तो मां सीता का चेहरा कभी देखा ही नहीं, उन्होंने तो सिर्फ उनके चरणों को देखा है, वे उनकी बिछीया पहचान सकते हैं।

यह सामान्यजनों के लिए देवर-भाभी के बीच आदर्श मिसाल है, लेकिन इसी रामायण में जिक्र है कि सुग्रीव ने अपने भाई बाली के मरने पर बाली की पत्नी यानी अपनी भाभी से विवाह रचा लिया था। रामायण के रचयिता वाल्मीकि भी इस बात का समर्थन करते हैं, लेकिन जब बाली ने सुग्रीव की पत्नी से ब्याह किया था तो बाली खलनायक हो गया था। रावण के मरने के बाद उसके भाई विभीषण ने भगवान श्रीराम की उपस्थिती में मंदोदरी से शादी की थी जो उसकी भाभी थी। आज भी समाज में कई उदाहरण देखने को मिल जाते हैं, जब बड़े भाई की मृत्यु होने पर विधवा भाभी की शादी देवर से करवा दी जाती है।

डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

यह सामान्यजनों के लिए देवर-भाभी के बीच आदर्श मिसाल है, लेकिन इसी रामायण में जिक्र है कि सुग्रीव ने अपने भाई बाली के मरने पर बाली की पत्नी यानी अपनी भाभी से विवाह रचा लिया था। रामायण के रचयिता वाल्मीकि भी इस बात का समर्थन करते हैं, लेकिन जब बाली ने सुग्रीव की पत्नी से ब्याह किया था तो बाली खलनायक हो गया था।

बड़ी बहन के मरने पर छोटी बहन की शादी उसके जीजा से करवा दी जाती है। समाज ने नारी की मर्जी कब पूछी है? समाज हमेशा बस अपनी मर्जी थोपना जानता है। मुस्लिमों में पुरुष का बहु विवाह जायज है, लेकिन समाज में कई हिंदू पुरुष मिल जाएंगे जिनकी दो-दो पत्नियां हैं। संविधान इसे मान्यता नहीं देता पर समाज इसका विरोध भी नहीं करता। मुस्लिमों में चचेरी, फूफेरी और ममेरी बहन के साथ शादी आम बात है। ऐसा ही दक्षिण भारत के हिंदुओं में भी देखा जाता है, उनको समाज में यह मंजूर है। यह तो छोड़ो मामा और भांजी तक की शादी का रिवाज है। राजस्थान के पाली, बीकानेर और जैसलमेर के कुछ इलाकों में ऐसा नियम है कि किसी शख्स को किसी की पत्नी पसंद आ गई तो वह उसको मिले दहेज से ज्यादा मोल चुका कर उसे अपने साथ रख सकता है, उससे ब्याह कर सकता है, उनके समाज में इस बात का बुरा नही माना जाता है।

पाली जिले के ही एक समाज में लड़कियों के पैदा होने पर खुशियां मनाई जाती हैं, वह भी इसलिए की बड़ी होने पर जिस्मफरोशी कर वह घर चलाएगी और उसके लिए ग्राहक उसका पिता या भाई ही लाता है। यह सामाजिक नियम मुझे जरूर असहज कर देते हैं। भारत में कुछ दिन पहले तक लिव इन रिलेशनशिप और विवाहेत्तर संबंध असंवैधानिक था, होमो और लेस्बियन सेक्सुएलिटी गैर-कानूनी था, मगर अब यही संवैधानिक है। आपको यह मंजूर हो या न हो खुलेआम आप इसका विरोध नहीं कर सकते है। कानून की अवमानना का मामला बन सकता है। यह सामाजिक दोगलेपन की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या है कि एक साली आधी घर वाली हो सकती है, लेकिन एक देवर आधा घर वाला नहीं हो सकता है? एक भाभी मां समान हो सकती है, लेकिन एक जीजा पिता समान नहीं हो सकता है और नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाला समाज भी इस बात पर मजे लेता है।

पुरुष ही निर्णय लेता है और नियम बनाता है। दूसरी तरफ परिवार हो या समाज सबकी इज्जत का ठेका सिर्फ महिलाओं ने ले रखा है। सबकी इज्जत बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ महिलाओं के सिर पर बंधी है और मजे की बात है कि महिलाओं को इसमे खुशी भी मिलती है, गर्व भी महसूस होता है।

# अयोध्या : आज के नल-नील

निर्माण और शिल्प कर्म की बात जहां आएगी, वहां सनातनी विचारधारा वाला व्यक्ति रामकालीन नल -नील नामक वानर बंधुओं का नाम बड़े आदर से जरूर स्मरण करेगा, जिन्होंने तत्समय समुद्र पर पुल बांध दिया था। यह पुल यानी रामसेतु एक सच्चाई है जिसके अवशेष अभी भी विद्यमान हैं। कवियों ने मग्न होकर गाया, 'सिंधु सा विस्तृत और अथाह, एक निर्वासित का उत्साह। दे रही अभी दिखाई भग्न मग्न रत्नाकर की वह राह'। इतना ही नहीं, अब तो अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' मान चुकी है कि यहां कोई मानव निर्मित पुल था।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हमें इन सबकी लाज तो रखनी ही चाहिए। पहले इस हवाई अड्डे का नामकरण भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर था, किंतु बाद में चुनावी जातीय समीकरण साधने के लिए इसे बदलकर वाल्मीकि के नाम पर कर दिया गया।

आध्यात्मिकता के गहरे रंग देते हुए हम यह भले मान लें कि नल-नील को ऋषि का श्राप की शक्ल में वरदान था कि 'तुम्हारे स्पर्श की वस्तु पानी में डूबेगी नहीं और वहीं स्थिर भी रहेंगी', किंतु वास्तविक धरातल पर वे निश्चय ही बहुत कुशल शिल्पकार यानी इंजीनियर रहे होंगे। लाखों वर्ष पूर्व के इस निर्माण के चिह्न अब तक विद्यमान हैं। कितनी मजबूती थी, कितना कौशल था। हम अगर अपने अतीत पर गर्व करते हैं तो क्या गलत है? हालांकि आज के हमारे नल-नील ऐसा काम कर रहे हैं जिससे सिर लज्जा से झुक जाता है। राम की ही नगरी अयोध्या में हवाई अड्डा बन रहा है। निर्माण भी केंद्र सरकार के नियंत्रण वाली 'एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया' कर रही है। अभी तीन महीना नहीं हुए, दिसंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। खबर आई कि इसके एक भवन की फाल सीलिंग यानी छत के नीचे का हिस्सा गिर गया। संयोग से उस समय वहां नीचे लोग नहीं थे, अतःमौतें नहीं हुईं। प्राधिकरण के निदेशक ने बड़ी बेशर्मी से बयान दे दिया कि इसे फौरन ठीक कर दिया गया है। अब सवाल उठता है कि हम भक्त तो बहुत बड़े हैं। दर्शनार्थी मुफ्त भी ढोए जा रहे हैं, संख्या का प्रचार मीडिया में हो रहा है, लेकिन राष्ट्रीय और सरकारी चरित्र कहां जा रहा है? कैसी सामग्री लगाई गई? कितना भ्रष्टाचार हो रहा है। आदर्श केवल कागजों पर ही हैं क्या? सरकार के तमाम विभागों के प्रतीकों यानी 'लोगो' में गीता के श्लोकांश लिखे हैं, जैसे वायुसेना के लोगो में अंकित है ' नभः स्पृशं दीप्तं' जो गीता के ग्यारहवें अध्याय में भगवान के विराट रूप वर्णन का अंश है।

हमें इन सबकी लाज तो रखनी ही चाहिए। पहले इस हवाई अड्डे का नामकरण भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर था, किंतु बाद में चुनावी जातीय समीकरण साधने के लिए इसे बदलकर वाल्मीकि के नाम पर कर दिया गया। निर्माणकर्ता आधुनिक नल-नीलों ने सोचा होगा कि जब राम का नाम ही इससे हट गया तो अब उनके आदर्श क्यों माने? कमा खा लें।

अठारहवां रोजा

शिया
सहरी : 04.25 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.34 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### शिविर लगाकर जमा कराए 1.90 लाख रुपये

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को कस्बे राम जानकी मंदिर के परिसर एवं अनिरुद्ध नगर मोहल्ले में बिजली विभाग के अधिकारियों ने शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर 15 उपभोक्ताओं के मीटर एवं बिल संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में बिजली बिल का बकाया एक लाख 90 हजार रुपए जमा कराए गए। दय मौके पर एसडीओ महेंद्र सिंह, अवर अभियंता दीनदयाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### परिषदीय विद्यालय के 96 बच्चे गए टूर पर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि एआरपी शफीक अहमद के नेतृत्व में एक्सपोजर विजिट में विकासखण्ड से 96 छात्र/छात्राएं व उनके देखभाल व विजिट कराने हेतु 16 अध्यापक, एआरपी व बीआरसी के कर्मचारी की टीम भेजी गई। एक्सपोजर विजिट में बच्चे विज्ञान, कृषि संग्रहालय और जैविक उद्यान का भ्रमण करेंगे। मौके पर अनिल यादव दयाशंकर मौर्य, अम्बिकेश प्रताप सिंह, राहुल मिश्र, सुशील मिश्र, रविकांत तिवारी,अजय शुक्ला, विजय सिंह, देवेंद्र सिंह,नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### पुलिस टीम ने पकड़ी नौ लीटर कच्ची शराब

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार की रात आबकारी निरीक्षक नेहा श्रीवास्तव एवं कोतवाली के उप निरीक्षक पंकज राय की संयुक्त टीम ने बरवारीपुर गांव के तिराहे के पास खड़े एक व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास से प्लास्टिक की पीपिया में 9 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान मोतिगरपुर थाने के महमूदपुर जंगल गांव के विजय कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क/आबकारी अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है।

# मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

## जयसिंहपुर पेट्रोल पंप लूटकांड में शामिल थे पकड़े गए दोनों बदमाश

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** एक माह पहले जयसिंहपुर कोतवाली के लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप से हुई लूट के दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, उसे अस्पताल में भर्ती कराते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बुधवार की रात सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह के निर्देशन में चेकिंग अभियान चलाया था। इसी बीच सूचना मिली कि पेट्रोल पंप लूट के आरोपी बाइक से जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दिया। पुलिस के जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। वहीं दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठा भाग निकला। सूचना पर सक्रिय हुई जयसिंहपुर पुलिस ने उसे भी दबोच लिया। घायल बदमाश को सीएचसी ले जाया गया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मान सिंह व दूसरे की पहचान अखंड प्रताप के रूप में हुई। दोनों ने पेट्रोल पंप के लूट में शामिल होने की बात स्वीकार की है। मान सिंह के दाएं पैर में गोली लगी है। इस पर 15 हजार का इनाम घोषित था।

पुलिस की गिरफ्त में मुठभेड़ में घायल बदमाश। अमृत विचार

### पहले भी दो बदमाश जा चुके हैं जेल

15 मार्च को भी पेट्रोल पंप के लूट के दो बदमाशों को लंभुआ पुलिस ने घेरा बंदी की तो वह भाग निकले थे। सूचना पर सक्रिय हुई जयसिंहपुर व मोतिगरपुर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ने में जुट गई। बदमाशों द्वारा बचाव में की गाई फायरिंग में बदमाश घायल हुए थे। घायल बदमाशो ने अपना नाम धीरज उपाध्याय व दूसरे ने शेर अली उर्फ शेरू बताया था। जिनको जेल भेजने की कार्रवाई की गई थी।

## पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने किया रूट मार्च

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव व नवरात्रि को देखते हुए गुरुवार को थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सीआईएसएफ व पुलिस कर्मियों ने पैदल मार्च किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि आगामी त्यौहार और लोकसभा चुनाव को सकुशल और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए तैयारी की गई है। टीम ने कस्बा सहित बांगर कला, रवनिया, कटघर, बमगर खुर्द सहित क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च कर लोगों में सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस मौके पर उप निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह, अब्बास अली सिपाही रजत सचान, बलराम भदौरिया, अमित कुमार, रवि राय आदि मौजूद रहे।

# एटीएम बूथों पर जालसाज कार्ड बदल निकाल रहे रुपये

▸▸ पांच दिन में दो घटनाओं को जालसाज दे चुके हैं अंजाम

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** बुधवार को नगर कोतवाली के करौंदिया निवासी अजय कुमार श्रीवास्तव स्टेशन रोड पर स्थित पीएनबी के एटीएम बूथ से पैसा निकालने गए थे। दो बार में उन्होंने 10 हजार रुपए निकाले थे। इसी बीच दो अज्ञात लोगों एटीएम बूथ में घुसकर पैसा निकालने में मदद की बात कह एटीएम कार्ड ले लिया और बदल कर अजय को दूसरा कार्ड दे दिया। अजय जब कार्ड लेकर चले आए तो पैसा निकलने का मैसेज आया। जिसे देख वह अवाक रह गए। बैंक जाकर पता किया तो एटीएम से ही 20 हजार 200 रुपए निकले थे।

वहीं कोतवाली देहात के अहिमाने निवासी शिव मंगल प्रजापति ने भी अपने साथ हुई जालसाजी की नगर कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि बीते शनिवार को वह पयागीपुर स्थित आईसीआई बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गया। किसी कारणवश पैसा नहीं निकला तो पीछे खड़े दो अज्ञात लोगों ने चेक करने के बहाने एटीएम कार्ड लें लिया और बदल दिया। एटीएम का सर्वर फेल मान मैं घर चला आया। आरोप है कि किसी काम से जब मंडी आया तो मोबाइल पर दो लाख निकलने का मैसेज आया तो अवाक रह गया। एटीएम कार्ड बंद करवा जालसाज के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग की है।

# हैंडबुक का अध्ययन कर लें अधिकारी

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम (प्रशासन) गौरव शुक्ला, एडीएम (वि/रा)/ नोडल निर्वाचन शिकायत प्रकोष्ठ एस. सुधाकरन सहित अन्य सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नोडल निर्वाचन शिकायत प्रकोष्ठ, प्रेक्षक व्यवस्था, निर्वाचन कंट्रोल रूम एवं शिकायतों का निस्तारण तथा वोटर हेल्पलाइन व्यवस्था की जानकारी दी गई।

एडीएम ने बताया कि शिकायत प्रकोष्ठ का गठन कर लिया गया। साथ ही संबंधित कर्मियों की ड्यूटी लगायी जा चुकी है। प्रेक्षक व्यवस्था की तैयारियों की सम्बन्ध में बताया कि सभी प्रेक्षकों को कंप्यूटर, प्रिंटर, मोबाइल नम्बर, रुकने की व्यवस्था, लाइजन ऑफिसर की नियुक्ति, उपलब्ध करायी जाने वाली सूचनाओं का संग्रह, वाहन सहित सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। डीएम ने सभी नियुक्त लाइजन ऑफिसर्स को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी आब्जर्वर हैण्डबुक का अध्ययन अवश्य कर लें। जो भी आवश्यक सुविधाएं प्रेक्षक को उपलब्ध कराना है, वह समय से पहले सुनिश्चित कर लें। साथ ही प्रेक्षक को उपलब्ध करायी जाने वाली सभी सूचनाओं का बुकलेट अभी से तैयार कर लिया जाये।

अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम कृतिका ज्योत्स्ना। अमृत विचार

# ज्यूडिशरी ट्रांसफर से नाराज वकीलों ने किया महासम्मेलन

- पड़ोसी जिलों के बार अध्यक्ष और महासचिव भी भाग लेने पहुंचे

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कादीपुर की कोर्ट में अखंडनगर और कादीपुर थानों से संबंधित मुकदमों को ट्रांसफर के बाद नाराज संघ के अध्यक्ष अरविंद पांडेय व महासचिव आर्तमणि मिश्र ने गुरुवार को अधिवक्ताओं का महासम्मेलन किया। महासम्मेलन में अमेठी जिले के महासचिव उपेंद्र शुक्ल, आजमगढ़ जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार पांडेय, श्रीराम पांडेय, बृजलाल यादव, जयसिंहपुर बार के महासचिव गोविंद कुमार पांडेय तथा अन्य ने शिरकत करते हुए बार को पूरा सहयोग करने की बात कही।

बार एसोसिएशन के महासम्मेलन में शामिल अधिवक्ता। अमृत विचार

बार अध्यक्ष ने कहा इसी मुद्दे पर अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने जनहित याचिका दाखिल की है, जिसमें 29 मार्च को सुनवाई है। 30 मार्च को पुनः वकीलों की मीटिंग कर आगे की रणनीति तय की जायेगी। तब तक हड़ताल जारी रहेगी। बार अध्यक्ष ने जिलों से आये हुए अध्यक्ष, महासचिव व सदस्यों का सहयोग देने के लिए आभार जताया। बताते चले जिले के वकील कई दिनों से हड़ताल पर है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरविंद पांडेय व महासचिव आर्तमणि मिश्र ने आगे की रणनीति तय करने के लिए गुरुवार को वकीलों का महासम्मेलन बुलाया था। गुरुवार को भी वकीलों की हड़ताल जारी रही तथा न्यायिक कामकाज ठप रहे। वादकारी काम न होने से निराश दिखे। वहीं क्षेत्राधिकार स्थानांतरण आदेश को रद्द करने के लिए हाइकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका पर कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी।

इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय, पूर्व अध्यक्ष नागेन्द्र कुमार सिंह, नरेन्द्र बहादुर सिंह, राय साहब सिंह, राम विशाल तिवारी, अरूण कुमार पांडेय, कुलदीप वर्मा, जितेन्द्र मिश्र, जयंत कुमार मिश्र, शिवा कृष्ण पांडेय, सिद्धार्थ मिश्र, बलराम त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, प्रदीप यादव, राजकुमार सिंह, श्रवण पांडेय, मीडिया प्रभारी अशोक शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार छात्र की मौत

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बुधवार की देर शाम टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग से घर जा रहा बाइक सवार छात्र सड़क हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने छात्र को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेजते हुए परिजनों को सूचित किया। मेडिकल कॉलेज में मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार की सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सुदनापुर निवासी शिव शरन का 21 वर्षीय पुत्र कुलदीप बुधवार की रात 9 बजे टांडा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग से घर लौट रहा था। जैसे ही वह गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गड़ौली गांव के समीप पहुंचा तभी राजमार्ग पर बने गड्ढों में उलझ अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित बाइक सवार छात्र आगे चल रहा ट्राली से टकराकर सड़क पर गिर गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने ग्रामीणों को सड़क हादसे की सूचना दी। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस व एंबुलेंस को सूचित किया। पुलिस ने छात्र को मेडिकल कालेज सुलतानपुर भेजा, जहां मौजूद चिकित्सक ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। गोसाईगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# दहेज प्रथा के नाटक ने सबको झकझोरा

- कंपोजिट विद्यालय बरियौना का मनाया गया वार्षिकोत्सव

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कंपोजिट विद्यालय बरियौना में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

बालिकाओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कक्षा 7 और 8 की बालिकाओं ने दहेज प्रथा पर एक नाटक का मंचन किया। साथ ही कक्षा 7 और 8 के बच्चों ने शिक्षा के महत्व पर एक नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 8 के सभी बच्चों को तिलक लगाकर आरती उतार कर उनकी विदाई की। शिक्षकों ने पुष्प वर्षा कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 6 और 7 के बच्चों ने कक्षा 8 के बालक और बालिकाओं को खुद से बनाए हुए कार्ड देकर और हाथ में कलावा बांध कर अग्रिम भविष्य के लिए बधाई दी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय ने कहा कि अब विद्यालयों की दिशा दशा बदल गई है। सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन कराने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ धनपतगंज के ब्लाक अध्यक्ष राम आशीष मौर्य ने शिक्षा के महत्व पर जोर देकर अभिभावकों से बच्चो को शत प्रतिशत नामांकन कराने की अपील की।

विद्यालय के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### दुर्घटना करने वाले चालक पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ तहसील के चांदा परगना के अमरूपुर शुकुल उमरी के परमानंद शुक्ला 14 मार्च को दोपहर दो बजे बाइक से घर जा रहे थे। कस्बे के दोस्तपुर रोड पर उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कादीपुर सीएचसी लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। जहां से उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। अब भी उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। लखनऊ में उनका उपचार चल रहा है। बृहस्पतिवार को दी गई तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से साइकिल सवार बालक घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाबूगंज के पास ई रिक्शा की टक्कर से बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लखनऊ रेफर किया गया है। थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी बाबूगंज बाजार के निवासी मोती सोनी का 12 वर्षीय पुत्र विकास सोनी बुधवार शाम को साइकिल से सड़क पार कर रहा था। इसी बीच ई-रिक्शा ने उसको टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन बालक को आनन-फानन में सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद घायल की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया।

### सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का संघ ने किया सम्मान

सेवानिवृत्त शिक्षिका को सम्मानित करते प्राशिसं के अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा। अमृत विचार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र जयसिंहपुर में 31 मार्च को सेवानिवृत होने वाले शिक्षक/शिक्षिकाओं को शिक्षक संघ ने सम्मानित किया। वही खण्ड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा ने लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय आशापुर में बीईओ जयसिंहपुर की अध्यक्षता में सम्मान समारोह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। 31 मार्च को सेवा निवृत होने वाले शिक्षक रघुनंदन प्रताप सिंह, शिक्षिका उर्मिला सिंह, बिंदु देवी, जनक लली को राम चरित मानस, प्रतिमा व अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया। बीईओ शिव शंकर मिश्रा ने मौजूद लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर दामोदर तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, दीपेंद्र सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, ब्लॉक संयोजक रवि सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, राम मगन, रोहित द्विवेदी, प्रमोद सिंह यादव, घनश्याम वर्मा, सफदर मेहंदी, अशोक विश्वकर्मा, अजीत सिंह यादव, राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार, अमित दीक्षित रमाशंकर तिवारी आदि मौजूद रहे।

# संस्कारी शिक्षक से ही भारत बनेगा विश्व गुरु

- तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 संबंधी अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित विभिन्न जानकारियां अध्यापकों से साझा की गई। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति का संक्षिप्त परिचय (माध्यमिक शिक्षा के परिपेक्ष में) तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क 2023 का परिचय कराया गया। प्रशिक्षण में पाठ्यचर्या पर भी चर्चा हुई।

सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर यादव ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापक को संस्कारी बनाते अच्छे से प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। तभी विश्व गुरु बनने की चाहत श्रेष्ठ तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के द्वारा ही संभव हो सकती है। उन्होंने कहा कि हमें मात्रात्मक की जगह गुणात्मक शिक्षा पर ध्यान देना होगा तथा निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित रहना होगा। प्रशिक्षण के नोडल शैलेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि प्रत्येक स्तर पर नवीनीकरण की आवश्यकता महसूस होती है। आने वाले समय में टीएलएम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा शैक्षिक तकनीक से अध्यापक तथा शिक्षार्थियों का परिचित होना बहुत जरूरी है।

डायट में प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र के साथ शिक्षक। अमृत विचार

### बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** शिक्षा क्षेत्र जयसिंहपुर के करन कान्वेंट स्कूल गोसाईगंज का आठवां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक, देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कूरेभार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर किया। विद्यालय की छात्रा रुचि, रहनुमा, स्नेहा, अंशिका, लवली ने सरस्वती वंदना, अनुष्का, अनन्या, अंशिका, वैशाली, ओजस्वी, पीहू, श्रेया व रुद्राक्षी ने छोटा बच्चा जान कर हमको गाने पर डांस किया। अन्य बच्चों ने भी कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# महीनों से खराब है स्टेशन पर लगी स्वचालित सीढ़ी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों को जिले के रेलवे स्टेशन पर लंबी सीढ़ियों से निजात दिलाने के लिए लाखों की लागत से एस्केलेटर्स (स्वचालित सीढ़ी) लगाई गई थी। जो महीनो से खराब पड़ी है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

एक तरफ सुलतानपुर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत के तहत 19.95 करोड़ की लागत से दो मंजिला नया स्टेशन भवन बनाया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना से स्थानीय जंक्शन पर काम भी शुरू हो गया है। जिसके तहत नए रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज, दिव्यांगों के लिए आधुनिक व्यवस्था, यात्रियों के बैठने के लिए शेड, प्लेटफार्म नंबर एक से चार तक लिफ्ट के साथ स्वचालित सीढ़ी समेत कई काम किए जाएंगे। लेकिन मौजूदा समय में स्टेशन पर पहले से लगी एस्केलेटर्स (स्वचालित सीढ़ी) महीनों से खराब पड़ी है। जिसके चलते बुजुर्ग, महिलाओं, बीमार व दिव्यांग यात्रियों दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

> एस्केलेटर्स (स्वचालित सीढ़ी) विद्युत आपूर्ति के अंदर आती है। ठीक कराने के लिए निर्देशित किया गया है। -बीएस मीणा, स्टेशन मास्टर सुलतानपुर

### असलहे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाने पर तैनात उपनिरीक्षक विजय कुमार गुप्ता हमराही सिपाहियो के साथ के साथ क्षेत्र में थे। तभी सूचना मिली की क्षेत्र के प्रभु शुक्ला चौराहे के पास सड़क पर एक व्यक्ति असलहे के साथ खड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे दबोच लिया तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मो. सलमान निवासी अशरफपुर वलीपुर थाना बल्दीराय के रूप में हुई। पकड़े गए व्यक्ति को थाने लें जाकर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया।

### 30 घंटे बाद भी नहीं बदला गया खराब ट्रांसफार्मर

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकास खंड क्षेत्र के विष्णू गोपालपुर गांव में लगा ट्रांसफार्मर बुधवार को शाम 5 बजे जल गया। ट्रांसफार्मर जलने से दो सौ की आबादी के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीण राजीव चौबे, मोनू, सुनील, अरविंद, संतोष, देवी प्रसाद, प्रदीप, जय प्रकाश आदि ने बताया कि ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए जेई से शिकायत की गई है। लेकिन अभी ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। वहीं अवर अभियंता इफ्तेखार आदिल ने बताया कि जल्द ही दूसरा ट्रांसफार्मर लगवा कर सप्लाई बहाल की जाएगी।

### स्कूल में मनाया गया स्नातकोत्तर दिवस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** हेलो चैप्स स्कूल सीताकुंड में स्नातकोत्तर दिवस का आयोजन प्रबंधक संदीप सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। प्रधानाचार्या साक्षी श्रीवास्तव छात्रों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहन करने के लिए मौजूद थीं। स्नातकोत्तर दिवस के अवसर पर छात्रों को प्रेरित करने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और उन्हें भविष्य की शिक्षा के बारे में भी जानकारी दी गई।

जगी आस | मौसम ने साथ दिया तो इस बार अच्छी होगी आम की फसल

# अमराई की सुगंध से बागवानों की उम्मीदें बढ़ीं

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमराई से उठने वाली सुगंध बिखेरती आम मंजरी से आम बागवानों की उम्मीदें जगी। मौसम ने साथ दिया तो इस वर्ष आम आदमी भी आम का स्वाद चखेगा।

फलों का राजा कहे जाने वाले आम की मंजरी से गांव गली और घर आंगन खुशबू से महकने लगा है। आम को लेकर आम आदमी की जगी उम्मीदों के साथ पक्षियों की अमराई में गूंज रही चहचहाहट इस बात का संकेत है कि आम की फसल इस बार अच्छी होने वाली है। इस वर्ष दशहरी आम के साथ देशी आम के पेड़ों पर मंजरी काफी मात्रा में देखने को मिल रही है।

क्षेत्र के इटवा गांव के बागवान रिषभ सिंह का कहना है कि कोरोना काल के बाद यह पहला मौका देखने को मिल रहा है कि दशहरी और तुकमी आम के पेंडों पर खूब मंजरी आई और स्वस्थ भी है। चौंसा आम की प्रजाति पर तो दशकों से इतनी मंजरी नहीं आई। तो वहीं देशी आम के बागवान खारा निवासी राधे रमण पेड़ों की मंजरी देख फूले नहीं समा रहे हैं। जिनका कहना है कि मौसम ने साथ दिया तो इस बार आम आदमी भी आम का स्वाद पा सकेगा। फिलहाल आम फसल तैयार होने में अभी लंबा समय है। ऐसे में मौसम की बेरुखी के साथ आम मंजरी और आम पर तमाम बीमारियों के प्रकोप से बागान मालिकों को सावधान रहने की जरूरत है। कृषि विशेषज्ञ एडीओ एजी जुबैर अहमद ने बताया कि किसान भाई आम मंजरी की बराबर निगरानी करते रहे। मौसम की प्रतिकूलता के दौरान भुनगा, पाउडरी मिल्ड्यू,, गुच्छा रोग आम की फसल को नुकसान पहुंचा सकते है। यदि इन बीमारियों का लक्षण दिखाई पड़े तो विशेषज्ञ से सलाह लेकर उपचार करें।

धनपतगंज में इटवा गांव में आम बागवान रिषभ सिंह आम की मंजरी देखते हुए।

**परागदेई महिला महाविद्यालय हलियापुर, सुलतानपुर**
(सम्बद्ध डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

**में आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में हिन्दी, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, चित्रकला, मनोविज्ञान एवं समाज कार्य प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01–01 पद।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में चित्रकला एवं शिक्षा शास्त्र विषय में प्रवक्ता 02–02 पद।
योग्यता एवं वेतनमान – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ स्वयं या महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

शम्भू शरण सिंह-प्रबन्धक

**महात्मा गांधी स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जियापुर सैदखानपुर (कूरेभार) सुलतानपुर**

स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है-
1– कला संकाय स्नातक स्तर– हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, उर्दू, शारीरिक शिक्षा, भूगोल, सैन्य विज्ञान, मध्यकालीन इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, विज्ञान, (प्रत्येक में दो–दो पद)। 2– कला संकाय परास्नातक स्तर– गृह विज्ञान, सैन्य विज्ञान, समाजशास्त्र, हिंदी, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी (प्रत्येक में दो–दो पद)। 3– विज्ञान संकाय स्नातक स्तर– भौतिकी, रसायन, गणित, जन्तु, विज्ञान व वनस्पति विज्ञान (प्रत्येक में दो–दो पद)। 4– वाणिज्य संकाय स्नातक स्तर– बीकॉम पाठ्यक्रम में 6 पद। वेतन व योग्यता यूजीसी तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की गाइडलाइन के अनुसार उत्तर प्रदेश शासन की स्ववित्तपोषित के शासनादेशों के अनुसार देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर चार रंगीन फोटो व समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व पहचान पत्र आधार और पैन कार्ड की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में संपर्क करें।

प्राचार्य – डॉ. एस.के. श्रीवास्तव
मो0 : 9532650458

प्रबंधक – अजय दूबे
मो0 : 9415051257

18वां रोजा

शिया
सहरी : 04 .35 बजे
इफ्तार : 06 .25 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .32 बजे
इफ्तार : 06 .16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### करंट से बालक की मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के आमा नानकार गांव में मंगलवार देर शाम करंट से तीन वर्षीय बालक की मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। क्षेत्र के आमा नानकार गांव निवासी जमीरुल्लाह का तीन साल का बेटा एराफ मंगलवार शाम गांव के पूरब स्थित मंदिर में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। परिसर स्थित पोखरे के पास विद्युत पोल का तार भूमि से सटा था जिसमें करंट था। खेलते हुए तार की चपेट में वह आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई।

### शव की हुई शिनाख्त

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** इटवा-डुमरियागंज मार्ग स्थित बदलियां के पास मंगलवार देर शाम सड़क हादसे में मरने वाले युवक की पहचान हो गई है। देर रात बदलिया के पास किसी वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। एसओ संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि शव की पहचान 50 वर्षीय अलाउद्दीन पुत्र अहमद खान निवासी परसपुर गांव के रूम में हुई है। वह मंदिक रूप से अर्धविक्षिप्त था और कई दिनों से गायब था।

### होली मिलन समारोह आज

**गोरखपुर, अमृत विचार :** भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम श्रेष्ठ पासवान व प्रदेश कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्त ने कहा है कि संघ का होली मिलन समारोह शुक्रवार को 3 :00 बजे संघ के कार्यालय हुमायूंपुर उत्तरी तरंग गेट में धूमधाम से मनाया जाएगा। सभी समाचार पत्र विक्रेता संगठन के कार्यालय पहुंचकर होली मिलन समारोह का आनंद उठाएं।

### रूट मार्च किया

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना पथरा बाजार पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्स की टीम ने गुरुवार को ग्राम कम्हरिया खुर्द और कम्हरिया बुजुर्ग में रूट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। इस दौरान क्रिटिकल मतदान केंद्रों व वनरेबुल मजरों का भ्रमण कर लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# वोटिंग के दिन बूथों पर शुद्ध पेयजल के लिए तरसेंगे मतदाता

## मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं, शौचालय सहित कई सुविधाओं का अभाव, जर्जर हालत में हैं रैंप

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान कई बूथों पर 25 मई को मतदान के लिए कतार में लगे लोगों को शुद्ध पानी के तरसना होगा। मतदान के लिए परिषदीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूथ बनाए गए हैं। कई विद्यालयों में शुद्ध पेयजल व शौचालय समेत अन्य सुविधाओं का अभाव है।

भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र में मतदान के लिए बनाए गए बूथ संख्या 34, 35, 36 व 37 पर मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। कंपोजिट विद्यालय सिकौथा में दो मतदान केंद्र बनाया गए हैं। यहां दिव्यांगों के लिए रैंप

उसका विकास खंड के स्कूल के बाहर खराब हैंडपंप। अमृत विचार

जर्जर होकर टूट गया है, शौचालय भी जर्जर अवस्था में है। विद्यालय की रंगाई-पुताई अभी तक नहीं कराई गई है, यहां लगा सरकारी हैंडपंप खराब पड़ा है। बिजली के लिए खंभे तो लगे है लेकिन तार के अभाव में आपूर्ति नहीं है। विद्यालय के प्रभारी इंचार्ज अभय श्रीवास्तव ने बताया कि पानी के लिए विद्यालय से तीन सौ मीटर दूर जाना पड़ता है। रंगाई-पुताई व वायरिंग के लिए पैसा आ गया है, जल्द ही काम करा दिया जाएगा। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक विद्यालय रोहनीभारी में बूथ संख्या-37 मतदान के लिए बनाया गया है जिसमें तीन गावों के लोग मतदान करेंगे। विद्यालय में बाउंड्रीवॉल नहीं है। दिव्यांगों के लिए जो रैंप बनाया गया है, वह जर्जर है। पेयजल व शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। मतदान वाले कमरे में न बिजली आपूर्ति है और न कमरे का जंगला सही है। विद्यालय इंचार्ज आशीष भारती ने बताया कि बाउंड्रीवॉल के लिए बिस्कोहर नगर के ईओ को मांगपत्र दिया गया है। प्राथमिक विद्यालय बस्ती बरगदवा में बिजली सप्लाई व पानी की व्यवस्था सही है लेकिन विद्यालय की रंगाई-पुताई व लिखाई अभी नहीं हुई, दिव्यांगों के लिए रैंप तो बना है लेकिन वहां तक जाने वाले मार्ग पर ईंट का खड़ंजा लगा होने के कारण दिव्यांगों को बूथ के अंदर जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। एसडीएम इटवा राहुल सिंह ने कहा कि शीघ्र ही बूथों का औचक निरीक्षण कर कमियों को समय रहते दूर करा दिया जाएगा।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में 410 बूथ बनाए गए है। ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय डोहरिया बुजुर्ग में शौचालय निर्माणाधीन हैं। भवन की रंगाई-पुताई नहीं हुई है, परिसर में गंदगी पसरी रहती है। परिषदीय विद्यालय करहिया के शौचालय में गंदगी और पानी भरा है। विद्यालय में रैंप नहीं है। परिषदीय विद्यालय चेतरा में रैंप क्षतिग्रस्त है, बिजली की व्यवस्था भी नहीं है। शोहरतगढ़ के एसडीएम कर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जिस मतदान स्थल पर व्यवस्थाओं में कमी हैं, उन्हें सही करवाने का निर्देश दिया गया है। बूथ स्थल की जांच की जा रही है। चुनाव तक सभी बूथों की व्यवस्था ठीक कर दी जाएगी। किसी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी।

### मतदान केंद्रों पर मुहैया कराएं मूलभूत सुविधाएं

समीक्षा बैठक में मौजूद जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** क्रिटिकल व बर्नेबुल बूथों की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ भी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं पूर्ण नहीं हैं, वहां उपजिलाधिकारी निरीक्षण कर उन्हें समय से पूर्ण करा लें। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव भयमुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराने को पूरी तत्परता से कार्य करें। लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सही समय पर कराया जाए डोर टू डोर कूड़ा उठान

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने गुरुवार को वाहन विभाग की बैठक की। बैठक में वाहन विभाग की बहुत कमियां पाईं गईं। स्टोर से निकलने वाले वाहनों की रजिस्टर सूची की जांच की गई जिसमें गाड़ियां का विवरण आधा-अधूरा मिला। रजिस्टर मेंटेन करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान खराब गाड़ियों की मरम्मत करने व पुराने वाहन ऑन की डेंटिंग-पेंटिंग करने के निर्देश भी दिए गए। वहां के ड्राइवर की बायोमैट्रिक अटेंडेंस लगवाने पर चर्चा की गई। महेवा स्टोर में वाहनों के वर्कशॉप निर्माण कार्य को शीघ्र

वाहन विभाग की बैठक को संबोधित करते नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल। अमृत विचार

पूर्ण करने के लिए एनडी पांडे सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया। वाहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया की जेसीबी वाहनों का उपयोग किसी निजी स्वार्थ में न करने दिया जाए और जोनवार जेसीबी की सूची उपलब्ध कराई जाए। डोर टू डोर पूरा कलेक्शन की जो भी गाड़ियां 12:00 बजे स्टोर में खड़ी की जा रही हैं, उनके ड्राइवरों की सूची बनाएं व ऐसा करने पर हटाया जाएं। सही समय पर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जाएं। बैठक में उपनगर आयुक्त मणि भूषण तिवारी, अविनाश सिंह, सहायक नगर आयुक्त रवि सिंह, लेखा अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

## रेल संरक्षा आयुक्त कल करेंगे नए आमान परिवर्तन कार्य का निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के लखनऊ-पीलीभीत खंड पर शाहगढ़-माला-पीलीभीत स्टेशनों के मध्य आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण हो चुका है। 30 व 31 मार्च को रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल इस नए आमान परिवर्तित व विद्युतीकृत रेल खंड का निरीक्षण करेंगे और स्पीड ट्रायल किया जाएगा। रेल प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि निरीक्षण व स्पीड ट्रायल के दौरान इस नए आमान परिवर्तित व विद्युतीकृत रेल लाइन पर न तो स्वयं जाए और न ही अपने पशुओं को जाने दे।

# समय से हो रेलवेकर्मियों के इलाज का रीइंबर्समेंट

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय व ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय जाकर मरीजों से मिले और उनका हालचाल जाना।

इस दौरान उन्हें बताया गया कि कई रेलकर्मियों ने प्राइवेट इलाज करने के बाद रीइंबर्समेंट का आवेदन दिया है। इनके इलाज का खर्चा 6- 7 लाख रुपये है लेकिन कोई रीइंबर्समेंट नहीं हो पा रहा है। इस पर महामंत्री ने मेडिकल डायरेक्टर और जिम्मेदार अधिकारियों से बात की तब उन्होंने बताया कि रीइंबर्समेंट के लिए बजट नहीं है, रेलवे बोर्ड द्वारा बजट देने पर रीइंबर्समेंट किया जाएगा। महामंत्री ने महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे से मांग की है कि रीइंबर्समेंट न हो पाने के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए। रीइंबर्समेंट ना होने से कर्मचारी पिछले डेढ़ दो वर्ष से परेशान है। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एके सिंह, डीके तिवारी,एससी अवस्थी,आरपी भट्ट, कौशल कुमार सिंह, दीपक चौधरी,कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, विजय पाठक, जयप्रकाश सिंह, देवेश सिंह, अंशुमान पाठक, निशांत यादव, अजय त्रिपाठी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त रेलवेकर्मियों को दी विदाई

सेवानिवृत्त कर्मियों के विदाई समारोह में मौजूद रेलवे के अधिकारी।

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले मुख्य कारखाना इंजीनियर अचिन बनर्जी, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी राणा प्रताप चंद्र व वरिष्ठ विधि अधिकारी आरएन मिश्रा और 9 अराजपत्रित कर्मचारियों को को सम्मानित किया। साथ ही सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों व कर्मचारियों के सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी राजपत्रित आनंद कुमार, वरिष्ठ अधिकारी व सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों के परिजन भी उपस्थित थे। इसके अलावा लेखा विभाग से लेखा सहायक यात्री अनुभाग जोसेफ सुशील रूण्डा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कई अधिकारी-कर्मचारी व उनके परिवार के लोग मौजूद रहे। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी है।

## किशोरी को बरामद कर परिजनों के किया सुपुर्द

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे लगातार रेल संपत्ति की सुरक्षा व अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में 27 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल, ऐशबाग को ऐशबाग स्टेशन के महिला वेटिंग हॉल में 14 वर्ष की एक लड़की घबराई हालत में मिली। पूछताछ के बाद उसे चाइल्ड हेल्पलाइन, लखनऊ को सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर गाड़ी सं. 22419 के औंड़िहार आगमन पर आरक्षित कोच से यात्री का एक बैग लावारिस हालत में बरामद कर औंड़िहार पोस्ट पर जमा किया गया जिसे यात्री के उपस्थित होने पर उसे सुपुर्द किया गया। रेलवे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर गाड़ी सं. 14006 में यात्री का छूटा हुआ एक झोला लावारिस हालत में बरामद कर भटनी पोस्ट पर किया गया।

# रेलवे अधिकारी हिंदी में ही करें कार्य : पवन कुमार

**गोरखपुर, अमृत विचार :** सिग्नल कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के तत्वावधान में गुरुवार को मुख्य कारखाना प्रबंधक/सिग्नल कारखाना पवन कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक, साहित्कार भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती व हिंदी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन सिग्नल करखाना, गोरखपुर में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य कारखाना प्रबंधक ने कहा कि सिग्नल कारखाने के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपना कार्य हिंदी में करें, ताकि अधीनस्थ कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने की प्रेरणा मिले। साहित्कार भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती पर उन्होंने कहा कि उनकी रचनाओं में नए भारत का स्वप्न झलकता है। उन्होंने संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम का संचालन बीरेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक कारखाना प्रबंधक सिग्नल कारखाना एवं राजभाषा संपर्क अधिकारी ने किया। इस अवसर पर सपना खरे, वरिष्ठ अनुवादक ने भवानी प्रसाद मिश्र की जयंती पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। स्वाति दूबे ने क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई और अम्बिका प्रसाद ने आभार व्यक्त किया।

## सार-संक्षेप

### निःशुल्क शिविर में ग्रामीणों को किया जागरूक

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी चेरिगवा क्षेत्र के चंदई गांव में गुरुवार को ओपीडी व मानव चिकित्सा शिविर लगाया गया। सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) डॉ. कल्याणी स्वेन 43वीं वाहिनी के सहयोग से सीमाई क्षेत्र के 32 पुरुष, 50 महिलाओं व 8 बच्चों सहित 90 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि :शुल्क दवा वितरित की गई। डॉ. कल्याणी स्वेन ने ग्रामीणों को खानपान व साफ-सफाई के बारे में सतर्कता बरतते हुए पौष्टिक भोजन का सेवन करने और नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। इस दौरान कैलाश दान, सहायक कमांडेंट , सहायक उप निरीक्षक (फार्मासिस्ट) एच. केनेडी सिंह, तबरेज आलम, ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल सलाम चरिगवा आदि रहे। शिविर के माध्यम से चंदई, चरिगवा, लोहटी, बनचौरा और खैरीकौरा गांवों के ग्रामीण लाभान्वित हुए।

शिविर में जांच करतीं डॉक्टर। अमृत विचार

### गेहूं क्रॉप कटिंग की समीक्षा की

समीक्षा बैठक में निर्देश देते सदर तहसीलदार। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार :** सदर तहसील सभागार में गुरुवार को गेहूं क्रॉप्ट कटिंग की समीक्षा बैठक की गई। सदर तहसीलदार विकास कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सभी कानूनगों, लेखपाल व प्रशासनिक अधिकारियों, मंडलीय सांख्यिकी अधिकारी प्रकाश शुक्ला व अपर सांख्यिकी अधिकारी भूपेंद्र गुप्ता ने भी इस बैठक में मौजूद रहे। तहसीलदार विकास कुमार सिंह ने कई बिंदुओं पर कानूनगों व लेखपालों को निर्देश दिए। कहा कि कई गांवों का रोड मैप का नक्शा पेंडिंग है, उन सभी को सम्मिलित करने में तेजी लाए। गेहूं सत्यापन में तेजी लाने की जरूरत है। बड़े किसान यानी 100 क्विंटल से अधिक गेहूं बेचने वालों का रकबा सत्यापन कराना होगा। चकबंदी के गांवों में बेचे जाने वाले अनाज गेंहू की मात्रा का शत-प्रतिशत सत्यापन कराया जाएं। सभी लेखपाल, कानूनगों दिए गए दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए अपने-अपने कार्य करें।

### श्रद्धांजलि सभा में सूर्यनाथ सिंह को किया याद

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यनाथ सिंह के आकस्मिक निधन पर गुरुवार को सिंहेश्वरी मंदिर परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्व. सूर्य नाथ सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री एडवोकेट अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि हर समय नि :स्वार्थ भाव से संगठन के लिए लगातार कार्य करने वाले वरिष्ठ उपाध्यक्ष के निधन से संगठन को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनकी कमी संगठन को सदैव खलेगी। जिलाध्यक्ष सुनील त्रिपाठी, जिला महामंत्री जय प्रकाश गुप्ता ने भी विचार रखे। इस दौरान जितेंद्र बहादुर सिंह, पवन यादव, जगन्नाथ चौबे, दिव्यांशु महराज, श्रवण पांडेय उर्फ नप्पू बाबा, अमन जायसवाल, कन्हैया गुप्ता, प्रधान महेंद्र यादव, हरेंद्र बहादुर सिंह, फतेहबहादुर सिंह, राजेश चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्यालयों के विकास में प्रबंधन समितियों का महत्वपूर्ण योगदान

उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जानकारी देते वक्ता। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** शत-प्रतिशत छात्र नामांकन, उपस्थिति, ठहराव व विद्यालय के चतुर्दिक विकास में विद्यालय प्रबंधन समितियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यों के पारस्परिक समन्वय और सहयोग से विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सहित गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का बेहतर सृजन भी होता है। गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र नौगढ़ में विद्यालय प्रबंधन समितियों के एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में यह बात बीईओ धर्मेंद्र कुमार पाल ने कहीं। इस दौरान जितेंद्र मिश्रा, विजय बहादुर यादव, रीता चौधरी, सुनीता वर्मा, किरन उपाध्याय, आरती चौधरी, सुनील,सूरज, प्रशिक्षक धर्मेंद्र सिंह, नियाज अहमद, धर्मेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

# होली पर रेलवे कर रहा कई विशेष ट्रेनों का संचालन

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार:** होली पर्व पर होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने यात्री जनता की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया है। ये गाड़ियां पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से महानगरों के लिए चलेंगी।

05023 गोरखपुर-आनंद विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी गोरखपुर से 31 मार्च को चलाई जाएगी। 05024 आनंद विहार टर्मिनल-गोरखपुर विशेष गाड़ी आनंद विहार टर्मिनल से 1 अप्रैल को चलाई जाएगी। 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी टनकपुर से 29 मार्च, 05098 दौराई-टनकपुर विशेष गाड़ी दौराई से 30 मार्च, 05531

रक्सौल-आनंद विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी रक्सौल से 31 मार्च, 2024 को चलाई जाएगी। 05532 आनंद विहार टर्मिनल-रक्सौल विशेष गाड़ी आनंद विहार टर्मिनल से 1 अप्रैल को चलाई जाएगी। 05566 सरहिंद-सहरसा विशेष गाड़ी सरहिंद से 30 मार्च, 01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी गोरखपुर से 30 मार्च, 01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 29 मार्च, 01104 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष गाड़ी गोरखपुर से 30 मार्च, 05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी गोरखपुर से 29 मार्च को चलाई जाएगी। इसके अलावा, 05054 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी बांद्रा टर्मिनस से 30 मार्च, 05049 छपरा-अमृतसर विशेष गाड़ी छपरा से 29 मार्च, 05050 अमृतसर-छपरा विशेष गाड़ी अमृतसर से 30 मार्च, 05045 लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी लालकुआं से 31 मार्च को चलाई जाएगी। इसके अलावा भी कई स्टेशनों ने विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### इनमें उपलब्ध हैं सीट

**गोरखपुर, अमृत विचार :** होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने विशेष गाड़ियों का संचलन किया है। इन ट्रेनों में 28 मार्च को शाम बर्थ या सीट की उपलब्धता रहेगी। लालकुआं से 31 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05045 लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 28 व वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 115 बर्थ हैं। मऊ से 31 मार्च को प्रस्थान करने वाली 09196 मऊ-वडोदरा विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 7 बर्थ हैं। गोरखपुर से 30 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05777 गोरखपुर-न्यू जलपाईगुड़ी विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 14, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 13 व शयनयान में 641 बर्थ उपलब्ध हैं।

सतर्कता | समय रहते रक्तदाताओं को किया गया आगाह, शुरू हुआ इलाज

# रक्तदान का 35 यूनिट खून मिला संक्रमित

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार:** रक्तदान से अंजान लोगों की जान बचती है। साथ ही रक्तदाता भी संभावित बीमारियों के जोखिम से सुरक्षित होते हैं। इसकी पुष्टि ब्लड बैंक के आंकड़े कर रहे हैं। बीते वर्ष फरवरी 2023 से 2024 तक रक्तदान के बाद की गई जांचों में 35 यूनिट खून संक्रमित मिला। ब्लड बैंक की सूचना पर संबंधित रक्तदाताओं ने अपना इलाज शुरू कराया है।

माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में स्थित ब्लड बैंक के रिकॉर्ड के मुताबिक, फरवरी

ब्लड बैंक सिद्धार्थनगर।

2023 से 2024 तक 4,773 लोगों ने रक्तदान किया। इसके बाद ब्लड बैंक में विभिन्न चरणों में हुई सघन जांच में 35 यूनिट रक्त संक्रमित मिले। इसमें छह यूनिट रक्त एचआईवी, 16 यूनिट एचबीएसएजी व 13 यूनिट वीडीआरएल (सिफलिस) से संक्रमित मिला। रिपोर्ट की जानकारी संबंधित रक्तदाताओं को गोपनीय स्तर पर कॉल करके दी गई है। समय रहते उन्होंने अपना इलाज शुरू कराया ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. मनोज तिवारी के मुताबिक, जब तक लक्षण न उभरें, लोग हेपेटाइटिस बी, सी, सिफलिस की जांच नहीं कराते। मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में रक्तदान से पूर्व और बाद में होने वाली सभी जांचें निःशुल्क होती हैं। एसएलटी अशोक कुमार मिश्र के मुताबिक, रक्तदान से पूर्व ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, वजन की जांच होती है। रक्तदान के बाद हेपेटाइटिस बी, सी, ई, सिफलिस, एचआईवी, ह्यूमन टी लिम्फोट्रॉपिक (एचटीएलवी), मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड, जेई, साइटोमेगलोवायरस (सीएमवी) समेत अन्य जांचें होती हैं। रक्तदाताओं से मिले खून यदि संक्रमित पाए जाते हैं, उन्हें 121 डिग्री सेंटीग्रेट पर गलाकर नष्ट कर दिया जाता है। इससे किसी भी प्रकार का लक्षण न मिल पाए और कोई भी व्यक्ति इसकी चपेट में न आने पाए।

# इंटरलॉकिंग कार्य के कारण छह ट्रेनों की रि-शिड्यूलिंग

**गोरखपुर, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के टोडरपुर स्टेशन की डाउन लाइन के कमीशनिंग के परिप्रेक्ष्य में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य चल रहा है। इस कारण रेलवे प्रशासन ने छह गाड़ियों की रि-शिड्यूलिंग की है। साथ ही एक गाड़ी नियंत्रण कर चलाई जाएगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि टनकपुर से 3 व 5 अप्रैल को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस टनकपुर से 90 मिनट, मेरठ सिटी से 3 से 5 अप्रैल तक चलने वाली 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस मेरठ सिटी से 120 मिनट, टनकपुर से 4 अप्रैल को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस टनकपुर से 90 मिनट, जम्मूतवी से 2 अप्रैल को चलने वाली 15098 जम्मूतवी-भागलपुर एक्सप्रेस जम्मूतवी से 65 मिनट, जम्मूतवी से 3 अप्रैल को चलने वाली 15652 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस जम्मूतवी से 65 मिनट, काठगोदाम से 4 व 5 अप्रैल को चलने वाली 15044 काठगोदाम-लखनऊ जैंशन एक्सप्रेस काठगोदाम से 60 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी। इसके अलावा, लालगढ़ से 2 से 4 अप्रैल तक चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस मार्ग में 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

## एक नजर

### पुलिस ने दिव्यांग बच्चे को परिजनों से मिलाया

**बलरामपुर।** सादुल्लानगर एण्टीरोमियो टीम उपनिरीक्षक शुभम सिंह ने बताया कि वह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण शील थे। तभी मुबारक मोड़ के पास एक मानसिक दिव्यांग बालक उम्र करीब 08 वर्ष रोता हुआ मिला बातचीत से मानसिक दिव्यांग लग रहा था, घर का पता नहीं बता पा रहा था। एण्टीरोमियो टीम द्वारा बालक का फोटो तत्परता पूर्वक सोशल मीडिया में प्रसारित कराया। परिणाम स्वरूप 06 घण्टे के अन्दर गुमशुदा बच्चे के परिजन पिता का नाम टिकोरी लाल व माता का नाम विमला देवी निवासी पुकन्नी मशमूले उपाध्यायपुर ग्रिन्ट थाना मनकापुर जनपद गोण्डा मोबाईल से संपर्क स्थापित हुआ। बालक के परिजन तत्काल थाना सादुल्लानगर पहुंचे एवं बच्चे से मिलवाया गया। पिता टिकोरी लाल ने बताया कि उनका बच्चा कुछ मंदबुद्धि का है आज सुबह घर से अकेले निकल गया था तथा भटकते हुए सादुल्लानगर आ गया था। जिसकी खोजबीन में लोग सुबह से ही की जा रही थी।

# मतदान से पांच दिन पूर्व जारी की जाएगी मतदाता पर्ची : जिलाधिकारी

## पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में सभी पंजीकृत मतदाताओं को मतदान के 5 दिन पूर्व मतदाता सूचना पर्ची प्रदान कर दी जाएगी। डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने बताया की लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें इसके लिए विधानसभावार निर्वाचक नामावली में पंजीकृत सभी को मतदाता सूचना पर्ची जारी की जायेगी।

इस मतदाता सूचना पर्ची के आगे के भाग पर निर्वाचक नामावली में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम तथा मतदान का दिनांक, क्यूआर कोड इत्यादि का उल्लेख होगा। मतदाता सूचना पर्ची के पीछे के भाग पर पोलिंग स्टेशन का नक्शा तथा बीएलओ का नाम, बीएलओ का कॉन्टेक्ट नम्बर, मतदान करने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश आदि उल्लेखित रहेगा। मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी।

### डाक मतपत्र की सुविधा के बारे में बताया

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को रंगीन वोटर गाइड दी जाएगी। रंगीन वोटर गाइड में चित्रों के माध्यम से मतदाता ईवीएम से कैसे अपना मतदान करें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जा रही सुविधा ऐप्स जैसे सक्षम-ईसीआई, वोटर हेल्पलाइन ऐप, अपने अभ्यर्थी को जानें (नो योर कैन्डिडेट) ऐप तथा सी-विजिल ऐप की जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही पंजीकरण, मतदान, दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को घर से मतदान तथा डाक मतपत्र की सुविधा के बारे में बताया गया है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण मतदान की तिथि के 09 दिन पूर्व से लेकर मतदान की तिथि से 05 दिन पूर्व तक समस्त मतदाताओं को उपलब्ध करायी जाएगी। बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची, पंजीकृत मतदाता को या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराने के बाद दी जायेगी।

## चित्रकला प्रतियोगिता के जरिए मतदाताओं को करेंगे जागरूक

**बलरामपुर।** लोकतंत्र हो और मजबूत तथा लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक नागरिक अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें इसके लिए डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन में वृहद रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

डीएम ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिनांक 30 मार्च 2024 को स्पोर्ट स्टेडियम बलरामपुर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए दो ग्रुप बनाए जाएंगे। प्रथम ग्रुप में कक्षा चार से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी तथा द्वितीय ग्रुप में स्नातक और स्नाकोत्तर के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रथम ग्रुप के विद्यार्थी मतदाता जागरूकता से संबंधित किसी भी विषय पर कलाकृति बना सकेंगे। द्वितीय ग्रुप के विद्यार्थी सामाजिक जागरूकता, कल्पना से चित्रण, सामुदायिक सशक्तिकरण, 3डी स्केच अथवा प्रकृति दृश्य, सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता, जनपद के सकारात्मक दृश्य, कला के माध्यम से कहानी की रचना विषय पर कलाकृति बना सकेंगे। कलाकृति में सकारात्मक संदेश होना अनिवार्य होगा।

## सार-संक्षेप

### नपा के होली मिलन समारोह में झूम कर थिरके नगरवासी

तुलसी पार्क में होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के होली मिलन कार्यक्रम में नगर वासियों ने गीत संगीत का खूब आनंद उठाया। बुधवार देर शाम शुरू हुआ होली मिलन कार्यक्रम रात तक चलता रहा। पालिकाअध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने तुलसी पार्क प्रांगण में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन कराया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि देवीपाटन शक्तिपीठ पीठाधीश्वर योगी मिथलेश नाथ योगी व विशिष्ट अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। गीत संगीत नाट्यकला मंडल द्वारा कार्यक्रम के दौरान तरह-तरह के मनोरंजन गीत व संगीत प्रस्तुत किए गए। मनमोहक गीतों पर नगरवासी थिरकते हुए नजर आए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, प्राचार्य डॉक्टर जेपी पांडे, ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी, शिवप्रसाद द्विवेदी, डीपी सिंह बैस, अशोक पांडे, रमेश पाहवा, विजय अग्रवाल, अशोक पांडे, ताराचंद अग्रवाल व संजय शर्मा सहित तमाम नगरवासी मौजूद रहे।

### रोजा इफ्तार से बढ़ता है आपसी भाईचारा

उतरौला नगर लालगंज मे रोजा इफ्तार करते रोजेदार। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** उतरौला नगर के मनकापुर रोड लालगंज में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तारी से पूर्व मौजूद सभी रोजेदारों ने इफ्तार प्रार्थना कर देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। अल जामियातुल गौसिया अरबी कालेज के मुफ्ती मसीहुद्दीन हशमती ने कहा कि रहमतों व बरकतों से भरपूर रमजान पवित्र माह है। रोजा इफ्तार के आयोजन से आपसी भाईचारा और मोहब्बत बढ़ता है। कहा कि जितना शबाब रोजा रखने से होता है, उतना ही शबाब रोजा इफ्तार कराने से मिलता है। किसी रोजेदार को पेट भरकर खिलाना जन्नत में दाखिल होने का जरिया है। मुसलमान अगर रोजा नहीं रखता तो उसके लिए जन्नत का रास्ता बंद रहता है। इसलिए मुसलमान को रोजा रखना चाहिए। कार्यक्रम में कारी बैतुल्लाह, कारी वसीम, कारी मैनुद्दीन, मौलाना अदहम, मौलाना रेहान रजा, इकबाल अशफाक बब्लू, अमन, मेराज शाह, रिजवान, गयासुद्दीन, आजम और शाहिद रज़ा समेत बड़ी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

### पेड व फेक न्यूज पर होगी कार्रवाई

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से गठित मीडिया सेल एवं सोशल मीडिया सेल से संबंधित प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी/जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार ने सभी नोडल अधिकारियों को बताया कि किस प्रकार मीडिया एवं सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली पेड न्यूज, फेक न्यूज आदि को चिन्हित करते हुये नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने इस संबंध में आयोग के दिशा निर्देशों के विषय में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवि शंकर गिरि, जिला सूचना अधिकारी लाल कमल, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट के मामले में सगे भाइयों को 4 साल की सजा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** करीब 11 साल पहले मारपीट में शामिल दो सगे भाइयों को न्यायालय में चार-चार साल की सजा सुनाई है। दोनों के ऊपर 25 -25 हजार का अर्थ दंड भी लगाया है।

पुलिस मानिटरिंग सेल प्रभारी सर्वेंद्र नाथ ने बताया कि थाना ललिया के ग्राम मनवरिया निवासी एक व्यक्ति ने वर्ष 2013 मे गांव के ही दो सगे भाइयों अमिरका प्रसाद और रिंकू वर्मा के खिलाफ मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की विवेचना कर उप निरीक्षक के एन सिंह ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सरकारी वकील नवीन कुमार तिवारी ने दोषियों को कठोर सजा देने पैरवी न्यायालय मे की। पत्रावली के अवलोकन तथा गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय ने दोनों भाइयों को चार-चार साल की सजा और 25 25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

# निडर होकर करें मतदान, साथ में रहेंगे फोर्स के जवान

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर निडर होकर मतदान करें। किसी भी विषम परिस्थिति के लिए फोर्स के जवान उनके साथ हैं। इस क्रम में गुरुवार को थाना सादुल्लाह नगर क्षेत्र में पुलिस तथा पैरामिलिट्री के जवानों ने संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी केशव कुमार द्वारा की गई अपील को भी लोगों से बताया गया। लोगों से यह कहा गया कि किसी भी भ्रामक खबरों का अफवाहों पर ध्यान ना दें। किसी की भी धार्मिक भावना को आहत ना करें। निडर होकर मतदान करें। किसी भी तरह की चुनावी गड़बड़ी की शिकायत तत्काल डायल- 112 तथा नजदीक के पुलिस थानों व चौकी पर अवश्य दें।

**सक्रियता**

▸▸ पुलिस तथा पैरामिलिट्री के जवानों ने संवेदनशील मतदान केंद्रों पर किया फ्लैग मार्च

सादुल्लाह नगर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते पुलिस व पैरामिलिट्री के जवान।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह और दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर राजीव मोहन त्रिपाठी ने विकास खंड तुलसीपुर के मुख्यालयकौवापुर में अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए बैठक आयोजित की गई। खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव व सफाईकर्मी को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग मिलकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाएं।

तुलसीपुर ब्लॉक मे संचारी रोग अभियान की बैठक खंड विकास अधिकारी।

साथ ही इस बार अधिक गर्मी पड़ने की संभावना को देखते हुए हीट वेब इलनेस पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए जिससे लोग पड़ने वाली अधिक गर्मी के दौरान सतर्क रहें। साथ ही जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि अपने घर के आस पास कहीं भी जलभराव न होने दें पानी भरे हुए स्थान पर मिट्टी डाल दें जिससे मच्छरों को पनपने का मौका नहीं मिलेगा। गर्मी के मौसम में घर से निकलते समय छाता का प्रयोग करें। जरुरत होने पर ही घर से बाहर निकलें। सहायक विकास अधिकारी पंचायत कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि 1 अप्रैल से शूरू होने वाले संचारी रोग नियंत्रण माह की पूरी तैयारी कर ली गई है। संचारी रोग नियंत्रण माह 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर सहायक खंड विकास अधिकारी सुनील आर्य, जेई राजू कुमार, ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप वर्मा, श्याम लाल, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, उदय राज, कौशल किशोर, धर्मेंद्र सिंह, राजेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने सीखा स्मार्ट स्टडी का तरीका

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कॉलेज इकाई द्वारा "महारानी लाल कुंवरि स्टडी सर्किल" का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. तबस्सुम फरखी मौजूद रहे। डॉ फरखी ने स्मार्ट स्टडी करने के टिप्स, आगामी सम सेमेस्टर परीक्षा में अच्छे नम्बर कैसे प्राप्त करें आदि विषयों पर छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा की। अभाविप के जिला संयोजक अम्बुज भार्गव ने बताया कि महारानी लाल कुंवरि स्टडी सर्किल प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 12 बजे कॉलेज परिसर में कॉलेज इकाई द्वारा संचालित की जाती है। प्रत्येक कार्य दिवस पर एक नए विषय पर किसी अतिथि वक्ता के साथ चर्चा की जाती है। कॉलेज इकाई मंत्री शिवम दूबे, दक्षिता, गरिमा, रित्तिका, प्रियांजलि, विकास, सौरभ, राज आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत करमैती विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत करमैती में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

राजू- प्रधान- ग्राम पंचायत-करमैती विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत परसिया गोसाई विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत परसिया गोसाई में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

तेज प्रकाश- प्रधान- ग्राम पंचायत- परसिया गोसाई विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत नन्दनगर विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत नन्दनगर में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

विनय कुमार- प्रधान- ग्राम पंचायत- नन्दनगर विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत इमिलिया विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत इमिलिया में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

लखरी-प्रधान- ग्राम पंचायत- इमिलिया विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत अहलादनगर विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत अहलादनगर में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

प्रभात कुमार- प्रधान- ग्राम पंचायत-अहलादनगर विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत लालपुर विशुनपुर विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत लालपुर विशुनपुर में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

अर्चना सिंह-प्रधान- ग्राम पंचायत-लालपुर विशुनपुर, विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत इमिलिया विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

वित्तीय वर्ष 2024-25 में गौशाला मरम्मत व गौशाला में संरक्षित पशुओं को खिलाने हेतु भूसा/चूनी चोकर/दाना हरा घास इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 29.03.2024 तक अपनी दरें लेटरहेड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

लखरी-प्रधान- ग्राम पंचायत- इमिलिया विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुगानगर विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत सुगानगर में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

ओंकारनाथ-प्रधान- ग्राम पंचायत- सुगानगर विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमवा विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत अमवा में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

मीनू-प्रधान- ग्राम पंचायत-अमवा विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत गनवरिया विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत गनवरिया में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

शैलेन्द्र कुमार-प्रधान- ग्राम पंचायत- गनवरिया विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत शिवपुरा विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत शिवपुरा में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

भरतलाल-प्रधान- ग्राम पंचायत- शिवपुरा विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत छितौनी विकास खण्ड हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर**

पत्रांक-मेमो/2023-24 **निविदा/कोटेशन** दिनांक-28.03.2024

ग्राम पंचायत छितौनी में पन्द्रहवा वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप खण्डजा निर्माण, ह्यूम पाइप नाली निर्माण, खण्डजा मरम्मत, हैण्डपम्प मरम्मत, इण्टरलाकिंग कार्य, स्कूल शौचालय निर्माण / मरम्मत कार्य, हैण्डपम्प रिबोर, स्कूल शेड निर्माण, आगंनबाडी शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र, पचायत भवन, मरम्मत सोलर लाईट आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू सीमेन्ट, सरिया, ग्रिण्ट, सटोन इण्टरलाकिंग टाइल्स, साइन बोर्ड पत्थर मिट्टी, जी0एस0एस0बी0, मिट्टी, विभिन्न माप की ह्यूम पाइप लोहे का दरवाजा प्राइमरी, पेंट, शौचालय शीट आदि की आवश्यता है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाताओं से निविदा/कोटेशन जो पजीकृत फर्म है आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/03/2024 से दिनांक 30/03/2024 को 12.00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जायेगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 01/04/2024 को 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के विशिष्टयों के अनुसार परिमंडल गोण्डा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएंगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले सभी विकास कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

जोखई-प्रधान- ग्राम पंचायत- छितौनी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा जनपद- बलरामपुर

अनूप सैनी- सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड- हरैय्या सतघरवा, जनपद- बलरामपुर

# जब अटल ने पदमसेन चौधरी को दिल्ली बुलाकर दिया था टिकट

राजू जायसवाल, बहराइच

पदमसेन चौधरी

**अमृत विचार:** बहराइच लोकसभा सीट पर सांसद रुद्रसेन चौधरी के निधन के बाद उनके बेटे पदमसेन चौधरी को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने दिल्ली बुलाकर लोकसभा का टिकट दिया था।

उन्होंने पूर्व मंत्री आरिफ मोहम्मद खान वर्तमान में केरल के राज्यपाल को चुनाव में हराकर जीत दर्ज की थी। कहने को कांग्रेस ने देश में 70 साल राज किया था, लेकिन बहराइच लोकसभा क्षेत्र की जनता ने ज्यादातर भाजपा और उससे जुड़े उम्मीदवार को अपना समर्थन देकर जीत दिलाई। वर्ष 1977 के बाद होने वाले लोकसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस ने तीन और भाजपा ने चार बार लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से जीत दर्ज की है। वर्ष 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी ने चुनाव जीता था। वर्ष 1996 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन सांसद रूद्र सेन चौधरी का निधन हो गया था। 2 मार्च 1996 को उनका अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम संस्कार के पांचवें दिन पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई रुद्रसेन चौधरी के पैतृक आवास मैगला गांव पहुंचे। उन्होंने रुद्रसेन चौधरी के पुत्र पदम सेन चौधरी को कुछ दिन बाद दिल्ली बुला लिया। इसके बाद उन्होंने पदम सिंह चौधरी को बहराइच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया। वर्तमान में विधान परिषद सदस्य पदम सिंह चौधरी ने बताया कि अटल जी ने सौम्यता के साथ बहराइच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्हें टिकट मिला। उन्होंने भाजपा के टिकट पर वर्ष 1996 और फिर वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करते हुए पिता की सीट को बचाए रखा।

अतीत के झरोखे से

# मजबूत जड़ व जमीनी पकड़ के नेता थे मित्रसेन

## फैजाबाद से तीन बार सांसद और मिल्कीपुर से छह बार चुने गए थे विधायक, निर्दल चुनाव लड़कर दी थी मुलायम सिंह को चुनौती

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

मित्रसेन यादव

**अमृत विचार :** सन 1977 में फैजाबाद (अब अयोध्या) जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से पहली बार विधायक चुने गए खांटी वामपंथी विचारधारा वाले मित्रसेन यादव आगे चलकर जिले की राजनीति में सबसे मजबूत जड़ और जनता में पकड़ वाले नेता साबित हुए। फैजाबाद लोकसभा सीट से तीन दलों से तीन बार सांसद बनने का उनका रिकॉर्ड है। साथ ही वह जिले की मिल्कीपुर विधानसभा से छह बार विधायक भी चुने गए। और तो और वर्ष 1999 में सपा सांसद रहते मुलायम सिंह यादव ने मित्रसेन का टिकट काट दिया तो मित्रसेन यादव ने मुलायम सिंह यादव को खुली चुनौती देकर निर्दल चुनाव लड़ा और समाजवादी पार्टी की फैजाबाद सीट पर बुरी तरह से जमानत जब्त करवाई। हालांकि वह खुद भी जीत नहीं पाए।

आजादी के बाद से अब तक हुए लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय सीट से समय- समय कुल नौ लोग सांसद चुने गए हैं। सन 1957 में पहले सांसद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजाराम मिश्र चुने गए तो वहीं 2019 के आखिरी चुनाव में मौजूदा सांसद लल्लू सिंह विजयी हुए थे। इस सीट पर सर्वाधिक तीन बार तीन दलों से सांसद चुने जाने का रिकॉर्ड मित्रसेन यादव के नाम है। 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर उन्होंने कांग्रेस के निर्मल खत्री को धूल चटाई थी तो वहीं 1998 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर भाजपा के तब के कद्दावर सांसद विनय कटियार को परास्त किया था। फिर 2004 के लोकसभा चुनाव में मित्रसेन यादव को बहुजन समाज पार्टी ने टिकट दिया और उन्होंने तब के मौजूदा भाजपा सांसद विनय कटियार को शिकस्त दी थी।

फैजाबाद की सियासी जमीन पर अपने दम और जमीनी पकड़ 1999 के लोकसभा चुनाव में निर्दल लड़कर मित्रसेन यादव ने साबित किया। दरअसल 1998 के लोकसभा चुनाव में मित्रसेन यादव सपा से सांसद चुने गए थे। सांसद रहते हुए मित्रसेन का टिकट 1999 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने काट दिया और यहां से हीरालाल यादव को टिकट दे दिया। फिर क्या था, मित्रसेन यादव ने न सिर्फ खुली बगावत की बल्कि मुलायम सिंह यादव को चुनौती दे दी कि फैजाबाद में उनके प्रत्याशी की जमानत जब्त करा दूंगा। मित्रसेन यादव निर्दल चुनाव लड़ गए। मुलायम सिंह यादव ने उनके गढ़ मिल्कीपुर में ताबड़तोड़ तीन जनसभाएं कीं लेकिन जब चुनाव का परिणाम आया तो मित्रसेन यादव को 79343 और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हीरालाल यादव को मात्र 85213 वोट हासिल हुए और जमानत बुरी तरह जब्त हो गई।

दरअसल जिले की राजनीति में मित्रसेन यादव की पकड़ अपने जातिगत्व यादव मतदाताओं के साथ-साथ दलित और मुसलमानों में गहरी पैठ थी। वह जिस भी दल से लोकसभा का चुनाव लड़े या विधानसभा का इन जातियों का बहुतायत वोट मित्रसेन के पक्ष में लामबंद हुआ। इसी कूबत पर फैजाबाद संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने जाने का उनका रिकॉर्ड तो है ही, मिल्कीपुर विधानसभा सीट से वह छह बार विधायक चुने गए। और तो और अपनी सियासी जमीन पर अपने बेटे आनंदसेन यादव को जब उन्होंने सियासी मैदान में उतारा तो वह भी तीन बार विधायक अब तक चुने जा चुके हैं। आज की तारीख में रुदौली विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक रामचंद्र यादव को भी पहली बार मिल्कीपुर विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़वाकर मित्रसेन ने उन्हें विधायक बनाया था। फैजाबाद संसदीय सीट से मित्रसेन के बाद विनय कटियार भी तीन बार क्रमशः 1991, 1996 व 1999 में सांसद चुने जा चुके हैं। इसके अलावा कांग्रेस के रामकृष्ण सिन्हा का 1967 और 1971 में दो बार सांसद चुने जाने का रिकॉर्ड है तो वहीं कांग्रेस के निर्मल खत्री क्रमशः 1984 व 2009 में यहां से सांसद चुने गए। भाजपा के लल्लू सिंह हैं जिन्हें 2004 के बाद से भाजपा लगातार इस सीट से टिकट देती रही है।

वह 2004 के चुनाव में मित्रसेन यादव और 2009 के चुनाव में निर्मल खत्री के मुकाबले हारे। लल्लू सिंह 2014 और 2019 में सांसद चुने गए। इस बार फिर 2024 में भी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने लल्लू सिंह पर दांव लगाया है। अगर वह बाजी मार ले जाते हैं तो यह भाजपा की इस सीट पर हैट्रिक होगी।

## ये कर सकेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों को आयोग के निर्देश सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 12 आवश्यक सेवाओं में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर व मतदान दिवस की कवरेज के आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 12 सेवाओं के कार्मिक मतदान दिवस के दिन ड्यूटी पर होने के कारण पोलिंग स्टेशन पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मतदान करने की स्थिति में न हों, उनकी ओर से फार्म-12 डी भरा जाएगा व विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर रिटर्निंग आफिसर के पास जमा किया जाएगा।

# गढ़ बचायें या सम्मान, चक्रव्यूह में घिरा गांधी परिवार

## रायबरेली में प्रत्याशी की घोषणा पर सबकी निगाहें टिकी, घटते जनाधार को लेकर चिंतित हैं दिग्गज

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। पहले दौर के नामांकन के साथ प्रचार-प्रसार भी प्रत्याशी करने लगे हैं। लेकिन सबकी निगाहें कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली और अमेठी की सीट पर लगी हुई है। इन दोनों सीटों पर अभी तक कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं।

भाजपा ने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी को अमेठी से प्रत्याशी बना दिया है। रायबरेली सीट के लिए कांग्रेस, भाजपा और न ही बसपा की ओर से किसी उम्मीदवार की घोषणा की गई। सबसे अधिक उलझन कांग्रेस की है। वजह, दोनों सीटों को बचाने की चुनौती। भाजपा के चक्रव्यूह में फंसने के कारण ही पिछली बार अमेठी सीट से हाथ धोना पड़ा। इस बार भाजपा रायबरेली पर भी मजबूत दावा पेश कर रही है। राहुल गांधी पहले ही अमेठी से नहीं लड़ने का संकेत देते हुए लगभग स्मृति ईरानी को वाक ओवर दे चुके हैं। अब रायबरेली में प्रत्याशी की घोषणा में देरी और प्रियंका वाड्रा गांधी की ओर किसी तरह के संकेत नहीं मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ता भी हताश होते जा रहे हैं। कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषणा में देरी का फायदा उठाते हुए भाजपा हर दिन खुद को मजबूत कर रही है।

पिछले चुनावों में घटते जनाधार को लेकर कांग्रेस के दिग्गज चिंतित हैं। यही वजह है कि कहीं न कहीं प्रत्याशी घोषणा में देरी हो रही है। यदि गांधी परिवार से प्रियंका वाड्रा गांधी आती है तो कार्यकर्ताओं में भले जान आ जाए। इसके अलावा यदि कोई और उतरता है तो कहीं न कहीं संगठन की कमजोर कड़ियां भी खुलकर सामने आ सकती हैं।

### एक मंच पर सबको लाना भाजपा के लिए चुनौती



जीत के लिए दम भर रही भाजपा की राह भी आसान नहीं है। जिले में भाजपा नेता कई हिस्सों में बंटे हुए हैं। सबको एक मंच पर लाना किसी चुनौती से कम नहीं है। यही वजह है कि अभी तक यहां पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी। मजबूत दावेदार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ पूर्व सांसद राघवेंद्र सिंह और पूर्व प्रत्याशी एडवोकेट अजय अग्रवाल दावा पेश कर रहे हैं। टिकट किसी को भी मिले, यदि आपसी मतभेद समाप्त नहीं हुआ तो हाल नगर निकाय चुनाव जैसा होने से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है।

### वीआइपी सीट रायबरेली

### 2014 से घटा जनाधार हवाबाजी करते रहे कांग्रेसी

गांधी परिवार के लिए अमेठी के बाद रायबरेली सबसे सुरक्षित सीट मानी जाती है। वजह, फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी का सीधा आमजनमानस का जुड़ाव होना था। यही वजह है कि पहली बार जब सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ा तो लोगों ने हाथों हाथ लिया। सोनिया के पक्ष में प्रचार की बागडोर लेकर गांव-गांव लोग निकल पड़े। यह जरूर रहा कि इसका श्रेय लेने में पार्टी के नेता नहीं चूके। पोल खुली 2014 से जब चुनाव में जनाधार घटा। इसके बाद भी जिले के दिग्गज कांग्रेसी हवाबाजी करने से बाज नहीं आए। इसके बाद 2019 के चुनाव में भाजपा ने लंबा छलांग लगाते हुए जीत के अंतर को काफी कम कर दिया है। घटते जनाधार का सही मायने में संगठन का भी अहम रोल रहा है। वर्तमान में धरातल पर कम कागजों पर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता अधिक सक्रिय हैं। यह सबकुछ गांधी परिवार भी लगभग समझ चुका है। प्रत्याशी घोषणा में देरी की वजह पहले की तरह सीट महफूज न होना भी है।

### मनोज का आना भाजपा के लिए शुभ संकेत

समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय द्वारा मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देना और भाजपा का समर्थन करने से कहीं न कहीं जिले का समीकरण कांग्रेस के लिए गड़बड़ा गया है। ऊंचाहार विधायक डा. मनोज कुमार पांडेय का आना भाजपा के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों की माने तो इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव में पड़ना तय है। अंदर खाने में तो डा. मनोज पांडेय को एक मजबूत दावेदार के रूप में भी पेश किया जाने लगा है। हाल ही में उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात की है।

### अरविंद सेन पर भाकपा ने लगाया दांव

# अयोध्या में वामपंथ बनाम दक्षिण

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के प्रदेश सचिव रह चुके स्वर्गीय मित्र सेन यादव के पुत्र हैं अरविंद सेन

अरविंद सेन

**अमृत विचार :** वर्तमान सियासत के केंद्र बिंदु अयोध्या में इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिया है। मंदिर आंदोलन के दौर में शायद यह दूसरा मौका है जब सियासी ऊर्जा केंद्र पर वामपंथी दल भाकपा ने अपना प्रत्याशी उतारा है। चुनावी हल्के में इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

भाकपा ने प्रदेश की चार अन्य लोकसभा सीटों शाहजहांपुर (अ.जा.), लालगंज, घोसी, राबर्टसगंज के साथ फैजाबाद लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी उतारा है। इस सीट से कामरेड अरविंद सेन को प्रत्याशी बनाया है। वह पूर्व आईपीएस अफसर हैं। भविष्य में कुछ अन्य सीटों से प्रत्याशी उतारे जाने की संभावना है। प्रदेश में इनकी कुल संख्या सात तक जा सकती है। ऐसा पार्टी सूत्रों से संकेत मिले हैं।

इंडिया गठबंधन ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी पहले ही उतार दिया है। प्रत्याशी मिल्कीपुर से सपा विधायक अवधेश प्रसाद को बनाया गया है। सियासी हल्के और पार्टी के अंदरखाने में तरह-तरह की चर्चा है। सियासी हल्के में गठबंधन धर्म न निभाने की बात कही जा रही है तो पार्टी में इंडिया गठबंधन में भाकपा की उपेक्षा किए जाने की बात कही जा रही है। इसे प्रदेश में भाकपा को एक भी सीट न दिए जाने का परिणाम कहा जा रहा है। अन्य सीटों को छोड़ दिया जाए तो अयोध्या के नाते फैजाबाद सीट खास महत्व रखती है। राम मंदिर आंदोलन के चलते इस सीट पर सियासी तौर पर सपा और भाजपा आमने सामने रही है। दोनों की हरसंभव कोशिश रही है कि इस सीट को जीतकर पूरे देश को सियासत का नया संदेश दिया जाए। दोनों के लिए यह सीट नाक का सवाल बनी हुई है। ऐसे में सपा ने इंडिया गठबंधन ने नया प्रयोग किया। सामान्य सीट पर अनुसूचित जाति से आने वाले अवधेश प्रसाद को मैदान में उतारा, लेकिन चुनाव के ठीक पहले भाकपा ने अपना प्रत्याशी देकर जंग का समीकरण बदलने का प्रयास किया। अब एक ओर सपा और भाजपा के बीच सियासी लड़ाई की स्थिति बनेगी तो दूसरी ओर दक्षिण और वामपंथ की वैचारिक लड़ाई को बल मिल सकता है। यह इसलिए भी कि इस सीट पर अतीत में भाकपा का जनाधार भी रहा है। मंदिर आंदोलन के बाद यह दूसरा मौका है जब पार्टी ने अपना प्रयोग दोहराया है। सन् 1989 में भाकपा ने कामरेड मित्रसेन यादव को चुनाव मैदान में उतारा था। उनको दूसरे दलों ने भी समर्थन किया था। उन्होंने यह सीट कांग्रेस से छीन ली थी। वह सांसद बन गए थे। वह अब नहीं रहे तो उनके पुत्र कामरेड अरविंद सेन को मैदान में उतार दिया। बताया गया कि सेवानिवृत्ति के साथ ही पूर्व आईपीएस अरविंद सेन ने इस पर काम करना शुरू कर दिया था। सेवानिवृत्त होने के साथ ही उन्होंने भाकपा की सदस्यता ले ली थी। फिलहाल भाकपा से प्रत्याशी उतारे जाने के बाद नए सियासी समीकरण बनेंगे व बिगडेंगे। जीत-हार से इतर इंडिया गठबंधन को झटका लगा है। हालांकि इंडिया गठबंधन से जुड़े लोग अब नई रणनीति से चुनाव लड़ने की बात करते हैं।

# बसपा के दांव पर टिकी सपा, भाजपा की उम्मीदें

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

### भाजपा व सपा के अलावा किसी दल का नहीं दिखा प्रचार

कीर्तिवर्धन सिंह

श्रेया वर्मा

- अभी तक बसपा ने नहीं उतारा उम्मीदवार
- सपा और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होने के संकेत

**अमृत विचार:** लोकसभा हो या विधानसभा, कभी ऐसी परिस्थिति नहीं बनी जब चुनाव त्रिकोणात्मक या चतुष्कोणात्मक न हुआ हो। दलीय उम्मीदवारों में ऐसी परिस्थिति पहली बार दिख रही है जब गोंडा लोकसभा में बसपा व कांग्रेस सहित अन्य दलों में उत्साह खत्म होता दिख रहा है। कांग्रेस व सपा के मध्य गठबंधन होने के कारण गोंडा से सपा का उम्मीदवार तथा भाजपा से मौजूदा सांसद को ही मैदान में उतारा गया है। लेकिन चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाने के लिए पहचान रखने वाली बसपा के मूक प्रदर्शन ने सीधी लड़ाई की रूपरेखा तय कर दी है।

भाजपा का 2019 का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन बसपा व सपा के गठबंधन के उम्मीदवार रहे विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह ने सीधी टक्कर दी थी, जबकि कांग्रेस से कृष्णा पटेल मैदान में थीं। पीस पार्टी से मसूद खां ने ताल ठोका था। तीन दलों की लड़ाई में मैदान भाजपा ने मारा था। इसी तरह 2014 में भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से नंदिता शुक्ला, बसपा से अकबर अहमद डंपी और कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा मैदान में थे। इस चतुष्कोणीय चुनाव में भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीते थे। चारों उम्मीदवारों को एक लाख से अधिक मत प्राप्त हुए थे। इसमें भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह को 359643, सपा की नंदिता को 199227, बसपा के अकबर अहमद डंपी को 116178 तथा कांग्रेस के बेनी प्रसाद वर्मा को 102254 मत प्राप्त हुए थे। 2009 में भी चतुष्कोणीय मुकाबला हुआ था। इसमें भाजपा से राम प्रताप सिंह, बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह चुनाव मैदान में थे। इसमें कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव जीत गए थे। 2004 में सपा से कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा से घनश्याम शुक्ला, कांग्रेस से डा विनय कुमार पांडेय मैदान में थे।

इसी तरह 1999 में बीजेपी से बृजभूषण शरण सिंह, सपा से कीर्तिवर्धन सिंह, कांग्रेस से दीप नरायन पांडेय व बसपा से अयोध्या नरेश पांडेय चुनाव मैदान में थे। 1998 में भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा के उम्मीदवार चुनावों में त्रिकोण या चतुष्कोणीय मुकाबला बनाते देखे गए।

गोंडा लोकसभा से इस बार भाजपा व सपा के अलावा किसी अन्य दल के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। बसपा चुप है तो अन्य छोटे क्षेत्रीय दल भी चुप्पी साधे है। कम्युनिस्ट पार्टी ने भी अभी तक चुप है। हालांकि इंडिया गठबंधन में कम्युनिस्ट भी शामिल है। इसके अलावा आप, पीस पार्टी व अन्य दल भी सामने नहीं आए हैं। हो सकता है कि आगे चलकर इसमें किसी दल का उम्मीदवार घोषित हो लेकिन वर्तमान परिदृश्य में सभी परदे के पीछे ही नजर आ रहे हैं।

### गोंडा लोकसभा में विधानसभा वार मतदाता

| विधानसभा | मतदाता | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| गोंडा | 352430 | 187839 | 164561 | 30 |
| मेहनौन | 372559 | 203352 | 172196 | 11 |
| मनकापुर | 333968 | 178042 | 155926 | 00 |
| गौरा | 327327 | 176726 | 150593 | 08 |
| उतरौला | 426913 | 231116 | 195767 | 30 |
| योग- | 1813197 | 977075 | 839043 | 79 |

### 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा चुके हैं सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा

# दोहरी बिसात के सहारे हैट्रिक पर वार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने वाले सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा इस बार लखनऊ लोक सभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने सपा के साथ मिलकर इन्हें देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के खिलाफ उतारा है। सांसद राजनाथ सिंह की हैट्रिक पर रोक लगाने के लिए इण्डिया गठबंधन दोहरी बिसात बिछा रहा है। ऐसे में वोटों की गुणा- गणित किस पक्ष को मजबूत करेगी, ये बड़ा और अहम सवाल बना हुआ है।

आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2019 में राजनाथ सिंह को 6,33,026 मत पाकर 56.70 प्रतिशत वोट मिले। ऐसे में दूसरे स्थान पर रहीं सपा की पूनम सिन्हा को 2,85,724 मत मिले, जो 25.59 प्रतिशत रहा। कांग्रेस के प्रमोद कृष्णन को 1,80,011 वोट मिले, इनके वोटों का प्रतिशत 16.12 रहा। चूंकि इस बार आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन से केवल रविदास मेहरोत्रा ही चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में गुणा-गणित के बीच सपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के वोटों को अगर एक साथ जोड़ लिया जाए तब भी ये 42 फीसद का आंकड़ा नहीं छू पा रहें हैं। ऐसे में रविदास मेहरोत्रा से हार -जीत को लेकर बात की गई तो उन्होंने कहा कि वे जमीन से जड़े हुए नेता हैं।

### लखनऊ का सियासी गणित

### इस वजह से गठबंधन कर रहा भरोसा

वर्ष 2017 के विधान सभा चुनाव में ब्रजेश पाठक के सामने रविदास मेहरोत्रा चुनाव लड़े थे। दोनों के बीच हार-जीत का फासला महज 5 हजार वोट का था। उस समय कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार अगर न उतारा होता तो फिर बृजेश पाठक को शिकस्त का सामना करना पड़ता। इसी आधार पर अखिलेश यादव ने रविदास मेहरोत्रा को पहले लखनऊ लोकसभा सीट इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार घोषित हुए।

### केकेसी कॉलेज से शुरू हुआ सियासी सफर

रविदास मेहरोत्रा ने लखनऊ के केकेसी कॉलेज से अपना सियासी सफर शुरू किया। पहली बार छात्रसंघ चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष बने। मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले रविदास 1989 में लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। इसके बाद वर्ष 2012 में दोबारा लखनऊ मध्य से विधायक बने। सपा शासन में कैबिनेट मंत्री के साथ-साथ कई विभागों की जिम्मेदारी भी इन्हें मिल चुकी है।

### कुछ इस तरह से है लखनऊ का जातिगत समीकरण

वर्ष 2011 के आंकड़ों पर गौर करें तो लखनऊ की जनगणना में 71 प्रतिशत हिंदू आबादी मिली। 26 फीसद से कुछ अधिक मुसलमान हैं। तीसरी बड़ी आबादी ओबीसी है, जो 28 प्रतिशत है। इसके बा दअनुसूचित जाति की आबादी है, ये 14 प्रतिशत के करीब हैं। .2 प्रतिशत की आबादी अनुसूचित जनजाति की है। ब्राम्हण और राजपूत वोटरों की संख्या भी है।

### लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

गोल्डेन सिटी कही जाने वाली लखनऊ संसदीय क्षेत्र में लखनऊ ईस्ट, लखनऊ वेस्ट, लखनऊ नार्थ, लखनऊ कैंट व लखनऊ सेंट्रल विधानसभाएं शामिल हैं। इनमें वेस्ट व सेंट्रल पर सपा के विधायक हैं। वहीं अन्य तीन सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

### लखनऊ सीट से कब कौन जीता

| चुनाव | विजयी | उम्मीदवार |
|---|---|---|
| 1952 | विजय लक्ष्मी पण्डित | कांग्रेस |
| उप चुनाव | श्योराजवती नेहरू | कांग्रेस |
| 1957 | पुलिन बिहारी बनर्जी | कांग्रेस |
| 1962 | बीके धवन | कांग्रेस |
| 1967 | आनंद नारायण मुल्ला | निर्दलीय |
| 1971 | शीला कौल | कांग्रेस |
| 1977 | हेमवती नंदन बहुगुणा | जनता पार्टी |
| 1980 | शीला कौल | कांग्रेस |
| 1984 | शीला कौल | कांग्रेस |
| 1989 | मांधाता सिंह | जनता दल |
| 1991 | अटल बिहारी बाजपेई | भाजपा |
| 1996 | अटल बिहारी बाजपेई | भाजपा |
| 1998 | अटल बिहारी बाजपेई | भाजपा |
| 1999 | अटल बिहारी बाजपेई | भाजपा |
| 2004 | अटल बिहारी बाजपेई | भाजपा |
| 2009 | लालजी टण्डन | भाजपा |
| 2014 | राजनाथ सिंह | भाजपा |
| 2019 | राजनाथ सिंह | भाजपा |

### पिछले चुनावों के नतीजे

**वर्ष 2019**
राजनाथ -6,33,026
पूनम सिन्हा- 2,85,724
प्रमोद कृष्णन- 1,80,011

**वर्ष 2014**
राजनाथ सिंह-5,61,106
रीता बहुगुणा जोशी- 2,88,357
नकुल दुबे-64,449
अभिषेक मिश्र- 56,771

**वर्ष 2009**
लालजी टण्डन-2,04,028
रीता बहुगुणा जोशी- 1,63,127
अखिलेश दास गुप्ता-1,33,610
नफीसा अली-61,457

**वर्ष 2024**
कुल वोटर- 21.47 लाख
पुरुष मतदाताओं की संख्या-11.65 लाख
महिला मतदाताओं की संख्या-9.82

# राम लहर में कमल खिला

## मोदी असर से झांसी बना भाजपा का किला

मनोज त्रिपाठी, कानपुर।

- पिछले दस लोकसभा चुनावों में छह बार भाजपा, तीन मर्तबा कांग्रेस और सपा ने एक बार यहां से जीत हासिल की
- भाजपा ने सांसद अनुराग शर्मा को दोबारा मैदान में उतारा, कांग्रेस ने 2009 में जीते प्रदीप जैन आदित्य को टिकट थमाया
- लोकसभा क्षेत्र में लगभग एक चौथाई दलित मतदाताओं को देखते हुए बसपा किसी मजबूत दलित चेहरे की तलाश में

**अमृत विचार।** झांसी लोकसभा क्षेत्र बुंलखंड की सबसे महत्वपूर्ण सीट है। 1857 की क्रांति से जुड़े रहे इस शहर की पहचान वीरांगना लक्ष्मीबाई के कारण अगर देश- दुनिया में है, तो झांसी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की कर्मस्थली और राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जन्मस्थली भी है। झांसी लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। वैद्यनाथ समूह के अनुराग शर्मा वर्तमान में यहां से सांसद हैं। भाजपा प्रत्याशी के रूप में उन्होंने 2019 के चुनाव में सपा के श्याम सुंदर सिंह को मात दी थी। इस बार विपक्षी इंडिया गठबंधन में यह लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में गई है। झांसी लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें बबीना, ललितपुर, झांसी नगर, महरौनी और मऊरानीपुर शामिल हैं, जिनमें मऊरानीपुर और महरौनी सुरक्षित सीटें हैं। इन पांच विससीटों में से चार पर भाजपा, जबकि एक पर सहयोगी पार्टी अपना दल (एस) का कब्जा है।

**पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)**




### झांसी जिला बन रहा बुंदेलखंड के समग्र विकास का इंजन

- आज बुंदेलखंड में विकास की बयार बहाने की कोशिशों के बीच झांसी की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। यहां डिफेंस कॉरिडोर विकसित हो रहा है। शहर में स्मार्ट सिटी के काम चल रहे हैं। रेल कोच नवीनीकरण कारखाने में कोच बनने लगे हैं। ग्लोबल इन्वेंस्टर समिट में आए प्रस्तावों के तहत 100 से अधिक उद्यमी अपना निवेश धरातल पर उतारने का काम शुरू कर चुके हैं। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) पूरे बुंदेलखंड में विकास की नई इबारत लिखने जा रहा है। बीडा की बदौलत झांसी की तस्वीर नोएडा और ग्रेटर नोएडा जैसी हो जाएगी।
- **दलित मतदाता सबसे ज्यादा** झांसी सीट पर 9,60,595 पुरुष और 10,80,079 महिला मतदाता हैं। दलित मतदाता लगभग 24 प्रतिशत हैं। मुस्लिम नौ फीसदी तो यादव और ब्राह्मण मतदाता भी 20 फीसदी से अधिक होने के कारण निर्णायक भूमिका में हैं। सिख दो फीसदी से कुछ ज्यादा और जैन धर्म के मतदाता तीन फीसदी तक हैं।



### सपा प्रत्याशी थाम चुके भाजपा का दामन

- झांसी लोकसभा सीट से भाजपा ने निवर्तमान सांसद अनुराग शर्मा को दूसरी बार टिकट दिया है। कांग्रेस ने 2009 में चुनाव जीते प्रदीप जैन आदित्य पर दांव लगाया है। उधर बसपा अपनी सोशल इंजीनियरिंग के तहत किसी मजबूत दलित चेहरे की तलाश में है, जबकि सपा से पिछली बार चुनाव लड़े श्याम सुंदर सिंह हाल ही में भाजपा का दामन थाम चुके हैं। इन हालात में इस सीट पर भाजपा को हराना आसान नहीं नजर आ रहा है।
- 2019 के चुनाव में झांसी लोकसभा सीट पर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और फायर ब्रांड नेता उमा भारती की जगह अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा था। बसपा के साथ गठबंधन में सपा ने श्याम सुंदर सिंह को टिकट दिया था। भाजपा के अनुराग शर्मा को 8,09,272 और सपा के श्याम सुंदर सिंह यादव को 4,43,589 वोट मिले थे। कांग्रेस के शिवशरण कुशवाहा ने 86,139 वोट पाए थे।

### जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने बुना ताना-बाना

- भाजपा लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचो विधान सभा सीटों पर आगे रही थी। 2014 में यहां भाजपा की उमा भारती ने सपा के डॉ. चंद्रपाल यादव को एक लाख 90 हजार 467 वोटों से मात देकर जीत हासिल की थी। उमा भारती को 5,75,889 वोट, डॉ. चंद्रपाल यादव को 3,85,422 तथा बसपा की अनुराधा शर्मा को 2,13,792 और कांग्रेस के प्रदीप जैन को 84,089 वोट मिले थे। इस सीट पर 1952 से 1971 तक लगातार कांग्रेस चुनाव जीतती रही लेकिन 1977 में जनता पार्टी की लहर में भारतीय लोकदल यहां कब्जा जमाने में कामयाब रही।
- हालांकि अगले ही चुनाव में फिर से कांग्रेस की वापसी हो गई और 1980 तथा 1984 में इस सीट पर कांग्रेस जीती। भाजपा ने 1989 में पहली बार यहां अपना खाता खोला। इसके बाद 1998 तक हुए लोकसभा के चार चुनावों में लगातार जीत दर्ज की। लेकिन, 1999 में कांग्रेस के हाथों उसे हार का मुंह देखना पड़ा। 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर पहली बार अपनी विजय पताका फहराई। 2009 में एक बार फिर कांग्रेस ने जीत हासिल की। इसके बाद 2014 और 2019 में कब्जा जमाने के बाद इस बार भाजपा जीत की हैट्रिक लगाना चाह रही है।

मिले दो महारथी

मध्य प्रदेश के ईसागढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले यादव समाज के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की।

# ताला नगरी में संघर्ष की त्रिकोणीय चाबी

अलीगढ़ संसदीय सीट

चुनाव डेस्क, कानपुर

**अमृत विचार।** ताले के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध अलीगढ़ लोकसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। अब यह क्षेत्र भाजपा का मजबूत गढ़ बन गया है। पार्टी ने से अपने दो बार के सांसद सतीश गौतम को फिर से मौका दिया है। सतीश जीत की हैट्रिक लगाने के लिए रात- दिन एक किए हैं तो उनकी जीत को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी ने इगलास सीट से चार बार विधायक और एक बार अलीगढ़ के सांसद चौधरी बिजेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। सपा की कोशिश मुस्लिम, यादव और जाट वोटों के सहारे भाजपा की हैट्रिक को रोकना है। हालांकि मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा भी पूरी मजबूती से मैदान में उतर चुकी है। पार्टी ने गुफरान नूर पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि सपा का पीडीए दांव कारगर होता है कि मोदी की गारंटी, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी लहर के बीच सतीश यहां तीसरी बार जीतने में कामयाब होते हैं।

अलीगढ़ में भाजपा ने पहली बार राम लहर में 1991 में जीत दर्ज की थी। तब यहां से शीला गौतम उम्मीदवार थीं। शीला लगातार चार बार सांसद बनीं, लेकिन 2004 के लोकसभा चुनाव में जब मतदाताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के साइनिंग इंडिया के नारे को नकारा तो भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद तब कांग्रेस के चौधरी बिजेंद्र सिंह ने यहां जीत दर्ज की थी लेकिन 2009 में यहां सीट बसपा के खाते में चली गई। हालांकि 2014 की मोदी लहर में सतीश गौतम सीट पर कमल खिलाने में कामयाब हुए। 2019 में जब सपा और बसपा का गठजोड़ हुआ तो लगा कि सतीश गौतम के हाथ से यह सीट निकल जाएगी लेकिन यहां भगवा रंग और भी गाढ़ा हो गया। अब सतीश हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। वे सुबह से ही संघ की शाखाओं में स्वयंसेवकों से मिल रहे हैं। पार्कों में मार्निंग वॉकर से से अपने काम, मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। इन सबके बीच वे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की उपलब्धि की चर्चा तो करते ही हैं अनुच्छेद 370 के खात्मे को भी गिनाना नहीं भूलते।

### दूसरे दल से आए गुफरान पर बसपा का दांव

- एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष रहे गुफरान नूर ने पाला बदल कर बसपा का दामन थामा तो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उन्हें इसका इनाम भी दिया। बसपा ने गुफरान नूर को अलीगढ़ से उम्मीदवार बना दिया। गुफरान को उम्मीद है कि बसपा के परंपरागत मत और मुस्लिम मतों के सहारे वे इस बार मैदान मार लेंगे। 2009 की तरह ही यह सीट बसपा की झोली में वे डाल देंगे। तब बसपा की राज कुमारी चौहान ने यहां से जीत दर्ज की थी। 2014 में बसपा के अरविंद कुमार सिंह और 2019 में बसपा के ही अजित बालियान यहां दूसरे नंबर पर थे। हालांकि दोनों ही चुनाव भाजपा बड़े अंतर से जीती थी।

फिर से मैदान में

अभिनेता गोविंदा गुरुवार को मुंबई में शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गये। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के साथ उन्होंने मीडिया से बात की। गोविंदा पूर्व में कांग्रेस से सांसद रह चुके हैं। 2004 में उन्होंने मुंबई नार्थ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार राम नाईक को हराया था। बाद में गोविंदा नें राजनीति से संन्यास ले लिया था।

# मुरादाबाद में मुस्लिम मतदाता लिखते रहे हैं जीत की पटकथा

सलमान खान, मुरादाबाद

**अमृत विचार।** पीतल नगरी के रूप में पहचान रखने वाले मुरादाबाद में सियासत का घमासान कम नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन सपा प्रत्याशी को लेकर यहां राजनीतिक ड्रामा भले खत्म हो गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसकी गूंज दूर तक जाएगी। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। लेकिन हालिया इतिहास है कि यहां हर लोकसभा चुनाव में अलग पार्टी का सांसद बनता है, जैसे 2019 में सपा जीती, 2014 में भाजपा, 2009 में कांग्रेस से क्रिकेटर मो. अजरूद्दीन सांसद चुने गए थे। इस सीट पर सत्ता की चाबी मुस्लिम वोटरों के हाथ में मानी जाती है। यही वजह है कि 17 चुनावों में 11 बार मुस्लिम चेहरों ने नुमाइंदगी की है। आबादी के लिहाज से यहां हिंदू 53 और मुस्लिम 47 प्रतिशत हैं। इसके चलते पक्ष और विपक्ष दोनों को वोटों का ध्रुवीकरण भाता है।

मुरादाबाद उन सीटों में शामिल है, जिन्हें भाजपा ने 2014 में जीतने के बाद 2019 में गंवा दिया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से सपा-बसपा गठबंधन से सपा के डॉ. एसटी हसन ने जीते थे। उन्हें 6,49,538 वोट मिले थे, जबकि भाजपा के सर्वेश कुमार सिंह 5,51,416 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी 59,198 वोट पाकर तीसरे नंबर पर पिछड़ गए थे। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है। पार्टी ने पहले डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया था। उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। लेकिन सपा नेता आजम खान उनकी प्रत्याशिता के पक्ष में नहीं थे। ऐसे में उनकी समर्थक कही जाने वाली पूर्व विधायक रुचि वीरा ने नामांकन पत्र दाखिल करके सपा का आधिकारिक उम्मीदवार होने का दावा कर दिया। उधर, बसपा ने इरफान सैफी को टिकट दिया है, तो एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है।




- आजादी के बाद से 17 लोकसभा चुनावों में 11 बार यहां से जीते मुस्लिम प्रत्याशी
- भाजपा 2019 में यहां हार गई थी चुनाव, सपा के लिए इस बार सीट बचाने की चुनौती
- बसपा के बाद एआईएमआईएम ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर बढ़ाई गठबंधन की चिंता

सांसद डॉ. एसटी हसन और प्रत्याशी रुचि वीरा।

**दो विधान सभा चुनावों में प्रमुख दलों को मिले वोट (% में)**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 | 39.7 | 47.3 | 9.7 | 1.0 |
| 2017 | 35.9 | 32.5 | 14.6 | 5.6 |

### 2009 में पूर्व क्रिकेट कप्तान अजहर ने की बैटिंग

- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने 2009 में मुरादाबाद की पिच पर उतारा। जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया। अजहर को प्रत्याशी बनाकर 25 साल बाद यहां कांग्रेस ने जीत हासिल की। भाजपा दूसरे और बसपा तीसरे नंबर पर खिसक गई। सपा प्रत्याशी को महज दो प्रतिशत वोट मिले और जमानत गंवा बैठे।

### आजादी के बाद तीसरे चुनाव में ही निर्दलीय को चुनकर चौंकाया

पहले दो चुनावों में कांग्रेस के रामसरन विजयी रहे, लेकिन 1962 में निर्दलीय सैयद मुजफ्फर हुसैन को जनता ने जिताया। 1967 और 71 में जनसंघ ने यहां से जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी की आंधी में जनता पार्टी के गुलाम मोहम्मद खान सांसद बने। 1980 के चुनाव में भी जनता ने उन्हें ही मौका दिया। 1984 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की और भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई। 1989 और 91 में यहां से जनता दल के टिकट पर गुलाम मोहम्मद खान को फिर मौका मिला, लेकिन 1991 के बाद इस सीट पर भाजपा स्थायी प्रतिद्वंद्वी हो गई।

भाजपा के सर्वेश सिंह। अमृत विचार

बसपा के इरफान सैफी। अमृत विचार

### बसपा कभी जीत नहीं पाई पर बनाती व बिगाड़ती रही खेल

मुरादाबाद की जनता बसपा को छोड़कर सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को चुनकर संसद भेज चुकी है। वर्ष1996 से चुनाव में बसपा ने यहां उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन वह तीसरे नंबर पर ही रही, हालांकि पहला नंबर तय करने में उसके प्रदर्शन की भूमिका अहम रही। बसपा आज तक इस सीट पर खाता खोलने की संभावना तलाश रही है।

### भाजपा और सपा के बीच सिमटी लड़ाई

90 के दशक में मंडल और कमंडल के प्रयोग के बीच राजनीति में नए खिलाड़ी उभरे। इसके बाद एकाध मौकों को छोड़कर मुरादाबाद में लड़ाई वोटों के ध्रुवीकरण में बदल गई। मुस्लिम-यादव वोटों की जमीन पर खड़ी हुई समाजवादी पार्टी के लिए मुरादाबाद की जमीन माकूल थी। 1996 में यहां से सपा के टिकट पर शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत हासिल कर इसे साबित किया, हालांकि उनकी जीत का अंतर महज दो हजार वोटों का ही था। इस चुनाव में बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार को भी 1.12 लाख वोट मिले। 1998 में फिर सपा और भाजपा में मुकाबला हुआ और इस बार शफीकुर्रहमान बर्क 36 हजार वोटों से जीते। साल 1999 में भाजपा ने इस सीट पर प्रयोग किया और अपना उम्मीदवार खड़ा न करके लोकतांत्रिक कांग्रेस के चंद्रविजय सिंह को समर्थन दिया था। इस चुनाव में सपा के बर्क को 1.53 लाख और बसपा के मोहम्मद अकील को 1.23 लाख वोट मिले। अल्पसंख्यक वोटों के बिखराव के बीच बहुसंख्यक वोटों की बदौलत चंद्रविजय 2.53 लाख वोट से चुनाव जीत गए। 2004 में बर्क ने एक बार फिर यहां साइकिल दौड़ाई और भाजपा को पछाड़ा।

**2014 की मोदी लहर में यहां खिला कमल**

वर्ष2014 में मोदी लहर में मुरादाबाद में भाजपा की जीत का इंतजार खत्म हुआ। चुनाव में मोदी लहर और मुजफ्फरनगर दंगों से बदली हवा के बीच वोटों का जबरदस्त ध्रुवीकरण हुआ। भाजपा के प्रत्याशी सर्वेश सिंह ने लगभग 88 हजार वोटों से जीतकर इस लोकसभा क्षेत्र में कमल खिला दिया। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. एसटी हसन 3.97 लाख वोट पाकर भी चुनाव हार गए।

# भाकपा का प्रदेश में आठ सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला

चुनाव डेस्क, कानपुर

- शाहजहांपुर, फैजाबाद, घोसी आजमगढ़ और राबर्ट्सगंज से पार्टी ने घोषित किए प्रत्याशी

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इंडिया गठबंधन में उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। भाकपा ने गुरुवार को पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, तीन अन्य सीटों पर जल्द निर्णय लेने की बात कही है।। इसके साथ ही दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में भी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। हालांकि भाकपा का कहना है कि प्रदेश में अन्य सभी सीटों पर वह भाजपा को हराने के लिए प्रचार करेगी।

भाकपा के लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रदेश प्रभारी डॉ. गिरीश और राज्य सचिव अरविन्द राज स्वरूप ने बताया कि पार्टी ने शाहजहांपुर से सुरेश कुमार 'नेताजी', फैजाबाद से पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव, लालगंज (आजमगढ़) से गंगा दीन और घोसी से विनोद राय व राबर्ट्सगंज से अशोक कुमार कनौजिया को प्रत्याशी बनाया है।

इसी के साथ पार्टी वाराणसी, धौरहरा, बांदा, बलिया व सलेमपुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने को लेकर विचार कर रही है। इनमें से किन्हीं तीन सीटों पर पार्टी प्रत्याशी उतारेगी।

### माकपा ने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए 44 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी। पार्टी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर साझा की गई सूची के मुताबिक इनमें केरल के 15 उम्मीदवार शामिल हैं। यहां अलाप्पुझा से मौजूदा सांसद एएम आरिफ, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा और राज्यसभा सदस्य इलामारम करीम शामिल हैं। माकपा ने पश्चिम बंगाल के लिए भी 17 नामों की घोषणा की है, जिनमें मुर्शिदाबाद से मोहम्मद सलीम का नाम भी शामिल हैं। पार्टी की राज्य इकाई ने पहले ही नामों की घोषणा कर दी थी। तमिलनाडु से दो उम्मीदवारों के नाम हैं। मदुरै से मौजूदा सांसद एस वेंकटेशन और डिंडीगुल से आर सचिदानंदम को टिकट दिया गया है। पार्टी ने बिहार, झारखंड, असम, कर्नाटक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना तथा त्रिपुरा के लिए भी एक-एक उम्मीदवार की घोषणा की है।

## एक नजर

### रैलियों व साइबर योद्धाओं से भाजपा बनाएगी माहौल

चुनाव डेस्क। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य पाने के लिए भाजपा ने दूसरे चरण के मतदान वाली सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही धुआंधार चुनाव प्रचार का पूरा खाका खींच लिया है। पार्टी रैलियों के साथ ही सोशल मीडिया को प्रचार का बड़ा हथियार बनाएगी। सूबे के 80 लोकसभा क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ स्टार प्रचारकों की 200 से ज्यादा रैलियां करने की योजना बनी है। इसके लिए चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर बुक करा लिए गए हैं। इसके साथ ही हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा साइबर योद्धा सम्मेलन भी आयोजित करेगी। इनमें प्रत्येक लोकसभा से एक हजार सोशल मीडिया, आईटी कार्यकर्ता एवं इनफ्लुएंसरों को सूचीबद्ध करके बुलाया जाएगा।

### सपा अभी बदल सकती और भी प्रत्याशी

चुनाव डेस्क। समाजवादी पार्टी की प्रदेश में मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछली बार 2019 में बसपा से गठबंधन करके चुनाव लड़ना पार्टी के लिए घाटे का सौदा साबित हुआ था। बसपा तो गठबंधन के चलते 10 सीटें जीत गई थी, लेकिन सपा को सिर्फ पांच सीटों पर ही जीत नसीब हो सकी थी। यही वजह है कि इस बार के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक-एक सीट पर सतर्कता बरत रहे हैं। यही वजह है कि अब तक दो सीटों पर सपा अपने घोषित प्रत्याशी बदल चुकी है। अब ऐसे कयास हैं कि पार्टी चार-पांच और सीटों पर प्रत्याशी बदल सकती है।

| बाजार | सेंसेक्स ▲ | निफ्टी ▲ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73651 | 22326 |
| बढ़त | 655 | 203 |
| प्रतिशत में | 0.90 | 0.92 |

# कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

## एक नजर

### टोयोटा के चुनिंदा वहान होंगे एक प्रतिशत महंगे

**नयी दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपने कुछ वाहनो के विशिष्ठ मॉडल की कीमतों में एक अप्रैल से एक फीसदी की वृद्धि करने की आज घोषणा की। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि लागत बढ़ने और परिचालन व्यय में बढोतरी के कारण यह वृद्धि की जा रही है।

### रुपया छह पैसे गिरकर 83.39 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और प्रमुख प्रतिद्वन्द्वियों मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 83 .39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# किसानों को बारिश व ओलावृष्टि से रबी फसलों की क्षतिपूर्ति का इंतजार

## 2 व 3 मार्च को सर्वे पूरा, तय समय पर आकलन और भुगतान नहीं कर पाईं कंपनियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद रबी फसलों की क्षतिपूर्ति का किसानों को इंतजार है। बीमा कंपनियों ने देर-सबेर और कृषि विभाग के दबाव में सर्वे तो पूरा कर लिया है लेकिन, नुकसान का आकलन और भुगतान अब तक नहीं कर पाई हैं। यह भी कहा जा रहा कि कंपनियां क्लेम बचाने के चक्कर में क्षतिपूर्ति के व्यक्तिगत दावों को अनदेखा कर रही हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आठ हजार से अधिक किसानों ने व्यक्गित दावा किया था। इसमें कितने निरस्त और स्वीकृत हुए, कितनी क्षतिपूर्ति बनी यह कह पाना संबंधित कृषि विभाग के लिए भी मुश्किल है। क्योंकि कंपनियों ने झांसी को छोड़कर बाकी जिलों की रिपोर्ट नहीं दी है। वहीं, राजस्व विभाग तीन दिन के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट सौंप चुका है।

> सभी जिलों में सर्वेक्षण हो गया है। सिर्फ झांसी की रिपोर्ट मिली है। जबकि अन्य जिलों का आकलन और भुगतान प्रक्रिया में है। रिपोर्ट मांगी है। इससे जल्द से जल्द किसानों को भुगतान किया जा सके।
> **– उमा शंकर सिंह, उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी।**

### 14 लाख किसानों ने कराया था फसल बीमा

रबी में गेहूं, जौ, मटर, सरसों, मसूर, आलू आदि फसलों का योजना के तहत 14 लाख तक किसानों ने बीमा कराया है। बीमा कंपनियों ने किसानों के साथ केंद्र व राज्य अंश प्रीमियम के तौर पर लिया है और आपदा के समय इन्हीं किसानों ने टोलफ्री नंबर पर व्यक्तिगत दावा किया था। ऐसी स्थिति में गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वेक्षण व नुकसान का आकलन करना होता है और और एक माह के अंदर 25 प्रतिशत धनराशि देय होती है। जबकि शेष राशि कटाई के दौरान भुगतान की जाती है।

## ल्यूमिनस ने उत्तराखंड में सौर पैनल कारखाने का उद्घाटन किया

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा समाधान प्रदाता ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने उत्तराखंड के रुद्रपुर में अपने सौर पैनल विनिर्माण कारखाने को शुरू कर दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि सौर पैनल विनिर्माण में नवीनतम प्रगति से सुसज्जित इस इकाई में अधिकतम दक्षता और न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए डिजायन की गई अत्याधुनिक तकनीक और बुनियादी ढांचा है। बयान के अनुसार, उद्घाटन समारोह में पूर्व क्रिकेटर और ल्यूमिनस के ब्रांड अम्बैसडर सचिन तेंदुलकर, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज की मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक प्रीति बजाज और ल्यूमिनस बोर्ड के चेयरमैन एवं श्नाइडर इलेक्ट्रिक के अंतरराष्ट्रीय परिचालन के कार्यकारी उपाध्यक्ष मनीष पंत उपस्थित थे।

# अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में किया निवेश

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **6,661 करोड़ रुपये के निवेश से हिस्सेदारी 66.7 % हुई**

अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 6,661 करोड़ रुपये के निवेश की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इससे देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी में उसकी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर 66.7 प्रतिशत हो गई है।

उद्योगपति गौतम अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स के एक बयान में कहा, निवेश अडाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिसकी 2028 तक अपनी क्षमता 14 करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना है। इससे पहले अक्टूबर 2022 में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित वारंट जारी करने के लिए प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। अंबुजा सीमेंट्स के पास एक अन्य सीमेंट कंपनी एसीसी लिमिटेड में भी नियंत्रण हिस्सेदारी है। कंपनी ने बयान में कहा, '' इससे अडाणी परिवार की कंपनी में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़कर कुल 66.7 प्रतिशत हो गई है। अंबुजा सीमेंट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा कि यह निवेश ''तेजी से विकास, पूंजी प्रबंधन पहल आदि'' हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, '' यह न केवल हमारे दृष्टिकोण तथा व्यवसाय मॉडल में दृढ़ विश्वास का प्रमाण है, बल्कि हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक टिकाऊ मूल्य सृजन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।''

# कोल इंडिया की कोयला आपूर्ति सालाना लक्ष्य के पार

कोलकाता, एजेंसी

कोल इंडिया लि. की तापीय बिजलीघरों को कोयला आपूर्ति 61 करोड़ टन के लक्ष्य को पार कर गई है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में 27 मार्च तक 61.01 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की है। एक अधिकारी ने कहा, ''यह बिजली क्षेत्र को अबतक की सबसे अधिक कोयला आपूर्ति है।'' उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कोल इंडिया की कोयले की आपूर्ति पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.93 करोड़ टन अधिक है।

कंपनी के बयान के अनुसार, कोयला आधारित संयंत्रों में वर्तमान औसत दैनिक आपूर्ति 17.6 लाख टन है। कोल इंडिया इस गर्मी में 250 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) बिजली की अनुमानित मांग के मद्देनजर उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। अधिकारी ने कहा कि 2022-23 में बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति 58.66 करोड़ टन थी। यह 56.5 करोड़ टन की प्रतिबद्धता से अधिक थी। आंकड़ों के अनुसार, घरेलू कोयला आधारित बिजलीघरों में कोयले का भंडार 26 मार्च तक 4.71 करोड़ टन था।

## एक अप्रैल को 2000 का नोट बदलने, जमा करने की सुविधा नहीं

**मुंबई।** बैंकों में वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण 2000 के नोट को बदलने या जमा करने की सुविधा एक अप्रैल, 2024 यानी सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को बयान में कहा कि अगले दिन मंगलवार को यह सुविधा केंद्रीय बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में बहाल हो जाएगी। आरबीआई ने कहा, '' वार्षिक लेखाबंदी से जुड़े कार्यों के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में 2000 रुपये के बैंक नोटों के विनिमय/जमा की सुविधा एक अप्रैल, 2024 दिन सोमवार को उपलब्ध नहीं होगी।''

# फरवरी तक राजकोषीय घाटा सालाना लक्ष्य के 86.5 % पर

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष (2023-24) में फरवरी के अंत तक संशोधित लक्ष्य का 86.5 प्रतिशत या 15 लाख करोड़ रुपये रहा है। गुरुवार को लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व का अंतर बजट 2022-23 के संशोधित अनुमान (आरई) का 82.8 प्रतिशत रहा था।

चालू वित्त वर्ष (2023-24) में राजकोषीय घाटा 17.35 लाख करोड़ रुपये या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सीजीए द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2024 तक सरकार की कुल प्राप्तियां 22.45 लाख करोड़ रुपये रही हैं। इनमें 18.49 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व (शुद्ध), 3.6 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 36,140 करोड़ रुपये की गैर कर्ज पूंजी प्राप्तियां हैं। फरवरी, 2024 तक सरकार की कुल प्राप्तियां 2023-24 के कुल संशोधित अनुमान का 81.5 प्रतिशत हैं।

# अर्थव्यवस्था 2047 तक 8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है : सुब्रमण्यम

नयी दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यम ने कहा कि अगर देश पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सके और सुधारों में तेजी लाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। सुब्रमण्यम ने कहा कि स्पष्ट रूप से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर महत्वाकांक्षी है क्योंकि भारत पहले लगातार आठ प्रतिशत की दर से नहीं बढ़ पाया है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है।

वेंकट सुब्रमण्यम ने गुरुवार को कहा, '' पिछले 10 वर्षों में भारत ने जिस तरह की वृद्धि दर्ज की है, अगर हम पिछले 10 वर्षों में लागू की गई अच्छी नीतियों को दोगुना कर सकते हैं और सुधारों में तेजी लाएं तो भारत यहां से 2047 तक आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर सकता है।'' भारत की अर्थव्यवस्था 2023 के अंतिम तीन महीनों में उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछले डेढ़ साल में सबसे तेज गति है। अक्टूबर-दिसंबर में चालू वित्त वर्ष के अनुमान को 7.6 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया। सुब्रमण्यम ने कहा, '' भारत आठ प्रतिशत की दर से बढ़ता है, तो 2047 तक भारत 55000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है।''

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### माफिया अतीक का 'शूटर' बल्ली पंडित गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने माफिया अतीक अहमद गिरोह के 'शार्प शूटर' बल्ली पंडित उर्फ सुधांशु त्रिपाठी को बृहस्पतिवार को खुल्दाबाद थानाक्षेत्र में एडीसी ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि बल्ली पंडित खुल्दाबाद थाने में पंजीकृत एक मुकदमे में वांछित था। एक व्यापारी से हर महीने दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने के लिए उसके खिलाफ हाल में खुल्दाबाद थाने में भादंसं की धारा 386 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

### मीरवाइज को नज़रबंद किया : संगठन का दावा

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले एक धार्मिक संगठन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है। अंजुमन औकाफ़ जामिया मस्जिद ने एक बयान में कहा, "आज शहर की आली मस्जिद में होने वाले मीरवाइज के खुतबे (उपदेश) से पहले अधिकारियों ने उन्हें नजरबंद कर दिया।" हालांकि, यहां अधिकारियों ने मीरवाइज की नजरबंदी के दावे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मीरवाइज को चार साल से अधिक समय के बाद पिछले साल सितंबर में नजरबंदी से रिहा किया गया था। उन्हें अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को जम्मू कश्मीर से निरस्त किए जाने के मद्देनजर नजरबंद कर दिया गया था।

### झामुमो सिद्धांतों से भटकी: सीता सोरेन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''अपने सिद्धांतों से भटक गई है और भ्रष्टाचार में लिप्त है'' तथा झारखंड का विकास केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विचारधारा के जरिए ही संभव हो सकता है। सीता सोरेन ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी और '' अबकी बार 400 पार'' के अपने लक्ष्य को हासिल करेगी। सीता सोरेन 19 मार्च को भाजपा में शामिल हुई थीं। जामा से पूर्व विधायक सोरेन बृहस्पतिवार को झारखंड पहुंचीं और उन्होंने रांची में भाजपा मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत की।

# आप राजनीतिक नाटक के लिए अदालत के इस्तेमाल की कोशिश कर रही : भाजपा

## दावा- केजरीवाल और उनके वकीलों ने अदालत में पुराने आरोपों को ही दोहराया

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर आरोप लगाया कि वह अपने राजनीतिक नाटक के लिए अदालत का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके वकीलों ने अदालत में पुराने आरोपों को ही दोहराया। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने संवाददाताओं से कहा कि आप ने निराधार आरोप लगाए हैं और वह न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने इससे पहले एक स्थानीय अदालत से कहा था कि ईडी ने उन्हें निशाना बनाने के एकमात्र उद्देश्य से काम किया और महज कुछ बयानों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने दावा किया कि मामले में सरकारी गवाह बने आरोपी शरत चंद्र रेड्डी ने भाजपा को 55 करोड़ रुपये का चंदा दिया और यह धन के लेन-देन का मामला है। पूनावाला ने पलटवार करते हुए कहा कि आप ने अदालत को अपने राजनीतिक नाटक के लिए खेल का मैदान बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विपक्षी दलों का चरित्र है कि वे ''लूटें, झूठ बोले'' और पकड़े जाने पर खुद को पीड़ित बताएं तथा फिर संस्थानों पर दबाव डालें। उन्होंने कहा कि आप ने निराधार आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आबकारी मामले में कई आरोपियों को उच्चतम न्यायालय से भी कोई राहत नहीं मिली है।

### केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए : भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी संवैधानिक संकट का सामना कर रही है। दिल्ली इकाई अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल को हिरासत में लिए जाने के बाद आप में से किसी को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था। तिवारी ने कहा, जिन्होंने आपको चुना है, तो आप से किसी को भी मुख्यमंत्री बना सकते हैं। सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 'आप' में अंदरूनी खींचतान चल रही है। उन्होंने जांच एजेंसी की हिरासत से सरकार चलाने की संवैधानिक वैधता पर भी सवाल उठाया।

बर्मिंघम स्थित गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था के स्वयंसेवकों ने गुरुवार को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर की सोने की परत वाली दीवारों और गुंबद की सफाई की। ● एजेंसी

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी, 88 सीटों पर चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 13 विधानसभा क्षेत्रों के लिए इसी चरण में मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार बाहरी मणिपुर संसदीय सीट के 15 विधानसभा क्षेत्रों में अधिसूचना पहले चरण के साथ की गयी थी। दूसरे चरण में मणिपुर की इस सीट के अलावा असम , बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 88 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जाएगा।

# आप की गोवा इकाई अध्यक्ष और तीन अन्य से पूछताछ

पणजी, एजेंसी

ईडी ने गुरुवार को आप की गोवा इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर और तीन अन्य लोगों से धनशोधन के एक मामले में पूछताछ की। ईडी ने पूछताछ के लिए पालेकर, आप नेता रामराव वाघ और दो अन्य लोगों-दत्ताप्रसाद नाइक तथा अशोक नाइक को तलब किया था। सूत्रों ने बताया कि चारों को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दत्ताप्रसाद नाइक और अशोक नाइक गोवा में भंडारी समुदाय के नेता हैं। पालेकर दोपहर 12.10 बजे यहां ईडी कार्यालय पहुंचे, वहीं तीन अन्य लोग उनसे पहले 11.15 बजे पहुंच गए। ईडी कार्यालय में प्रवेश से पहले पालेकर ने कहा, मुझे बुलाया गया है। मैं लौटकर आप सबसे बात करूंगा। दोपहर दो बजे ईडी कार्यालय से निकलने के बाद पालेकर ने कहा, ''जांच किस बारे में है, मैं इसकी जानकारी नहीं दे सकता। मैं जांच में शामिल हो गया हूं। वे मुझसे जो भी सवाल पूछ रहे हैं, मैं उनका उत्तर दे रहा हूं। दोपहर बाद एजेंसी ने फिर से पूछताछ की। पालेकर और अन्य नेताओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए गोवा के विधायक वेंजी वीगास और क्रूज सिल्वा समेत वरिष्ठ आप नेता ईडी कार्यालय के बाहर उपस्थित थे।

## मनाली के कुल्लू में हिमस्खलन के बाद व्यक्ति लापता, रेस्क्यू जारी

शिमला, एजेंसी

मनाली जिले के कुल्लू में हिमस्खलन के बाद एक व्यक्ति लापता हो गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हिमस्खलन बृहस्पतिवार दोपहर कुल्लू के जगतसुख गांव में हुआ। मौजूदा शुष्क मौसम में पहाड़ों पर बर्फ पिघलनी शुरू हो गई है। मनाली के उप संभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) रमन शर्मा ने कहा कि पुलिस, प्रशासन और स्थानीय निवासी बचाव अभियान में जुटे हैं और लापता व्यक्ति को तलाशने के लिए बर्फ हटाई जा रही है। मनाली के डीएसपी के.डी. शर्मा ने कहा कि अचानक हुए हिमस्खलन के चलते कांगड़ा निवासी राजेश कुमार बर्फ में दब गये। बीते 24 घंटे में मौसम मुख्य तौर पर शुष्क रहा है।

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- सरकार अग्निवीर योजना में बदलाव को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि यदि सरकार को सशस्त्र सेनाओं में अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना में कोई कमी दिखाई देती है तो जरूरत पड़ने पर वह इसमें सुधार को तैयार है। सिंह ने कहा कि यह एक सच्चाई है कि सेना में युथफुलनेस होनी चाहिए।

हमारे सेना के जवानों की उम्र 30, 35, 40 या 50 वर्ष की रही है, लेकिन जब हमारे 18 या 20 वर्ष के जवान होंगे अग्निवीर के माध्यम से तो मैं समझता हूं कि जोखिम उठाने का जज्बा जवानों में अधिक होता है। सेना को युवाओं की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह प्रौद्योगिकी का युग है और इसमें जवान प्रौद्योगिकी में पारंगत भी होने चाहिए। ऐसे नौजवानों की भर्ती अग्निवीर के रूप में की जा रही है। अग्निवीरों के कल्याण के लिए सरकार के किए जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इस बात की पक्की गारंटी है उसके लिए तंत्र में जो भी बदलाव किया जा सकता है वह किया जाएगा।

### देश की सीमाएं सुरक्षित

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं और देश के लोगों को सशस्त्र बलों पर पूरा भरोसा होना चाहिए। अग्निवीर योजना की आलोचना को लेकर पर मंत्री ने कहा कि ऐसे सवालों का कोई औचित्य नहीं है। हर कोई मानता है कि सशस्त्र बलों का युवा स्वरूप होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने लगभग 50 साल लंबे अपने राजनीतिक सफर के किस्से भी साझा किए। भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विपक्षी दलों सहित कई लोगों के उठाए सवालों पर सिंह ने कहा कि देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मैं विपक्षी दलों को जो कुछ भी बता सकता हूं, बताता हूं, लेकिन रक्षा क्षेत्र में कई चीजें हैं जिनका रणनीतिक महत्व है।

## महाकाल मंदिर में कपूर आरती में गुलाल गिरने से लगी थी आग

**उज्जैन।** उज्जैन के महाकाल मंदिर में 25 मार्च को आग लगने से 14 पुजारी और 'सेवक' के घायल होने संबंधी मामले में जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि आग कपूर आरती में गुलाल गिरने से लगी थी। होली के दिन शाम 5:50 बजे भस्म आरती के दौरान प्रसिद्ध मंदिर के गर्भ गृह में आग लगी थी। डीएम नीरज कुमार सिंह ने जांच रिपोर्ट के बारे में बताया कि मंदिर प्रबंधन द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया गुलाल 'कपूर' आरती पर गिर गया और आग लग गई। आग चार से पांच सेकंड में बुझा दी गई, लेकिन यह इतनी तेज थी कि कई लोग 25-30 प्रतिशत झुलस गए।''

# बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

एक बड़ी सफलता के तहत एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए की कई टीम द्वारा कर्नाटक, तमिलनाडु और उप्र में 18 स्थानों पर छापे की कार्रवाई के बाद मुजम्मिल शरीफ को पकड़ा। एनआईए ने तीन मार्च को इस मामले को अपने हाथ में लिया था। एजेंसी ने इसके पहले आरोपी के रूप में मुसाविर शाजीब हुसैन की पहचान की थी जिसने विस्फोट को अंजाम दिया था।

बयान में कहा गया है कि एक अन्य षड्यंत्रकर्ता अब्दुल मथीन ताहा की भी पहचान की गई है जो अन्य मामलों में भी एजेंसी द्वारा वांछित है। इसमें कहा गया है दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं। एनआईए की जांच से पता चला है कि मुजम्मिल शरीफ ने एक मार्च को बेंगलुरु के आईटीपीएल रोड पर ब्रुकफील्ड स्थित कैफे में आईईडी विस्फोट से जुड़े मामले में पहचाने गए अन्य दो आरोपियों को जरूरी सहायता प्रदान की थी। इस विस्फोट में कई ग्राहक और होटल के कर्मचारी घायल हो गए और संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा। इस विस्फोट में कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट के आरोपी की जानकारी के बदले 10 लाख रुपए का इनाम देने की पेशकश की है। एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि जो भी व्यक्ति ऐसी कोई जानकारी देगा जिसकी मदद से आरोपी गिरफ्तार हो सके, वह इनाम का हकदार होगा।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

## खेल डायरी

### सिंधू मैड्रिड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**मैड्रिड।** भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। सिंधू के सामने अब थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी।

### गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के कोच पद से देंगे इस्तीफा

**एडिलेड।** जेसन गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच पद से जून के आखिर में इस्तीफा देंगे। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन (एसएसीए) ने गुरुवार को दिये एक बयान में कहा है कि जेसन गिलेस्पी जून के आखिर में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे। गिलेस्पी ने कहा, "हमने एसएसीए में एक साथ मिलकर जो हासिल किया, उस पर मुझे अविश्वसनीय रूप से गर्व है और मैं उन यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है।"

### मेनन आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर बने रहेंगे

**दुबई।** भारत के नितिन मेनन लगातार पांचवीं बार अंपायरों के आईसीसी एलीट पैनल में शामिल हुए जबकि बांग्लादेश के शरफुद्दौला इब्ने शाहिद इस सूची में जगह बनाने वाले अपने देश के पहले अंपायर बने। इंदौर के मेनन 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान में एलीट पैनल में शामिल हुए थे। वह गुरुवार को 2024-25 सत्र के लिए जारी आईसीसी की 12-सदस्यीय अंपायरों की सूची में एकमात्र भारतीय बने हुए हैं। एस रवि और पूर्व स्पिनर एस वेंकटराघवन के बाद एलीट पैनल का हिस्सा बनने वाले वह केवल तीसरे भारतीय हैं। रवि ने 33 जबकि वेंकटराघवन ने 73 टेस्ट में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाई हैं।

### आईपीएल 17 के पहले दिन दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूटा

**मुंबई।** आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और चेन्नई सुपर किंग्स तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा। मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी। इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम' (देखने का समय) 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है। आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ ये अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। कंपनी ने कहा,'' डिजनी स्टार ने आईपीएल 2023 के पहले दिन 870 करोड़ मिनट रिकॉर्ड किये थे। पिछले सत्र की तुलना में वाचटाइम में 16 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।''

### आडवाणी, सितवाला प्री-क्वार्टर फाइनल में

**मुंबई।** विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी और राष्ट्रीय चैंपियन ध्रुव सितवाला ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबलों में जीत के साथ 'ऑल इंडिया सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024' प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। गत चैम्पियन आडवाणी ने ग्रुप ए के मैच में देवेंद्र जोशी को 1063-224 के बड़े अंतर से हराने के दौरान 529 का बड़ा ब्रेक बनाया। इंग्लैंड के डेविड कौजियर ने 465 और 301 के बड़े ब्रेक के दम पर भारत के विशाल मदान को 1183-301 से हराया। सितवाला ने ग्रुप ई मुकाबले में कमल चावला को 667-250 हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई के रोहन जंबूसरिया ने ग्रुप एफ मैच में पूर्व विश्व चैंपियन कोलकाता के सौरव कोठारी पर 520-403 की शानदार जीत दर्ज की।

### शरफुद्दौला आईसीसी एलीट समूह के अंपायरों में

**दुबई।** आईसीसी ने शरफुद्दौला को अंपायरों के अपने विशिष्ट पैनल में नियुक्त किया है। वह इस समूह में शामिल होने वाले पहले बांग्लादेशी हैं। मैच रेफरी के नए पैनल में अनुभवी क्रिस ब्रॉड शामिल नहीं हैं। ब्रॉड वर्ष 2003 से एलीट पैनल में हैं। उन्होंने 123 टेस्ट, 361 एकदिवसीय और 135 टी-20 मैचें में अंपायरिंग की है। वह 2009 टी-20 विश्वकप और 2021 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मैच रेफरी थे। उनकी गिनती सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग वालों में है। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा, "क्रिस ब्रॉड कई वर्षों से एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एक मूल्यवान सदस्य रहे हैं और उन्होंने अपनी भूमिका उत्कृष्टता के साथ निभाई है।"

यशस्वी जयसवाल को जल्दी आउट करने के बाद जश्न मनाते मुकेश कुमार।

रविचंद्रन अश्विन के विकेट का साथियों संग जश्न मनाते दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अक्षर पटेल।

# रियान का अर्धशतक, दिल्ली को 186 रनों का लक्ष्य

## रियान ने अश्विन के साथ चौथे विकेट के लिए 54 और पांचवें विकेट के लिए ध्रुव जुरेल के साथ 52 रन की आक्रामक साझेदारी की

रियान पराग

जयपुर, एजेंसी

रियान पराग की नाबाद 84 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में गुरुवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पांच विकेट पर 185 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

रियान ने 45 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के लगा कर आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उनकी ताबड़तोड़ पारी से टीम ने आखिरी सात ओवर में 92 रन जोड़े। राजस्थान की टीम आठ ओवर के बाद 38 रन पर तीन विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन रियान ने रविचंद्रन अश्विन (19 गेंद में 29 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 54 और पांचवें विकेट के लिए ध्रुव जुरेल (12 गेंद में 20 रन) के साथ 23 गेंद में 52 रन की आक्रामक साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करायी। उन्होंने शिमरोन हेटमायर (सात गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 16 गेंद में 43 रन की अटूट साझेदारी के दौरान आखिरी ओवर में एनरिच नोर्किया के खिलाफ तीन चौके और दो छक्के लगाकर 25 रन बटोरे। दिल्ली कैपिटल्स के पांचों गेंदबाजों को एक-एक सफलता मिली। खलील अहमद ने 24 और अक्षर पटेल ने 21 रन दिये तो वही कुलदीप यादव ने 41, नोर्किया ने 48 और मुकेश कुमार ने 49 रन लुटाये। दिल्ली के तेज गेंदबाजों ने शुरूआत में कसी हुई गेंदबाजी की। मुकेश ने पारी के दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल को बोल्ड कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी। कप्तान संजू सैमसन ने इस गेंदबाज के अगले ओवर में हैट्रिक चौके जड़े लेकिन छठे ओवर में खलील अहमद की गेंद को अपना 100वां आईपीएल मैच खेल रहे ऋषभ पंत के हाथों में खेल गये। पावरप्ले में राजस्थान की टीम दो विकेट पर 31 रन ही बना सकी। दूसरे छोर से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे जोस बटलर आठवें ओवर में कुलदीप यादव की गेंद पर पगबाधा हो गये। रियान ने नौवें ओवर में अक्षर के खिलाफ चौका जड़ा। यह राजस्थान का 31 गेंद के बाद पहला चौका था। अश्विन ने कुलदीप के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ने के बाद 11वें ओवर में नोर्किया के खिलाफ दो छक्के जड़कर बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे जाने के फैसले को सही साबित किया। दूसरे छोर से रियान ने भी कुलदीप के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन अक्षर ने 14वें ओवर में अश्विन को चलता किया। शानदार लय में चल रहे रियान ने 15वें ओवर से बड़ा शॉट खेलना शुरू किया।

**राजस्थान 185/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो मुकेश कुमार | 05 | 07 | 1/0 |
| जोस बटलर पगबाधा कुलदीप | 11 | 16 | 0/0 |
| संजू सैमसन का पंत बो खलील | 15 | 14 | 3/0 |
| रियान पराग नाबाद | 84 | 45 | 7/6 |
| रविचंद्रन अश्विन का स्टब्स बो अक्षर | 29 | 19 | 0/3 |
| ध्रुव जुरेल बो नोर्किया | 20 | 12 | 3/0 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 14 | 07 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-24-1, मुकेश 4-0-49-1, नोर्किया 4-0-48-1, अक्षर 4-0-21-1, कुलदीप 4-0-41-1

### अश्विन बोले- आश्चर्य होता है कि क्या आईपीएल क्रिकेट है

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि आईपीएल इतना 'विशाल' हो गया है कि कभी-कभी क्रिकेट पीछे चला जाता है और खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग और विज्ञापन शूटिंग के बीच तालमेल बैठाना मुश्किल हो जाता है। अश्विन ने 'क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट' पर कहा, ''आईपीएल में आने वाले एक युवा खिलाड़ी के रूप में मैं केवल बड़े सितारों से सीखना चाहता था। मैंने यह नहीं सोचा था कि आईपीएल अगले 10 वर्षों में कैसा दिखेगा। आईपीएल में इतने सारे सत्र खेलने के बाद मैं यह कह सकता हूं कि आईपीएल बहुत बड़ा है।'' उन्होंने कहा, ''कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि क्या आईपीएल क्रिकेट है भी क्योंकि (आईपीएल के दौरान) खेल पीछे चला जाता है। यह बहुत बड़ा है। हम विज्ञापन शूटिंग और सेट में अभ्यास करते हैं।''

# आईपीएल में जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगे आरसीबी-केकेआर

बेंगलुरु, एजेंसी

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा। **मैच का समय :** शाम 7.30 से।

पिछले मैच में मिली जीत से उनका हौसला बढा है लेकिन प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है और शुक्रवार को आईपीएल 2024 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर तथा कोलकाता नाइट राइडर्स अपेक्षा के अनुरूप खेल दिखाने के इरादे से उतरेंगी। आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्यायें बनी हुई हैं।

पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है। पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और 'इंपैक्ट खिलाड़ी' महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई। केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं। आरसीबी के लिये तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने पंजाब के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## वॉर्नर, स्टोइनिस, एगर सीए के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

**मेलबर्न।** वनडे और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, हरफनमौला एश्टोन एगर और मार्कस स्टोइनिस को वर्ष 2024-25 के लिये क्रिकेट आस्ट्रेलिया के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया है। विक्टोरिया के सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस और तेज गेंदबाज माइकल नासिर को भी अनुबंध नहीं मिल सका है। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार 23 खिलाड़ियों को अनुबंध दिये गए हैं। आस्ट्रेलिया को अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के अलावा भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है। वॉर्नर का अनुबंध से बाहर रखन तय था जो टी20 विश्व कप के बाद खेल को अलविदा कहने का ऐलान कर चुके हैं।

# सूर्यकुमार को मैच के लिए फिट होने में समय लगेगा

नयी दिल्ली, एजेंसी

दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है। मुंबई इंडियन्स के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं और उनकी टीम को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, ''सूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है।'' मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रामक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता क्योंकि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, ''बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी20 विश्व कप में खेलने की राह पर हैं या नहीं और वह इस स्थिति में है।''

## बॉलीवुड हलचल

# आलिया और शरवरी की फिल्म में विलेन बनेंगे बॉबी देओल

**मुंबई, एजेंसी।** यशराज प्रोडक्शन के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आने वाली हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी लेटेस्ट अपडेट सामने आई है। सुनने में आया है कि इस फिल्म में बॉबी देओल को विलेन के रोल में कास्ट कर लिया गया है। इस अनटाइटल्ड फिल्म में आलिया और बॉबी के अलावा शरवरी वाघ भी अहम रोल में नजर आएंगी। फिल्म से जुड़े एक सूत्र की मानें तो 'एनिमल' की सफलता के बाद बॉबी को विलेन के रोल ज्यादा ऑफर किए जा रहे हैं। इस फिल्म में भी वो आलिया और शरवरी से भिड़ते नजर आएंगे। बॉबी फिल्म से जुड़े पेपर वर्क पूरे कर चुके और इस साल के सेकेंड हाफ में वो इस फिल्म की शूटिंग पर जुटेंगे।' सूत्र ने यह जानकारी भी दी कि इस फिल्म में बॉबी स्पेशल लुक में नजर आएंगे। उन्हें इससे पहले कभी इस तरह के लुक में नहीं देखा गया। फिल्म के जरिए आलिया और बॉबी पहली बार किसी फिल्म में साथ काम भी करेंगे। बॉबी पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई आलिया के हस्बैंड रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' में विलेन के रोल में नजर आए थे।

# डिजिटल डेब्यू की तैयारी में अभिनेता अक्षय खन्ना

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना 49 साल के हो चुके हैं। ये जाने-माने एक्टर विनोद खन्ना के छोटे बेटे हैं। अक्षय ने पिता विनोद खन्ना के प्रोडक्शन में बनी फिल्म हिमालय पुत्र से बॉलीवुड डेब्यू किया था, लेकिन 1999 में हिट फिल्म ताल से इन्हें पॉपुलैरिटी मिली। अक्षय ने ताल, बॉर्डर, हलचल, हंगामा, गांधी माय फादर, रेस, दिल चाहता है जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। हालांकि, तब भी इन्हें फिल्म इंडस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला जिसके ये हकदार थे। 22 साल की उम्र में डेब्यू करने वाले अक्षय 19 साल की उम्र में बाल झड़ने की समस्या से जूझने लगे थे। करियर आगे बढ़ा तो अक्षय की ये समस्या और गहरी हो गई, जिसका असर उनके फिल्मी करियर पर भी पड़ने लगा। अक्षय ने फिल्मों से कुछ सालों का दो बार ब्रेक भी लिया। 27 साल के करियर में अक्षय करीब पांच साल तक घर बैठे। इनकी पिछली फिल्म दृश्यम 2 थी जो कि 2022 में रिलीज हुई थी। अक्षय अब अपने डिजिटल डेब्यू की तैयारी कर रहे हैं। वो रवीना टंडन के साथ वेब सीरीज 'लीगेसी' में नजर आएंगे।

# दीपिका पादुकोण का अजीब पोस्ट पढ़ परेशान हुए फैंस

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। रणवीर-दीपिका के घर जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। दीपिका इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में कपल ने पोस्ट शेयर कर अपने आने आने वाले बच्चे की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। इसी बीच मॉम टू बी दीपिका पादुकोण ने एक ऐसा पोस्ट किया है जिसे पढ़ने के बाद उनके चाहने वाले टेंशन में आ गए हैं। अपने इस पोस्ट में दीपिका ने महिलाओं की सफलता को लेकर बात की है। इसके अलावा भी एक्ट्रेस ने काफी कुछ लिखा है। दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट की है। अपने इस पोस्ट में दीपिका ने महिलाओं की सक्सेस पर तंज कसा है। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा कि "चारों तरफ देखें कि आप कहां हैं, देखें कि सफलता की परिभाषा बदलने के लिए आप क्या कर सकते हैं। ताकी आपके बाद आने वाली महिलाओं को ऐसा महसूस नहीं होगा कि सफलता और स्ट्रेस के बीच इसका चयन करना है।" दीपिका के प्रेग्नेंसी के दौरान के इस पोस्ट ने उनके फैंस की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि एक्ट्रेस ने ऐसा पोस्ट क्यों किया इसके पीछे की क्या वजह है इस बात की जानकारी नहीं हैं। मां बनने वाली हैं दीपिका पादुकोणबता दें कि रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने फरवरी में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'सितंबर 2024' लिखा था। तस्वीर के चारों तरफ बच्चों के खिलौने बने हुए थे। इस पोस्ट के सामने आने के बाद कपल के फैंस और स्टार्स ने उन्हें जमकर बधाई दी थी। शादी के लगभग पांच साल बाद कपल पेरेंट्स बनने जा रहा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# मलयेशिया यात्रा से रणनीतिक साझेदारी बढ़ेगी

● विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान रक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच हुई बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी



कुआलालंपुर में मलयेशिया के डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव के साथ जयशंकर।

सिंगापुर और फिलीपींस के दौरे के बाद केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर बुधवार को मलयेशिया पहुंचे। मलयेशिया की दो दिवसीय दौरे का समापन 28 मार्च को हो गया है। जयशंकर ने अपने दौरे का समापन मलयेशिया के डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव से मुलाकात के साथ की।

विदेश मंत्रालय आधिकारिक बयान ने कहा है कि मलयेशिया पारंपरिक और नए युग दोनों क्षेत्रों में मजबूत भारत-मलयेशिया संबंधों के लिए उनका दृष्टिकोण, हमें रिश्ते के लिए एक अधिक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने में मदद करेगा। क्षेत्रीय विकास पर उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि से लाभ हुआ है। जयशंकर ने भारत-मलयेशिया रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने में समर्थन के लिए प्रधानमंत्री अनवर का धन्यवाद किया। उन्होंने मलयेशिया के विदेश मंत्री हाजी मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इन दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक, व्यापार, आर्थिक, रक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में बातचीत हुई। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक हित के मुद्दों पर भी चर्चा की। केंद्रीय विदेश मंत्री जयशंकर ने डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव से भी मुलाकात की। जयशंकर ने मलयेशिया दौरे का समापन करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा, "डिजिटल मंत्री गोविंद सिंह देव के साथ मिलकर मैंने मलयेशिया में अपना कार्यक्रम संपन्न किया। हमने व्यावसायिक अवसरों को तलाशने से लेकर डिजिटल सहयोग पर चर्चा की।

# स्वदेशी निर्मित तेजस ने भरी सफल उड़ान

**2200** किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है लड़ाकू विमान

*नई दिल्ली। भारत में निर्मित स्वदेशी तेजस एमके1ए श्रृंखला का पहला लड़ाकू विमान ने गुरुवार को अपनी सफलतापूर्ण पहली उड़ान भरी है। बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित यह विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।*

## 15 मिनट तक हवा में रहा तेजस, पहली उड़ान पूरी की

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने हल्के लड़ाकू विमान (एलीएसी) तेजस एमके1ए सीरीज का पहला विमान तैयार किया है। विमान ने पहली सफल उड़ान बंगलूरू के आसमान में भरी है। एचएएल की तरफ से जारी बयान के मुताबिक 18 मिनट की सॉर्टी के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग प्रक्रिया पूरी की गई। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बताया कि गुरुवार को बंगलूरू में मेड इन इंडिया स्वदेशी एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान पूरी की गई। एचएएल अधिकारी ने बताया कि विमान अपनी पहली उड़ान के दौरान 15 मिनट तक हवा में रहा।

## फरवरी 2021 में हुआ था अनुबंध

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से जारी बयान के मुताबिक वैश्विक भू- राजनीतिक माहौल में आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों से निपटने के लिए फरवरी 2021 में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद एचएएल ने समय की मांग के अनुरूप डिजाइन तैयार किया। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए5033 का उत्पादन महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गुरुवार को इस उड़ान का संचालन सर्टिफिकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम (सीटीपी) से जुड़े ग्रुप कैप्टन केके वेणुगोपाल (सेवानिवृत्त) ने किया। बता दें, एचएएल इस मार्च के अंत तक वायुसेना को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट सौंप सकता है। इस लड़ाकू विमान को वायुसेना पाकिस्तान की सीमा से सटे राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरक्राफ्ट स्टेशन पर तैनात किया सकता है।

**50** हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ने में सक्षम है तेजस, विमान 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से भी हो सकता है लैस

## एचएएल ने साझा किया वीडियो

स्वदेशी विमान विनिर्माता- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल- एक्स पर लिखा कि तेजस एमके1ए विमान श्रृंखला के पहले विमान एलए5033 ने आज बंगलूरू में एचएएल के सेंटर से आसमान में उड़ान भरी। 18 मिनट की उड़ान (सॉर्टी) के साथ इसे सफल उड़ान की श्रेणी में गिना गया।

## विशेषताएं

- इस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की स्पीड की बात करें तो ये 2200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। यह अधिकतम 50 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसको 9 रॉकेट, बम और मिसाइल से लैस किया जा सकता है।
- इसमें हैमर और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें भी लगाने की तैयारी की जा रही है, जिससे पाकिस्तान जैसे दुश्मन की खैर नहीं होगी।
- तेजस मार्क 1 ए लड़ाकू विमान कई सुविधाओं से लैस है। इसमें मिशन कंप्यूटर, डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर, मल्टी फंक्शन डिस्प्ले, सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर, उत्तम रडार सिस्टम आदि शामिल है।

## एक नजर

### पुरुष होली पर महिलाओं की तरह सजधजकर कामदेव की करते हैं पूजा

**कुर्नूल।** आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले के संथेकुडलूर में होली को लेकर अनोखी परंपरा है। सदियों पुरानी इस परंपरा में यहां के पुरुष होली पर महिलाओं की तरह साड़ी-गहने पहनकर कामदेव की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान कामदेव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### बेरोजगारी जैसी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती सरकार

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि यह मानना गलत है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान कर सकती है। उन्होंने कहा, जब बेरोजगारी जैसी समस्याओं की बात आती है तो समाधान की तुलना में अंदाजा लगाना आसान होता है। नागेश्वरन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान की 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' के लॉन्च के अवसर पर बोल रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 के 54.2% से बढ़कर 2022 में 65.7% हो गई।

### मेक्सिको: 19 प्रांतों में फैली जंगल की आग, कई क्षेत्र प्रभावित

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में 19 प्रांतों के 120 जंगलों में आग फैल गई है। 7 हजार से ज्यादा हेक्टेयर भूमि आग की चपेट है। मैक्सिको सरकार ने बुधवार को रिपोर्ट जारी कर जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, देश के 19 राज्यों के 120 जंगलों में आग धधक रही है। हिडाल्गो प्रांत ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां अब तक 1,874 हेक्टेयर क्षेत्र आग की भेंट चढ़ गया है। हाल के दिनों में 42 स्थानों पर आग पर काबू पाया है, अब तक आग से दो हजार से ज्यादा हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। मैक्सिको प्रशासन ने कहा कि आग से आबादी क्षेत्र को कोई खतरा नहीं है।

### आतंकवादी इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी हथियार : पाकिस्तान

**रावलपिंडी।** टीटीपी, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और अन्य आतंकवादी संगठन अमेरिका निर्मित हथियारों से पाकिस्तान के खिलाफ हमले कर रहे हैं। हाल के महीनों में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है, देश भर में आतंकवादी समूहों ने नागरिकों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को निशाना बनाए जाने के कारण कई लोगों की जान चली गई है। आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान में छोड़े गए हथियारों का पाकिस्तान पर हमले के लिए जमकर उयोग कर रहे हैं।

# सीमा विवाद पर भारत-चीन के बीच शांति बनाए रखने पर बनी सहमति

## बीजिंग में डब्ल्यूएमसीसी 29वीं बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत-चीन सीमा विवाद के बीच दोनों देशों ने इस मामले को सुलझाने के लिए बीजिंग में एक बैठक की। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया कि भारत-चीन सीमा विवादों को लेकर बुधवार को चीन की राजधानी बीजिंग में एक बैठक आयोजित की गई।

समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 29वीं बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने की, उन्होंने बीजिंग में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। दूसरी ओर से चीन की तरफ से चीनी विदेश मंत्री इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधि के बीच भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्रों में वास्विक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को लेकर जारी विवाद पर चर्चा की गई। बैठक के बाद दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमति जताई है। मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से नियमित संपर्क बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। इससे पहले दोनों पक्षों के बीच पिछले साल नवंब में बैठक हुई थी। हाल ही में चीन अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया था। हालांकि, भारत ने इस दावे को खारिज कर दिया था। इससे पहले भी चीन कई बार अरुणाचल प्रदेश पर दावा कर चुका है, लेकिन विदेश मंत्रालय ने चीन के इन निराधार दावों को खारिज करते हुए कहा कि अरुणाचल उत्तरपूर्वी राज्य होने के साथ भारत का एक अभिन्न हिस्सा है। अरुणाचल के लोगों को भारत के विकास कार्यक्रम और परियोजनाओं का लाभ मिलता रहेगा।

बुधवार को बीजिंग में डब्ल्यूएमसीसी की 29वीं बैठक में मौजूद भारत-चीन का प्रतिनिधिमंडल।

### भारत-चीन के बीच संतुलन बनाना सबसे बड़ी चुनौती: जयशंकर

सिंगापुर में जयशंकर ने कहा था- मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती ये है कि भारत-चीन के बीच संतुलन कैसे बनाएं, दोनों देश 2 बड़ी ताकतें हैं जो आपस में पड़ोसी भी हैं। दोनों देशों का इतिहास और उनकी क्षमताएं उन्हें दुनिया से अलग करती हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच बातचीत जारी रखना अहम है। विदेश मंत्री ने कहा कि 2020 में हमें हैरानी हुई, जब चीन ने बॉर्डर पर कुछ ऐसा किया जो दोनों देशों के बीच हुए समझौते का उल्लंघन था। चीन ने दोनों देशों के बीच संतुलन बनाने की बजाए उसे बिगाड़ दिया।

## भारत से व्यापार की नीतियों में नहीं आया कोई बदलाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने साफ किया है कि भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से कायम करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। पाकिस्तान ने 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के भारत सरकार के फैसले के बाद व्यापार संबंध तोड़ने की घोषणा की थी।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की ओर से विदेश मंत्री इशाक डार के भारत के साथ व्यापार संबंधों पर लंदन में दिए बयान के बाद शुरू हुई थी। उक्त बयान में डार ने कहा था कि भारत के साथ व्यापार संबंध फिर से कायम करने के बारे में पाकिस्तान गंभीरता से विचार कर रहा है। डार का यह बयान पाकिस्तान के व्यापार जगत की भारत के साथ संबंध सामान्य करने की लगातार मांग के बाद आया था।

पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली को दूर करने के लिए भारत के साथ व्यापार संबंधों को जरूरी माना जा रहा है। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जेहरा बलोच ने गुरुवार को कहा कि भारत के व्यापारिक संबंध 2019 से अस्तित्व में नहीं हैं। पाकिस्तान की नीति में फिलहाल कोई बदलाव नहीं आया है।

# पाकिस्तान सुरक्षा में फेल, हम अपनी सेना लगाएंगे : चीन

बीजिंग, एजेंसी

● चीन की पाक को दो टूक- बलूच कबाइली के निशाने पर चीनी

चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर यानी सीपैक पर बढ़ते हमलों ने पाकिस्तानी सुरक्षा की पोल खोल दी है। चीन ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को दो टूक कहा है कि सुरक्षा मुहैया कराने में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियां फेल रही हैं। चीन सीपैक वाले बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत में अपने सैनिक तैनात करेगा। चीन के राजदूत जियांग जायडोंग ने शहबाज को राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ये संदेश बता दिया।

बता दें, पिछले सात दिन में बलूच हमलों में ग्वादर पोर्ट पर तीन चीनी अफसर घायल हो गए जबकि खैबर में कबाइली हमले में पांच चीनी इंजीनियर मारे गए। चीन इस बात से नाराज है कि पाक ने पहले भी चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का भरोसा दिया था, लेकिन हमले नहीं रुके। सुरक्षा जानकारों के अनुसार बलूचिस्तान और खैबर में चीन के सीपैक प्रोजेक्ट के प्रति स्थानीय लोगों में बेहद गुस्सा है। बलूच लिबरेशन आर्मी और खैबर में कबाइली हमलों के खिलाफ चीन हथियारबंद फौजियों की तैनाती के साथ-साथ जासूसी नेटवर्क भी तैयार करेगा। इसमें स्थानीय लोगों से मुखबिरी कराई जाएगी। चीन सरकार ने अलग से फंड देने का ऐलान किया है।

### हमले के बाद चीनी कंपनी ने बंद किया कारोबार

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दासू जलविद्युत परियोजना पर आतंकी हलमे में पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी, जिसके बाद चीन की कंपनी ने अशांत क्षेत्र में एक अन्य जलविद्युत परियोजना में अपने काम को बंद कर दिया है, साथ ही 2,000 से अधिक श्रमिकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। गौरतलब है कि जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे चीन के कर्मियों पर यह दूसरा आत्मघाती हमला था। हालांकि किसी भी आतंकी समूह ने इस बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

**बसंत की आहट...**

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में राजधानी श्रीनगर के बाहरी इलाके में बादाम के पेड़ों में इन दिनों फूल खिले हुए हैं। कश्मीर में ये बसंत ऋतु के आने का संकेत भी माना जाता है। इसे देखने के लिए हर साल हजारों पर्यटक भी यहां आते हैं। डाउनटाउन के रैनावाड़ी इलाके में स्थित बादामबाड़ी में लगे बादाम के सैकड़ों पेड़ों पर फूलों की कोपलें फूटने लगी हैं। मौसम अनुकूल रहा तो कुछ दिनों में यह कोपलें अपनी गुलाबी बहार के साथ पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार होंगी। ● एजेंसी

## गाजा: विमानों से गिराए फूड पैकेट के लिए मारामारी, 18 की मौत

**गाजा।** 23 लाख की आबादी वाले गाजा में भोजन संकट गंभीर होता जा रहा है। बुधवार को उत्तर गाजा से बेट लाहिया में विमानों से गिराए गए फूड पैकेज पाने की कोशिश में 18 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 12 लोग समुद्र में डूब गए और 6 की मौत भगदड़ में हुई।

फिलिस्तीन ने कहा कि विमान से राहत सामग्री गिराना बेकार है, इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन के विशेष दूत फ्रांसेस्का अल्बानीज ने आरोप लगाया कि इजराइल ने 6 माह से कम समय में गाजा पर 25 हजार टन विस्फोटक गिराया है, जो दो परमाणु बम के बराबर है। गौरतलब है कि जापान के हिरोशिमा पर गिराया गया अमेरिकी परमाणु बम 15 हजार टन का था।

# यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा ने बापू को किया नमन

● जयशंकर के न्योता पर नई दिल्ली पहुंचे यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच भारत की अपनी पहली यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचें हैं। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वे राजधानी दिल्ली स्थित महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पहुंचे। यहां उन्होंने बापू को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

गौरतलब है कि इससे पहले, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बुधवार को उनके दौरे के बारे में जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि उनकी यात्रा विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही है।

राजघाट पर बापू की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते दिमित्रो कुलेबा।

यात्रा के दौरान कुलेबा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर द्विपक्षीय साझेदारी और सहयोग पर चर्चा करेंगे। वह व्यापार जगत के लोगों के साथ बातचीत भी करेंगे। कुलेबा ने कहा, मेरे दौरे से भारत-यूक्रेन के रिश्ते और मजबूत होंगे। यूक्रेन और भारत को दो 'बड़े लोकतंत्र' बताते हुए कुलेबा ने कहा कि उन्हें यकीन है कि हम अच्छे साझेदार बनने के लिए तैयार हैं।

### रूस-यूक्रेन जंग का बातचीत से निकाले हल

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को कहा कि बातचीत और राजनय के जरिए रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रोत्साहन जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्विट्जरलैंड शांति शिखर सम्मेलन में भारत के रुख पर यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हम बातचीत और राजनय के माध्यम से रूसी-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 मार्च को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ अलग-अलग बातचीत की थी और जोर दिया था कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान के लिए बातचीत और राजनय ही आगे का रास्ता है। मोदी ने हालिया चुनाव में पांचवीं बार जीत हासिल करने के लिए पुतिन को बधाई देने की खातिर टेलीफोन पर बातचीत की थी।

**विज्ञान** ब्लैकहोल की नई तस्वीर से खुला आश्चर्यजनक रहस्य, वैज्ञानिकों ने कहा- ब्लैकहोल जेट बेहद खतरनाक

# आकाशगंगा के ब्लैकहोल में जेट छिपे होने का संकेत मिला

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ब्लैकहोल के रहस्यों की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने आकाशगंगा के ब्लैक होल की एक नई तस्वीर कैद की है। जिससे खुलासा हुआ है कि हमारी मिल्की वे के केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैकहोल में एक छिपा हुआ जेट हो सकता है।

आज से कुछ समय पहले तक माना जाता माना जाता था कि ब्लैकहोल अदृश्य महाशक्ति है, जिसकी तस्वीर भी शायद नही ली जा सकती है। उसके पास मौजूद तारों के जरिए इसकी पहचान संभव हो सकती है। मगर यह धारणा गलत साबित हुई है और ब्लैकहोल की तस्वीरें सामने आने लगी हैं, जो आधुनिक तकनीक के जरिए संभव हो पाया है। खगोलविदों ने मिल्की वे के सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए की पहली तस्वीर इवेंट होराइजन टेलीस्कोप से कैद की है।

यह रोमांचक तस्वीर है और ब्लैकहोल के कई राज उजागर कर सकती है। इसके भीतर एक छिपा हुआ जेट होने मौजूद होने की जानकारी मिली है। दरअसल ब्लैकहोल के जेट बेहद खतरनाक होते हैं। इसके सामने आने वाली किसी भी वस्तु को छिन्नभिन्न करने की शक्ति रखता है। इस तस्वीर से यह पता भी लगा है कि सभी ब्लैक होल मजबूत चुंबकीय क्षेत्र हो सकते हैं। इस जानकारी पिछली समझ को चुनौती देते हैं। अथार्थ भविष्य में ब्लैकहोल के कई नई जानकारी सामने आएंगी और पुरानी धारणाओं में बदलाव आएगा। इवेंट होराइजन टेलीस्कोप वही दूरबीन है, जिसने किसी महाविशाल ब्लैक होल की पहली प्रत्यक्ष तस्वीर खींचने में बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। अब नई तस्वीर ब्लैकहोल की समझ को आगे बढ़ाने वाली है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों ने द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में खोज को प्रकाशित किया है।

आकाशगंगा के केंद में मौजूद ब्लैकहोल की पहली तस्वीर।

### 2019 में मिली थी ब्लैकहोल की पहली तस्वीर

2019 में ब्लैक होल की पहली तस्वीर मिली थी। यह 5तस्वीर आकाशगंगा एम 87 के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल की थी। इवेंट होरिजन टेलीस्कोप ने यह तस्वीर खींची थी। तस्वीर मे प्रकाश का छल्ला नजर आया। जिसका केंद्र अंधकार में डूबा हुआ था। वास्तव में अंधेरे में डूबे केंद्र को ब्लैकहोल की छाया कहा जाता है। वास्तविकता यह है कि ब्लैक होल को नहीं देख सकते, क्योंकि प्रकाश भी उससे बच नहीं सकता।

# ब्रिटेन में सीसीटीवी से होगी मंदिरों की सुरक्षा

● सुनक 50 करोड़ आवंटित करेंगे सुरक्षा को लेकर लिया फैसला 2022 में कई मंदिरों पर हुए थे हमले

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में चुनावों से कुछ माह पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हिंदू मंदिरों की सुरक्षा के लिए बड़ा फैसला किया है। सुनक सरकार ने ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं की मांग के बाद मंदिरों की सुरक्षा के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट आवंटित करने का फैसला लिया है।

ब्रिटिश सरकार का कहना है कि गृह मंत्रालय हिंदुओं के धर्मस्थलों और चर्चों की सुरक्षा के लिए एक नई नीति बनाने पर काम कर रहा है। इस नई नीति के बनने के बाद में ब्रिटेन में मंदिरों को भी मस्जिदों की तरह सुरक्षा के लिए फंडिंग मिलेगी। गौरतलब है कि पीएम सुनक कई मंदिरों का दौरा करते रहते हैं।

दो साल पहले ब्रिटिश सरकार ने 300 करोड़ की धर्म स्थल सुरक्षा फंडिंग स्कीम की घोषणा की थी। इसमें से अधिकांश हिस्सा इस्लामिक संस्थाओं को जाता था।

वहीं, 35 करोड़ रुपये ही गैर मुस्लिमों को मिलते थे। इसमें से गुरुद्वारा को 7 करोड़ जबकि हिंदू मंदिरों को 2.5 करोड़ रुपये मिलते थे। जिसे लेकर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय में नाराजगी थी। कई हिंदुओं का कहना है कि धर्मस्थलों की सुरक्षा की फंडिंग में भेदभाव सही नहीं है। ब्रिटेन में 400 से अधिक हिंदू मंदिर हैं। सरकार द्वारा आवंटित राशि से हिंदू मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। जिससे चौबीसों घंटे सुरक्षा निगरानी हो सकेगी। पुलिस को हिंदू मंदिरों पर हमले के मामलों से निपटने के तरीकों की ट्रेनिंग पर खर्च किया जाएगा। 2022 में ब्रिटेन के लेंसेस्टर में कई मंदिरों को निशाना बनाया गया था।

## अमेरिका में चाकू मारकर चार लोगों की हत्या, 7 घायल

**रॉकफोर्ड।** अमेरिका के उत्तरी इलिनोइस में बुधवार को कई स्थानों पर एक व्यक्ति द्वारा चाकूबाजी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। मरने वालों में 15 वर्षीय किशोरी, 63 वर्षीय महिला, 49 वर्षीय व्यक्ति और 22 वर्षीय युवक शामिल है। उनके नाम पुलिस ने अभी उजागर नहीं किए हैं।

पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घटना के पीछे की मंशा का पता नहीं चल पाया है। राकफोर्ड पुलिस प्रमुख कार्ला रेड ने कहा कि दोपहर 1.14 बजे स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से इस संबंध में पहली काल मिली। उसके बाद अन्य कई काल आए। वहीं, इस जघन्य अपराध को अंजाम देने के पीछे के कारण का पता नहीं चल पाया है।